सुप्रभात
रांची, शनिवार
29.03.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

khabarmantralive.com

khabarmantra.net | चैत्र, कृष्ण पक्ष, अमावस्या, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 253





06 अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मायने अराजकता नहीं



झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

## झारखण्ड के लगभग 4 करोड़ लोगों का अबुआ बजट 2025-26



### ₹1 लाख 45 हजार 400 करोड़ का कुल बजट







**हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

मंईयां सम्मान के लिए
**₹13 हजार 363 करोड़ 35 लाख**



सामाजिक सुरक्षा के लिए
₹22 हजार 23 करोड़ 33 लाख 85 हजार

ग्रामीण क्षेत्र में आय के स्रोत के लिए
**12 करोड़** मानव दिवस सृजन

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों के लिए
MSME निदेशालय की स्थापना

बच्चों के लिए
**₹9 हजार 411 करोड़ 27 लाख**

किशोरियों के लिए
- सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना एवं
- मुख्यमंत्री कन्यादान योजना हेतु

**₹310 करोड़**



शिक्षा के लिए



प्रारंभिक/माध्यमिक के लिए
**₹15 हजार 198 करोड़ 35 लाख**

उच्च एवं तकनीकी के लिए
**₹2 हजार 409 करोड़ 20 लाख 96 हजार**

स्वास्थ्य सुविधा के लिए
₹7 हजार 470 करोड़ 50 लाख 86 हजार

पंचायती राज व्यवस्था के लिए
**₹2 हजार 144 करोड़ 78 लाख 14 हजार**

पेयजल के लिए
₹4 हजार 710 करोड़ 2 लाख 56 हजार

युवाओं को स्वरोजगार के लिए
**आसान और कम ब्याज पर लोन सुविधा**

उद्योग विस्तार के लिए
**₹486 करोड़ 31 लाख 61 हजार**



ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति
पलाश मार्ट को **₹30 करोड़**



किसानों के लिए
**₹259 करोड़**
से 118 गोदाम निर्माण

PRNO 349529 (IPRD) 24-25
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

### मुख्य सचिव की अध्यक्षता में नेशनल वाटर मिशन के राज्य आधारित एक्शन प्लान पर स्टीयरिंग कमेटी की बैठक

# जल संरक्षण के लिये अपनायें अभिनव तरीके : मुख्य सचिव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने झारखंड में जल संरक्षण के क्षेत्र में अभिनव तरीके अपनाने पर बल देते हुये अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे समन्वय बना कर इस दिशा में आगे बढ़ें। वह शुक्रवार को नेशनल वाटर मिशन के तहत राज्य आधारित एक्शन प्लान पर स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि झारखंड में जल संसाधन के क्षेत्र में हुए अध्ययन और आंकड़े के परिप्रेक्ष्य में उन्होंने कहा कि राज्य में पर्याप्त बारिश होती है। लेकिन हम उसे पूरी तरह रोक नहीं पा रहे हैं। ज्यादा से ज्यादा जल संरक्षण कैसे हो, इस दिशा में हमारा फोकस होना चाहिये। उन्होंने कहा कि देश के कई भागों में जल संकट चुनौती बनकर खड़ी हो चुकी है। झारखंड में अभी यह स्थिति नहीं है। लेकिन बढ़ती जनसंख्या और क्लाइमेट चेंज के दौर में झारखंड में भी यह स्थिति धीरे-धीरे बन सकती है। इसलिये, अभी से सचेत होकर इस दिशा में सार्थक पहल करने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि झारखंड में नेशनल वाटर मिशन के लिये जुटाये जा रहे पानी के खपत के आंकड़े जल संरक्षण और उसके प्रबंधन में हमारी काफी मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि पानी की किल्लत वाले देश इजराइल और साइप्रस किस तरीके और तकनीक के साथ इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। इस पर भी हमें ध्यान देना चाहिये। बैठक के दौरान बताया गया कि टाटा और बोकारो स्टील जैसी बड़ी कंपनियों को राज्य सरकार पानी की सप्लाई करती है। इसलिए इसके आंकड़े हैं और उनसे सैकड़ों करोड़ रुपये टैक्स भी मिलता है। लेकिन, जो उद्योग भूगर्भ जल का उपयोग करते हैं। उसका डेटा नहीं मिल पाता है। बताया गया कि भूगर्भ जल संरक्षण के लिए जल्द ही एक्शन प्लान लाने की तैयारी चल रही है।



गौरतलब है कि भारत सरकार के नेशनल वाटर मिशन का मुख्य मकसद जल संरक्षण के साथ पानी की बबार्दी को कम से कम करना है। साथ ही, मिशन का उद्देश्य राज्यों के समन्वित जल संसाधन, उसके विकास और प्रबंधन के द्वारा पानी का सामान वितरण सुनि॰ित करना है। चूकि हर राज्य का जल संसाधन अलग.अलग हैए इसलिए राज्य आधारित एक्शन प्लान बनाया जा रहा है। स्टेट स्पेसफिक एक्शन प्लान के लिए झारखंड सरकार के जल संसाधन विभाग ने झारखंड सेंट्रल यूनिवर्सिटी के साथ एमओयू किया है।

यूनिवर्सिटी विभिन्न विभागों से समन्वय कर झारखंड के जल संसाधन का डेटा तैयार कर रही है। यूनिवर्सिटी के अभी तक के अध्ययन और आंकड़े के अनुसार झारखंड में जल संरक्षण को लेकर अवसर और चुनौतियां दोनों हैं। राज्य की जल संरचना पुरानी पड़ती जा रही हैं। इसमें निवेश और नवीकरण की जरूरत है। राज्य में जल का उपभोग करनेवाले विभिन्न तरह के उपभोक्ताओं और सरकारी एजेंसी में तालमेल की कमी है। झारखंड बाढ़ और सूखे की दोहरी मार झेलता है। भूगर्भ जल प्रदूषण भी विचारणीय है।

वहीं राज्य में अनेक लोगों तक शुद्ध जल की उपलब्धता नहीं है। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में नगर विकास के प्रधान सचिव सुनील कुमार, जल संसाधन सचिव प्रशांत कुमार, कृषि सचिव अबु बक्कर सिद्दीख, नेशनल यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधि डॉ अजय समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## जेलों में लागू हो केंद्र की सिफारिशों के तहत निदेशालय प्रणाली : अजय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा प्रवक्ता अजय साह ने झारखंड कारा एवं सुधारात्मक सेवायें विधेयक 2025 पर अपनी कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि झारखंड में गिरती कानून व्यवस्था का एक प्रमुख कारण अप्रभावी जेल प्रणाली है। वर्तमान जेल व्यवस्था अपराधियों के मन में कोई भय उत्पन्न नहीं करती है। इससे अपराध पर नियंत्रण पाना मुश्किल हो गया है। जब तक अपराधियों को जेल जाने का डर नहीं होगा, तब तक अपराधों पर अंकुश नहीं लग सकता है।

> वर्तमान जेल व्यवस्था अपराधियों के मन में कोई भय उत्पन्न नहीं करती है। इससे अपराध पर नियंत्रण पाना मुश्किल हो गया है।

उन्होंने कहा कि झारखंड में पुलिस, होमगार्ड और जेल विभाग तीनों गृह विभाग के अंतर्गत आते हैं। पुलिस और होमगार्ड में निदेशालय प्रणाली लागू है। लेकिन जेल प्रशासन अभी भी ब्रिटिश कालीन निरीक्षणालय प्रणाली पर आधारित है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पुलिस आयोग की सिफारिशों के बाद लगभग सभी राज्यों ने पुलिस प्रशासन को निरीक्षणालय से निदेशालय में बदला। लेकिन झारखंड की जेल प्रणाली अब भी औपनिवेशिक व्यवस्था के अधीन चल रही है। उन्होंने भारत सरकार द्वारा जारी मॉडल जेल एवं सुधारात्मक सेवा अधिनियम, 2023 और मॉडल जेल मैनुअल 2016 का हवाला देते हुये कहा कि इन दस्तावेजों में जेल प्रशासन को प्रभावी बनाने के लिए निरीक्षणालय प्रणाली को समाप्त कर निदेशालय प्रणाली अपनाने की सिफारिश की गई है। उन्होंने कहा कि यदि निदेशालय प्रणाली लागू की जाती है, तो जेलों की सुरक्षा और प्रशासनिक दक्षता में व्यापक सुधार होगा। उन्होंने झारखंड सरकार से जेल प्रशासन में निदेशालय प्रणाली लागू करने और राष्ट्रीय स्तर की सिफारिशों को अपनाने की अपील की।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी डीसी के साथ की बैठक, कहा

# निर्वाचन के गाइडलाइंस को ध्यान में रखकर करें कार्य

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं ईआरओ को अपने स्तर पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक करना है। के रवि कुमार शुक्रवार को निर्वाचन सदन से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं निर्वाचन से जुड़े पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों से प्रप्त सुझावों का निर्वाचन के कानूनी प्रावधानों के अनुसारए इनके क्रियान्यवयन के लिये कार्य करें। उन्होंने सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निवार्ची पदाधिकारियों के लिये भेजे गये पीपीटी पर भी विस्तृत रूप से चर्चा किया एवं इसे बेहतर करने के लिये सूझाव भी मांगे।



उन्होंने कहा है कि राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों अथवा मतदाताओं द्वार मतदाता पहचान पत्र से संबंधित मामले संज्ञान में लाये जाते हैं। उनका ससमय निष्पादन सुनि॰ित करायें। उन्होंने कहा कि समय समय पर हो रहे मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रमों एवं सबों के सम्मिलित प्रयास से मतदाता सूची में सुधार हुआ है। मतदाताओं के पंजिकरण के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के गाइडलाइंस को ध्यान में रखकर सभी कंप्यूटर ऑपरेटर कार्य करें वे किसी प्रकार के शॉर्टकट का इस्तेमाल न करें। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2024 से संबंधित पुस्तिका का भी विमोचन किया गया। इस अवसर पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सहित वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी, ईआरओ, उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं निर्वाचन से संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।


e- Procurement Cell
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,
BUILDING CONSTURCTION DEPARTMENT
DIVISION NO-2, RANCHI, JHARKHAND

ई – प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

Tender Reference No-26/ 2024-25/ EE/ BCD/ Div-2, Ranchi Date:-29.03.2025

| क्र0स0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रु0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | Finishing & Furnishing Work in New Minister's Bungalow at Smart City Ranchi for the year 2024-25 | ₹ 12,94,02,100.00 | 04 महीना |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 11-04-2025 | |
| 3. | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि / समय | 21-04-2025 को अपराह्न 1.00 बजे | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि / समय / स्थान | 22-04-2025 को अपराह्न 1.00 बजे Room No- 326 A, 3rd Floor, Building Construction Department, Jharkhand Mantralaya, Dhurwa, Ranchi | |
| 5. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | Building Construction Department, Division No- 2, Ranchi. | |
| 6. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 6203309676 | |
| 7. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 7992430721 | |

Note- Cost of Bidding Document ( Not Refundable ) & Bid Security ( Security Deposit) Shall be Payable online through http: //Jharkhandtenders. Gov.in
Any Change can be seen on Website
http://jharkhandtenders.gov.in
Any other information can be seen on http:jharkhandtenders. gov.in

Nodal Officer,
e- Procurement Cell
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,
BCD, DIVISION NO-2, RANCHI

PR 349516 (Building)24-25*D


## राज्यपाल से मिले वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर

# भवन निर्माण मामले में प्रभारी रजिस्ट्रार एवं अन्य पर कार्रवाई करने का आग्रह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शुक्रवार को वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राज भवन में भेंट की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल का नीलाम्बर-पीताम्बर, पलामू के भवन निर्माण की गुणवत्ता एवं अनियमितता संबंधी जांच कराने के लिये आभार प्रकट किया। उन्होंने जांच में दोषी पाये गये प्रभारी कुलसचिव, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर, सीसीडीसी एवं प्रोक्टर आदि पर शीघ्र कार्रवाई करने के लिये पहल करने का आग्रह किया।

उन्होंने विश्वविद्यालय के भवन निर्माण की गुणवत्ता एवं अनियमितताओं संबंधी अन्य विषयों की स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने के लिए आग्रह किया।



मालूम हो कि राज्यपाल के समक्ष राधाकृष्ण किशोर द्वारा 13 फरवरी को नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय, पलामू के भवन निर्माण की गुणवत्ता के संदर्भ में शिकायत की गई थी।

राज्यपाल ने इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुये 3 सदस्यीय जांच समिति का गठन किया था। समिति ने स्थल निरीक्षण कर विभिन्न विसंगतियों की जांच कर राज्यपाल के समक्ष अपना प्रतिवेदन समर्पित किया। मौके पर वित्त मंत्री ने राज्यपाल को राज्य के 2024-25 के राजस्व संग्रहण एवं राज्य के विकास योजनाओं के संबंध में भी जानकारी प्रदान की।

## फर्जी बैंक गारंटी की जांच 24 घंटे में कर दें रिपोर्ट : मंत्री

**रांची।** झारखंड सरकार के उत्पाद विभाग में प्लेसमेंट एजेंसियों द्वारा फर्जी गारंटी जमा करने का मामला सामने आने के बाद मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने जांच के आदेश दिए हैं। मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने बताया कि उन्हें शिकायत मिली है कि तीन कंपनियों की बैंक गारंटी फर्जी है। शिकायत मिलने के बाद उन्होंने मामले को गंभीरता से लिया, इसके बाद जांच के आदेश दिए हैं। मंत्री ने कहा कि पूरे मामले में उत्पाद विभाग के आयुक्त से 24 घंटे के भीतर रिपोर्ट मांगी गई है। रिपोर्ट आने के बाद विभाग सख्त कार्रवाई करेगा।

उत्पाद व मद्य निषेद्य विभाग के पास प्लेसमेंट एजेंसियों का करोड़ों का बकाया है। बकाया राशि नहीं मिलने पर बैंक गारंटी जमा लेने का आदेश विभागीय मंत्री के द्वारा दिया गया था।

### खबर एक नजर में

## अवैध बालू कारोबार रैकेट को ध्वस्त करे ईडी : मरांडी

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी राज्य में आम जनता को सस्ता बालू नहीं मिलने के सवाल पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि राज्य में बालू के लिये हाहाकार मचा हुआ है। बालू के लिये आम जनता की जेब से मनमानी कीमत वसूली जा रही है। जब बालू घाट से निकलता है तो उसकी कीमत लगभग 5,000 होती है। लेकिन रांची पहुंचते- पहुंचते इसका दाम 45,000 के पार चला जाता है। उन्होंने कहा कि महज 60 किमी की दूरी में कीमत में नौ गुना इजाफा कोई संयोग नहीं। बल्कि एक संगठित अवैध कारोबार का नतीजा है। इसमें खुद मुख्यमंत्री, खनन माफिया, ट्रांसपोर्टर, अधिकारी और दलालों का गठजोड़ शामिल है। बालू घाट पर अवैध एंट्री, परिवहन के दौरान अवैध पासिंग और ब्लैक मार्केटिंग के माध्यम से आम जनता से भारी रकम वसूली जाती है। उन्होंने ईडी से पूरी मामले का संज्ञान लेकर कार्रवाई का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय संज्ञान लेकर झारखंड में चल रहे हजारों करोड़ के अवैध बालू कारोबार तंत्र को ध्वस्त करें। ताकि आम जनता को सस्ती कीमत पर पर्याप्त बालू उपलब्ध कराया जा सके और राजस्व के नुकसान को कम किया जा सके।

## नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी को लेकर दायर याचिका वापस

**रांची।** झारखंड नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी की चहारदीवारी समेत अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर दायर जनहित याचिका शुक्रवार को वापस ले ली गयी। प्रार्थी बार एसोसिएशन के अधिवक्ता राजीव कुमार ने अदालत से कहा कि इस याचिका में जो आग्रह किया गया था, वह पूरा हो गया है। इस कारण अब इस पर सुनवाई का औचित्य नहीं रह गया है। इसके बाद अदालत ने याचिका वापस लेने की अनुमति प्रदान कर दी। याचिका में यूनिवर्सिटी की चहारदीवारी, सुरक्षा के इंतजाम करने का आग्रह किया गया था।


Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd.
(CIN: U40108JH2013SGC001704)
Regd. Office: 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi-02
(E-mail:cetjusnl@gmail.com)

TENDER CANCELLATION NOTICE

Due to unavoidable circumstances, tender invited vide NIT no. 550/PR/JUSNL/2024-25 for Design, Engineering, supply, erection, testing & commissioning of line differential protection in under construction 400 kV D/C QM Katia – Patratu Transmission line on turnkey basis is hereby cancelled.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR No. 348353

Sd/-
General Manager,
C&M (NWBP)

PR 349457 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd) 24-25 (D)


## संगठन सृजन 2025 अभियान के तीसरे दिन कांग्रेस प्रभारी के राजू ने कहा, मिलकर टास्क पूरा करें

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** संगठन सृजन 2025 अभियान के तहत मंथन का तीसरा दिन दो सत्रों में संपन्न हुआ। शुक्रवार के सत्र में कार्यकारी अध्यक्ष मंत्री गण पूर्व मंत्रीगण विधायक पूर्व विधायक जिला अध्यक्ष राजनीतिक मामलों के समिति के सदस्य शामिल हुए। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू उपस्थित थे, जबकि बैठक की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने किया। बैठक में मुख्य रूप से विजेंद्र सिंगला एवं शशिकांत सेंथिल सांसद भी उपस्थित थे। मंथन परिचर्चा की शुरूआत करते हुए विषय प्रवेश करते हुए केशव महतो कमलेश ने उपस्थित मंत्रियों एवं विधायकों तथा जिला अध्यक्षों को दी जाने वाले टास्क की जानकारी दी। बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए के राजू ने कहा कि पूरे झारखंड भ्रमण के दौरान जमीनी स्तर के कार्यकताओं की बातों को सुना। दो दिनों से विभिन्न सत्रों में पदाधिकारी की बातों को भी सुना। उन्हें आगे आने वाले 100 दिनों के लिए टास्क दिया गया है। जिला अध्यक्षों को दिए जाने वाले टास्क को पूरा करने के लिए सहयोग को लेकर वरीय नेताओं को पर्यवेक्षक बनाया गया है। जिला अध्यक्षों को जिला समिति प्रखंड अध्यक्षों की नियुक्ति को पूर्ण करना है हर माह लगातार बैठक आयोजित करना है उन बैठकों में मुद्दों पर चर्चा करके उनके संबंध में निर्णय लेना है। आने वाले दिनों में जिला समिति को मजबूत करने के लिए गुजरात में एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट की गुजरात में समाप्ति के बाद झारखंड मेयर प्रोजेक्ट शुरू किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट के तहत विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों के चयन में जिला अध्यक्षों को भागीदार बनाया जाएगा। जिला समिति यदि कर्तव्यों का निर्माण कर अपनी समिति को मजबूत बनाएगी तो अधिकार भी दिया जाएगा। युवा कांग्रेस को भी जिम्मेदारी दी गई है। जिग वर्कर्स के सामाजिक सुरक्षा के लिए उन्हें काम करना है। राजस्थान तेलंगाना की भर्ती यहां भी जिग वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है। सरकार ने इस पर संज्ञान लिया है। गिग वर्कर से संपर्क स्थापित कर उनकी समस्याओं को जानकर सरकार तक पहुंचाना है।

## परिसीमन समय की मांग व संविधानिक प्रावधान : राजेंद्र प्रसाद

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने परिसीमन को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बयान को अनुचित बताया है। उन्होंने कहा कि परिसीमन करना समय की मांग है। इससे बहुसंख्यक सदान को न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि मूलवासी सदानों को सरकार के द्वारा कोई अलग मान्यता नहीं से मिली है। इससे कारण राज्य के 74 प्रतिशत गैर आदिवासी के साथ मूलवासी सदान का भी गिनती होती है। उन्होंने कहा कि मूलवासी सदान झारखंड में दोयम दर्जे का नागरिक बनकर रह गये हैं। उन्होंने कहा कि परिसीमन होने से विधानसभा की सीट भी बढ़ेगी और विधानसभा का पुनर्गगठन होगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं की आरक्षण को लेकर भी परिसीमन कराना आवश्यक है।

## बोकारो डीसी के आदेश पर सील रिसोर्ट को 24 घंटे में खोलने का निर्देश

**रांची।** हाइकोर्ट ने ललन पांडेय की याचिका पर सुनवाई के बाद बोकारो में सील किये गये रिसोर्ट को 24 घंटे में खोलने का निर्देश दिया है। न्यायालय ने राज्य सरकार की ओर से इस मामले में शपथ पत्र दायर नहीं करने की वजह से यह आदेश दिया। साथ ही इस मामले की अगली सुनवाई के लिए पहली मई की तिथि निर्धारित की है। उपायुक्त के आदेश के आलोक में नौ जनवरी 2025 को रिसोर्ट सील कर दिया गया था। ललन पांडेय ने हाईकोर्ट में एक याचिका दायर कर बोकारो जिला प्रशासन द्वारा रिसोर्ट सील करने की कार्रवाई को चुनौती दी थी। याचिका में यह कहा गया था कि ललन पांडेय ने यह जमीन 1983 में खरीदी थी। जमीन पर उसका कब्जा बरकरार है. जमीन पर रिसोर्ट बनाने के लिए नक्शा भी स्वीकृत कराया गया है। लेकिन उपायुक्त ने बिना किसी नोटिस के रिसोर्ट को सील करने का आदेश दिया था। इस आदेश के बद रिसोर्ट सील कर दिया गया। याचिका में कहा गया था कि उपायुक्त के रिसोर्ट सील करने का अधिकार नहीं है। प्रशासन उसे परेशान कर रहा है। प्रशासन ने पहले जमीन को प्रतिबंधित सूची में डाला। इसके बाद भू-सुधार अधिनियम के तहत कार्रवाई शुरू की। न्यायालय ने याचिका में उठाये गये बिंदुओं पर सरकार को शपथ पत्र दायर कर अपने पक्ष पेश करने का आदेश दिया था। लेकिन सरकार की ओर से कोई शपथ पत्र दायर नहीं किया है। न्यायालय ने शपथ पत्र दायर नहीं करने को गंभीरते से लिया। साथ ही यह भी कहा कि ऐसा लगता है कि सरकार इस विवाद को आराम से ले रही और अपने वकील को इस मामले में कोई दिशा निर्देश नहीं दे रही है।


कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, रॉंची
शिक्षा विभाग परिसर, पो0–कोर्ट कम्पाउण्ड, रॉंची–834001,
फोन– 2215544, ईमेल न0–rmsaranchi0651@gmail.com

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, रांची के ज्ञापांक 296(ii) / वि0 दिनांक 26.03.2025 के निदेशानुसार माननीय श्री दिपक प्रकाश, राज्यसभा सांसद, रांची क्षेत्र अन्तर्गत आने वाले माध्यमिक विद्यालयों, कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालयों, मॉडल विद्यालयों के कुल–25 (पच्चीस) विद्यालयों में अध्ययनरत् छात्रों के ज्ञानोपार्जन एवं उनके बौद्धिक विकास हेतु पुस्तकों की सूची तथा राशि उपलब्ध कराई गई है। माननीय (राज्यसभा) सांसद द्वारा अनुशंसित बहुपयोगी पुस्तकों के क्रय / आपूर्ति हेतु प्रतिष्ठित पुस्तक प्रकाशकों / आपूर्तिकर्ताओं / पुस्तक विक्रेताओं से दिनांक 07.04.2025 के अपराह्न 12.30 बजे तक मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता संबंधित पुस्तकों की सूची किसी भी कार्यदिवस को (कार्यालय अवधि में) अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त निविदाएँ स्वीकृत नहीं की जाएगी। निर्धारित तिथि एवं समय तक प्राप्त मुहरबंद निविदाएँ दिनांक 07.04.2025 को अपराह्न 03.00 बजे गठित समिति के समक्ष अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में खोली जाएगी। जिसमें निविदादाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।

1.शेष शर्तें यथावत रहेंगी।
2.पुस्तकों की सूची की जानकारी के लिए रांची जिला के बेबसाईट www.nicranchi.in पर देखा जा सकता है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी, रॉंची

PR 349454 (Human Resource Developement)24-25*D


# बजट सत्र : सदन में समय का हुआ सदुपयोग : स्पीकर

### स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने कहा कि 1195 प्रश्न स्वीकृत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र के समापन पर स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने कहा कि 24 फरवरी से शुरू हुए सत्र में 27 मार्च तक कुल 20 कार्य बैठकें हुईं। यह बजट सत्र कई दृष्टिकोण से यादगार रहा। लंबे अंतराल के बाद हम सब ने मिलकर सदन के समय का जिस तरह सदुपयोग किया। बजट सत्र में सदन कुछ घंटो के लिये बाधित रहा। शत प्रतिशत समय राज्य की जन आकांक्षाओं को पूरा करने के उद्देश्य से भरा रहा है। यह पक्ष-विपक्ष के सहयोग से संभव हो पाया। इस सत्र में कुल 1195 प्रश्न स्वीकृत हुये। इनमें से स्वीकृत अल्पसूचित प्रश्नो की संख्या 246 एवं तारांकित प्रश्नो की संख्या 851 है। इनमें से 59 अल्पसूचित तथा 66 तारांकित प्रश्न सदन में उत्तरित हुये। विभागों से 1074 प्रश्नों के उत्तर प्राप्त हुये। 464 शून्यकाल स्वीकृत हुये। 95 स्वीकृत ध्यानाकर्षण सूचनाओं में से 62 ध्यानाकर्षण सूचनाएं उत्तरित हुईं। 30 लंबित ध्यानाकर्षण सूचनाओं को प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति को सौंपा गया। सत्र में कुल 83 निवेदन सदस्यों से प्राप्त हुये।



स्पीकर ने बताया कि सदन में विनियोग विधेयक सहित कुल 5 विधेयक पुरःस्थापित हुये। इन्हें पारित किया गया। बजट सत्र की शुरूआत राज्यपाल के अभिभाषण से हुई थी। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सदन में वित्तीय वर्ष 2025-26 का 1 लाख 45 हजार 400 करोड़ का बजट पेश किया। सभा ने इसे सहमति प्रदान की।

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात
रांची, शनिवार
29.03.2025
नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र


khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net
चैत्र, कृष्ण पक्ष, अमावस्या, संवत् 2081
मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 253



12 दुनिया भी स्वीकार रही भारत का विकास मॉडल

**रोजा का समय**
**सेहरी** (30.03.2025): 04.21 बजे
**इफ्तार** (29.03.2025): 06.04 बजे




## न्यूज डायरी

### भूकंप से मोदी की थाईलैंड यात्रा पर असर नहीं होगा

**नयी दिल्ली।** थाईलैंड और म्यांमार में शुक्रवार को आये विनाशकारी भूकंप के कारण चार अप्रैल को बैंकॉक में होने वाले 6वें बिम्सटेक शिखर सम्मेलन पर कोई असर नहीं आयेगा। आयोजन और पीएम मोदी के तीन अप्रैल से छह अप्रैल तक थाईलैंड और श्रीलंका की यात्रा का कार्यक्रम पर कोई फर्क नहीं पड़ा है।

### हत्या के विरोध में पंडरा में रोड जाम, आगजनी

**रांची।** पंडरा ओपी क्षेत्र में गुरुवार की रात जूता कारोबारी की हत्या से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने झिरी चौक के पास आगजनी कर सड़क को पूरी तरह से अवरुद्ध कर दिया है। आक्रोशित भीड़ ने सड़क पर उतरकर जितने भी दुकान खुले थे सभी को जबरन बंद करवा दिया। जगह-जगह टायर जला कर रास्ते को पूरी तरह से बंद कर दिया गया। पुलिस प्रशासन ने जाम कर रहे लोगों को समझा- बुझा जाम खत्म कराया। भीड़ के द्वारा पंडरा बाजार को भी पूरी तरह से बंद करवा दिया। अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर स्थानीय लोग सड़क पर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे।

### भारत 156 प्रचंड चॉपर खरीदेगा, रक्षा सौदा मंजूर

**नयी दिल्ली।** भारत ने 156 मेड इन इंडिया प्रचंड हेलीकॉप्टर खरीदने का फैसला लिया है। ये लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर (एलसीएच) हैं। रक्षा अधिकारी के हवाले से एक रिपोर्ट में कहा गया है कि यह अब तक का सबसे बड़ा रक्षा सौदा है, जिसे केंद्र सरकार ने मंजूरी दी है। सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की शुक्रवार को हुई बैठक में यह फैसला लिया गया।

### जंगली हाथी ने महिला समेत दो को मार डाला

**गुमला।** गुरुवार की शाम जिले के पालकोट प्रखंड के तपकारा व डहुपानी पंचायत में एक जंगली हाथी ने एक महिला समेत दो लोगों को मार डाला। वहीं हाथी के हमले में तीन लोग घायल हो गये। अजय मिंज (40) और खीस्टोफर एक्का (60) को हाथी ने अपने सूंढ़ से उठाकर पटक दिया। गंभीर रूप से घायल खीस्टोफर को ऐम्बुलेंस द्वारा ईलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला लाया गया जहां उसने दम तोड़ दिया।

### आज साल का पहला सूर्य ग्रहण

**वाराणसी।** पंचांग के अनुसार इस साल शनि अमावस्या के दिन कर्म शनिदेव मीन राशि में गोचर कर रहे हैं वहीं इसी दिन साल का पहला सूर्य ग्रहण भी लगेगा। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार यह दिन खास है लेकिन इस दिन एक आंशिक सूर्य ग्रहण होने के कारण कुछ सावधानियां बरतना जरूरी है।




# म्यांमार व बैंकॉक में भूकंप से हजारों हताहत

## भूकंप की तीव्रता 7.7 थी, नाव की तरह डोली रही थी इमारतें, थाईलैंड में इमरजेंसी, मदद की अपील

### +66 618819218 भारत ने आपात नंबर जारी की पूर्वोत्तर भारत में डी झटके कहीं से क्षति की खबर नहीं

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** महाविनाशक भूकंप की वजह से म्यांमार और थाईलैंड थर्रा गया है। भूकंप की वजह से अमेरिका ने हजारों लोगों के मरने की आशंका जाहिर की है। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 7.7 दर्ज की गयी है। बीएनओ न्यूज ने यूनाइटेड स्टेट जियोलोजिकल सर्वे के हवाले से बताया है कि भूकंप के तेज झटके की वजह से थाईलैंड और म्यांमार में हजारों लोगों की मौत हो सकती है। दोनों ही देश भारत के पड़ोस में है। भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में भी भूकंप का असर दिखा। जनहानि को देखते हुए थाईलैंड में इमरजेंसी की घोषणा की है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय से मदद की अपील की गयी है। तेज भूकंप से म्यांमार में एक मस्जिद के ढह जाने से वहां नमाज अदा कर रहे 25 से अधिक लोगों की मौत हो गयी। भूकंप में नाव की तरह डोली रही थी ऊंची-ऊंची इमारतें। कई टावर गिरे पड़े। सड़के धंस गयीं। सड़कों पर पानी बहने लगा। बैंकॉक में मेट्रो और ऊंची इमारतें भी प्रभावित हुईं। सौंकड़ों उड़ाने रद्द कर दी गयीं हैं। भूकंप से लोग अब भी दहशत में हैं।

**लगातार दो झटके आये :** म्यांमार में 7.7 तीव्रता के भीषण के 12 मिनट बाद ही 6.4 तीव्रता का आफ्टरशॉक महसूस किया गया। थाईलैंड में भी भूकंप के शक्तिशाली झटके महसूस किये गये। भूकंप ने थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक और म्यांमार में तबाही मचा दी है। हजारों लोग अब भी लापता हैं। भूकंप के तेज झटके से बैंकॉक के चटुचक में एक निमार्णाधीन बिल्डिंग जमींदोज हो गयीं। बिजली पोल गिर गये। (शेष पेज 11 पर)



### दोनों देशों में आपातकाल, म्यांमार में 144 की मौत की पुष्टि, हजारों लापता

थाईलैंड के पीएम ने भूकंप के बाद बैंकॉक में आपातकाल लगा दिया है। वहीं म्यांमार में आपातकाल लगा दिया गया है। म्यांमार में कम से कम 144 लोगों की मौत पुष्टि की गयी। एक हजार लोग लापता हैं। म्यांमार की सैन्य सरकार के प्रमुख ने कहा कि मृतकों और घायलों की संख्या बढ़ने की आशंका है। शुक्रवार को म्यांमार और थाईलैंड अलावा चीन, बांग्लादेश और भारत में भी धरती डोली। भारत में जानमाल की क्षति की कोई खबर नहीं है।

### पीएम मोदी चिंतित, हर संभव मदद को तैयार

पीएम मोदी ने म्यांमार और थाईलैंड में आये शक्तिशाली भूकंप पर चिंता जाहिर की है। उन्होंने दोनों सरकारों को हर संभव मदद देने का वादा किया है। शुक्रवार को उन्होंने कहा, वहां की स्थिति से चिंतित हूं। सभी की सुरक्षा की प्रार्थना करता हूं। उन्होंने कहा, भारत हर संभव सहायता को तैयार है। विदेश मंत्रालय से वहां की सरकारों के संपर्क में रहने को कहा है।

# दो भाइयों की रिमिक्स फॉल में डूबने से मौत

## आठ दोस्तों संग घूमने गये थे, रांची के कोकर के रहनेवाले थे दोनों युवक

### पिता ने बाइक से जाने मना किया था, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** खूंटी जिले के मारंगहादा थाना क्षेत्र स्थित रीमिक्स फॉल में डूबने से कोकर रांची निवासी दो सगे भाइयों की मौत हो गयी। मृतकों की पहचान अयोध्यापुरी, कोकर निवासी शुभम कुमार (16) और राज कुमार (13) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को रांची के आठ युवक चार पहिया वाहन से घूमने के लिए रिमिक्स फॉल पहुंचे थे। दोपहर करीब 12 बजे सभी युवक झरने के पास नहा रहे थे। उसी दौरान शुभम और राज नदी की तेज धारा में बहकर गहरे पानी में चले गये। जहां तेज बहाव के कारण वे डूब गये। एक साथ दो बेटों को खो देने से माता-पिता व परिजनों का रो-रो कर हाल बेहाल है। मुहल्ले में भी मातम पसरा हुआ है। (शेष पेज 11 पर)



### जमीन विवाद में हमला पिता की मौत, पुत्र गंभीर

**गिरिडीह।** जमीन विवाद में हिंसक झड़प में एक की मौत हो गयी और एक अन्य घायल हो गया। यहां एक दीवार को लेकर गोतिया आपस में भिड़ गये। इस दौरान दोनों तरफ से लाठियां चलीं। घटना में एक व्यक्ति व उसके पुत्र के सिर पर गंभीर चोट लगी। घायल व्यक्ति को सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां पर उसने दम तोड़ दिया। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बदडीहा गांव की है। मृतक इसी गांव का निवासी अशोक राम ऊर्फ पप्पी राम था, जबकि घायल पप्पी राम का पुत्र है। घायल पुत्र का इलाज अस्पताल में चल रहा है। घटना को लेकर बताया जाता है कि अशोक राम और उसके गोतिया कैलाश राम के बीच एक दीवार को लेकर कई वर्षों से विवाद चल रहा था। शुक्रवार को इसी दीवार को लेकर दोनों में भिड़ंत हो गई। जिसके बाद दोनों पक्ष में हिंस मारपीट हो गयी।

## अलविदा जुम्मा की नमाज अदा की गयी



**शहर की विभिन्न मस्जिदों में पूरी अकीदत के साथ अलविदा रमजान की आखिरी जुम्मा की नमाज अदा की गयी। हजारों की संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने नमाज अदा की। आखिरी जुम्मा इसके बाद सीधे ईद की नमाज होगी। नमाज के दौरान हजारों की तादाद में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने नमाज अदा करने के बाद हाथ में काली पट्टी बांध कर वक्फ संशोधन बिल को लेकर केंद्र सरकार के इस फैसले का विरोध जताया।**

# मार्च लूट रोकने को वित्त विभाग अलर्ट

## 31 नहीं 29 ही होगा वित्तीय वर्ष का अंतिम कार्यदिवस, निर्देश जारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सरकार मार्च लूट रोकने के लिए अलर्ट मोड पर है। इसको लेकर वित्त विभाग की ओर से निर्देश जारी किये गये हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 का अंतिम कार्यदिवस 31 मार्च के बजाय 29 मार्च को ही होगा। इस वित्तीय वर्ष के अंतिम समय में होनेवाली निकासी को लेकर वित्त विभाग ने गाइडलाइन जारी करते हुए सभी ट्रेजरी और संबंधित बैंकों को अंतिम शनिवार होने के बाबजूद खोलने के निर्देश दिये हैं। जारी निर्देश के तहत 29 मार्च को राज्य सरकार के कोषागार में देर रात तक कामकाज होगा।

### ट्रेजरी और बैंकों को निर्देश

बहरहाल इस वित्तीय वर्ष के समापन पर 29 मार्च को होनेवाले निकासी को लेकर सभी कोषागार और संबंधित बैंकों के कामकाज पर नजर रखी जा रही है। इसके लिए वित्त विभाग से लेकर आरबीआई में अधिकारियों को विशेष रुप से जिम्मेदारी दी गयी है।

### रात 11 बजे तक कामकाज होगा

वित्त विभाग के पत्र के अनुसार सभी कोषागार, उपकोषागार एवं संबंधित बैंकों की शाखाएं रात 11 बजे तक खुली रहेगी. इसके लिए कोषागार में अपराह्न 3 बजे तक विपत्र प्राप्त किए जाएंगे जिसका भुगतान रात 10 बजे तक ही होगा। दरअसल रविवार, ईद और सरहुल को लेकर 30 मार्च से 1 अप्रैल तक लगातार सरकारी छुट्टी है। ऐसे में वित्तीय वर्ष के समापन मौके पर होनेवाली परेशानी को देखते हुए रिजर्व बैंक के निर्देश पर राज्य सरकार का वित्त विभाग ने इस तरह का फैसला लिया है।

### लूट रोकने को सरकार सख्त



वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर के अनुसार सरकार पूरी तरह सतर्क है, किसी भी कीमत पर मार्च लूट नहीं होगी। सरकारी गाइडलाइन के तहत कोषागार से पैसों की निकासी होगी। उन्होंने कहा कि सरकार की पूरी नजर है यदि किसी योजना के दो लगातार वित्तीय वर्ष की पीएल एकांउट में राशि पड़ी हुई है तो वित्त विभाग को कोई आपत्ति नहीं है। वैसी राशि जो दो वर्ष से अधिक वर्ष से पीएल एकांउट में रखी हुई है उसके वैधीकरण की नहीं दी जा रही है। आखिर चार दिनों में वित्त वर्ष का समापन हो रहा है तो खर्च कैसे होगा।

## 8वें वेतन आयोग से पहले केंद्रीय कर्मियों को मिली बड़ी सौगात

# सरकार ने डीए-डीआर बढ़ाया 1.15 करोड़ को होगा फायदा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** मोदी सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते (डीए) और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई राहत (डीआर) में 2% की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। शुक्रवार को हुई कैबिनेट मीटिंग में बढ़ोतरी पर फैसला हुआ। इससे पहले जुलाई 2024 में सरकार ने 3% बढ़ोतरी की गयी थी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को सातवें वित्त आयोग के तहत केंद्रीय कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते में 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी को अपनी मंजूरी दे दी है। महंगाई भत्ते में इस बढ़ोतरी के बाद पेंशनभोगियों का महंगाई भत्ता और पेंशनभोगियों को महंगाई राहत 53 प्रतिशत से बढ़कर 55 प्रतिशत हो जायेगा। 2 प्रतिशत की नयी बढ़ोतरी 1 जनवरी 2025 से प्रभावी मानी जायेगी। केंद्रीय कर्मचारियों को जनवरी और फरवरी महीने के साथ मार्च का भी महंगाई भत्ता उनकी सैलरी में जोड़कर दिया जाएगा।



**एक वर्ष में की जाती है दो बार वृद्धि :** सातवें वित्त आयोग के तहत केंद्रीय कर्मचारियों के लिए एक वर्ष में महंगाई भत्ते में दो बार बढ़ोतरी की जाती है, जो कि छमाही आधार पर की जाती है। केंद्रीय कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते में इससे पहले जुलाई 2024 में बढ़ोतरी की गयी थी। (शेष पेज 11 पर)

# झारखंड को अग्निशमन सेवा सुधारने को मिले 147.97 करोड़

## पांच राज्यों के लिए केंद्र ने 1604 करोड़ राशि की दी मंजूरी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार नेझारखंड, बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र और केरल में अग्निशमन सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए 1,604 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इसके अलावा सिक्किम में आपदा से उबरने और पुनर्निर्माण परियोजनाओं के लिए भी 555 करोड़ रुपए की राशि मंजूर की गयी है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में शुक्रवार को यहां हुई एक उच्च-स्तरीय समिति की बैठक में ये निर्णय लिये गये।

### किस राज्य को कितनी राशि

श्री शाह की अध्यक्षता में हुई समिति ने झारखंड के लिए 147.97 करोड़, बिहार के लिए 340.90 करोड़ , गुजरात के लिए 339.18 करोड़ , केरल के लिए 162.25 करोड़ और महाराष्ट्र के लिए 614.09 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है। गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि केन्द्र सरकार ने राज्यों में अग्निशमन सेवाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के तहत कुल 5,000 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं। बीस राज्यों के प्रस्तावों की 3,373.12 करोड़ रुपए की कुल राशि भी मंजूर की जा चुकी है। मौजूदा वित्त वर्ष में केन्द्र सरकार ने राज्य आपदा मोचन निधि के तहत 28 राज्यों को 19,074.80 करोड़ रुपए और राज्य आपदा न्यूनीकरण कोष के तहत 16 राज्यों को 3,229.35 करोड़ रुपए जारी किए हैं।

# कोलकाता में लेडी डॉक्टर से नहीं हुआ था गैंगरेप

## सीबीआइ का खुलासा, हाइकोर्ट में सौंपी रिपोर्ट, अगली सुनवाई 14 को

**एजेंसी**

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के कोलकाता के सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ट्रेनी महिला डॉक्टर के साथ कोई सामूहिक दुष्कर्म नहीं हुआ था। एक व्यक्ति ने ही उसके साथ दुष्कर्म किया था। सीबीआई ने शुक्रवार को कलकत्ता हाई कोर्ट को यह जानकारी दी। डॉक्टर की मौत के मामले में सीबीआई ने सामूहिक बलात्कार की संभावना को खारिज कर दिया है। सीबीआई अब सबूतों से छेड़छाड़ और फेरबदल के एंगल से जांच कर रही है। इस मामले में आरोपी संजय रॉय को आजीवन कारावास की सजा दी गयी है। सीबीआई ने विशेष अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए दोषी को मौत की सजा की मांग की है। न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष की एकल पीठ पिछले साल अगस्त में एक महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या से संबंधित मामले की सुनवाई कर रही है। मामले की अगली सुनवाई दो हफ्ते बाद 16 अप्रैल को होगी।



**सीबीआई ने कोर्ट में सौंपी रिपोर्ट :** शुक्रवार दोपहर को, सीबीआई ने मामले में जांच की प्रगति पर कोलकाता की एक विशेष अदालत को तीन पन्नों की स्थिति रिपोर्ट भी सौंपी.। स्थिति रिपोर्ट उसी विशेष अदालत में प्रस्तुत की गयी, जिसने हाल ही में मामले में एकमात्र दोषी संजय रॉय को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। शुक्रवार को, सीबीआई ने मामले में केस डायरी भी न्यायमूर्ति घोष की पीठ को सौंपी, जैसा कि 24 मार्च को सुनवाई के पहले दिन न्यायमूर्ति घोष ने निर्देश दिया था। शुक्रवार को सीबीआई ने हाइकोर्ट में यह खुलासा किया कि सामूहिक दुष्कर्म नहीं बल्कि एक व्यक्ति ने अपराध को अंजाम दिया था। आरोपी संजय राय को आजीवन कारावास मिला। तीन नये संदिग्धों की कॉल डिटेल्स खंगाली जा रही हैं। अदालत ने पिछली सुनवाई में सीबीआइ से इस मुद्दे पर स्पष्टीकरण मांगा था। केंद्रीय जांच एजेंसी ने अदालत को बताया कि अब तक के सभी पहलुओं की जांच में यह निष्कर्ष सामने आया है। हाइकोर्ट ने मामले में पुलिस की केस डायरी मांगी है। (शेष पेज 11 पर)

## एसयूडी लाइफ की क्लेम सेटलमेंट अनुभव में सतत सुधार की यात्रा

रांची। स्टार यूनियन दाई इची लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड भारतीय जीवन बीमा क्षेत्र में एक विश्वसनीय नाम है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में एसयूडी लाइफ ने व्यक्तिगत दावों के लिए 98.29 प्रतिशत समूह दावों के लिए 95.53 प्रतिशत और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना दावों के लिए 99.09 प्रतिशत का प्रभावशाली निपटान अनुपात प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त, इसी वित्तीय वर्ष में कंपनी ने 1,992 व्यक्तिगत मृत्यु दावों का 120.97 करोड़, 2,190 समूह दावों का 159.16 करोड़ और 17,386 पीएम.जेजेबीवाई दावों का 347.72 करोड़ का सफलतापूर्वक निपटान किया। ये आंकड़े एसयूडी लाइफ द्वारा हाल के वर्षों में दावे निपटाने में निरंतर उत्कृष्टता की यात्रा का प्रमाण हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 का प्रदर्शन वित्तीय वर्ष 2022-23 की तुलना में उल्लेखनीय रूप से बेहतर रहा है। एसयूडी लाइफ के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभय तिवारी ने कहा कि हमारे पॉलिसीधारकों की सेवा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम समझते हैं कि प्रत्येक क्लेम हमारे ऊपर जताए गए विश्वास का प्रतीक है।

# राणा सांगा के खिलाफ दिये बयान पर रांची में राजपूतों ने किया विरोध प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** अखिल राजपूताना कल्याण न्यास द्वारा आयोजित विरोध मार्च रांची यूनिवर्सिटी गेट से शुरू होकर फिरायालाल चौक तक पहुंचा। इस विरोध मार्च में रांची शहर के विभिन्न इलाकों से हजारों की संख्या में राजपूत समाज के लोग एकजुट होकर अपने वीर पूर्वजों के सम्मान में प्रदर्शन करने पहुंचे। इस मार्च ने समाज में एकता, साहस और वीरता का प्रतीक प्रस्तुत किया और यह संदेश दिया कि राजपूत समाज अपने पूर्वजों के अपमान को किसी भी कीमत पर सहन नहीं करेगा।

विरोध मार्च के बाद सभी लोग एकजुट होकर फिरायालाल चौक पर एकत्र हुए, जहां इस आंदोलन का मुख्य कार्यक्रम हुआ। यहां पर रामजी लाल सुमन द्वारा हमारे वीर पूर्वज राणा सांगा के खिलाफ दिए गए अपमानजनक बयान, जिसमें उन्होंने राणा सांगा को गद्दार कहा था, पर तीव्र विरोध व्यक्त किया गया। इस बयान को पूरी तरह से नकारते हुए, राजपूत समाज के लोगों ने इसका विरोध करते हुए रामजी लाल सुमन का पुतला दहन किया।

पुतला दहन करते समय समाज के लोगों ने जमकर आक्रोश जताया और उन्होंने पुतले को जूते और चप्पलों से मारा। यह प्रदर्शन इस बात का प्रतीक था कि राजपूत समाज किसी भी व्यक्ति को, जो हमारे पूर्वजों का अपमान करेगा, उसे कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। साथ ही, नारे लगाए गए कि जो भी हमारे पूर्वजों के साथ खिलवाड़ करेगा या उनको बदनाम करेगा, राजपूत समाज उसे कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। उसकी ईंट से ईंट बजा दी जाएगी।

यह विरोध प्रदर्शन एक स्पष्ट संदेश है कि राजपूत समाज अपने गौरव, वीरता और पूर्वजों के सम्मान की रक्षा के लिए कभी भी एकजुट होकर खड़ा हो सकता है। यह आंदोलन न केवल हमारे पूर्वजों की गरिमा की रक्षा करने के लिए था, बल्कि यह भी दर्शाता है कि समाज में ऐसे अपमानजनक बयानों और टिप्पणियों के खिलाफ आवाज उठाना हमारी जिम्मेदारी है।

**कार्यक्रम में इन्होंने लिया हिस्सा :** रामेश्वर दयाल सिंह, शिवाजी सिंह परमार, संजय सिंह, श्रीराम सिंह, धीरज सिंह उर्फ बिनु सिंह, प्रतुलनाथ शाहदेव, मनीष सिंह, रंजन कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, सूर्यकांत सिंह, जितेंद्र सिंह, दिलीप सिंह, शशि सिंह, लव कुमार सिंह, शिव चंद्र सिंह, रमाकांत सिंह, वीरेंद्र सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, विजय सिंह, प्रमोद सिंह, श्याम किशोर सिंह, डॉ अजय नाथ शाहदेव, कुंदन सिंह, सुनील कुमार सिंह, सीएम सिंह, बलिंद्र सिंह, अवध बिहारी सिंह, निशांत सिंह, विपिन सिंह, मनीष सिंह, यश सिंह परमार, देवराज सिंह, नीतू सिंह, गौतम सिंह, जितेंद्र सिंह, अंशुमान सिंह, ब्रजभूषण सिंह, राजकुमार सिंह, नागेश्वर सिंह, सुनील सिंह, मनोज कुमार सिंह, दिलीप कुमार सिंह, विजय सिंह, मुदित राज, प्रतुल नाथ शाहदेव, गणेश चंद्र समल, रवि प्रताप सिंह, बलराम सिंह, रणधीर सिंह, संजीव सिंह, पंकज सिंह, राणा प्रशांत सिंह, प्रभु नाथ सिंह, महावीर सिंह, राजकिशोर सिंह, रविरंजन सिंह, संजीत सिंह, प्रभाकर सिंह, शैलेन्द्र सुमन, धर्मेन्द्र सिंह सहित भारी संख्या लोग शामिल थे।

## अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला मंच के तीन दिवसीय बसंत मेले का समापन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** महाराजा अग्रसेन भवन में अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला मंच के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय बसंत मेले के तीसरे शुक्रवार को मेले में सुबह से ही रौनक लगी हुई थी। महिलाओं ने जमकर खरीदारी की। हाथ का बना बादाम शरबत, पानकेक, मावा केक, चॉकलेट, पॉप्स, पेस्ट्री, बच्चों और महिलाओं को बहुत पसंद आए। मेले में हस्तशिल्प, कांजीवरम और केरल की साड़ियों को महिलाओं ने काफी पसंद किया। सुबह से ही लोगों की काफी भीड़ रही। लोगों ने मेले में लजीज व्यंजनों का भी खूब लुत्फ उठाया।

संध्या 4 बजे मेले का समापन हुआ। समापन की मुख्य अतिथि डॉ नंदिनी थी। शाखा अध्यक्ष मधु सर्राफ ने मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर किया। मंच संचालन सीमा टॉटिया ने किया।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्व प्रादेशिक अध्यक्ष रूपा अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष गीता डालमिया, अनुशुया नेवटिया, बीना मोदी, मंजू केडिया, शाखा अध्यक्ष मधु सराफ, उर्मिला पाड़िया, प्रीती बंका, रीना सुरेखा, छाया अग्रवाल, प्रीती पोद्दार, सीमा टांटिया, सरिता मोदी, अर्चना अग्रवाल, कुसुम पटवारी, ललिता नारसरिया, सुनीता सरावगी, कमला विजयवर्गीय, उषा विजयवर्गीय, सीमा पोद्दार सहित अन्य सदस्यों ने प्रमुख भूमिका निभाई। मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बसंत मेले के सफल आयोजन की भूरि- भूरि प्रशंसा की। ये जानकारी मीडिया प्रभारी रीना सुरेखा ने दी।

# रांची नगर निगम सफाई पर सख्त, एक अप्रैल से कचरा फेंकने पर लगेगा जुर्माना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची नगर निगम ने शहर में स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। 1 अप्रैल 2025 से नगर निगम द्वारा निर्धारित कचरा निष्पादन नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके तहत शहर में खुले में कचरा फेंकने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा और बार-बार नियम तोड़ने पर कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। नगर आयुक्त संदीप सिंह ने अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की, जिसमें 100% डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण सुनिश्चित करने और अवैध रूप से कचरा फेंकने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए गए। इस अभियान के तहत विशेष निगरानी दल तैनात किए जाएंगे, जो नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नजर रखेंगे।

### मुख्य निर्देश और प्रतिबंध

1. **खुले में कचरा फेंकना पूरी तरह प्रतिबंधित**
   - नगर निगम के सफाई कर्मी और अधिकारी शहरभर में निगरानी रखेंगे
   - गली-मोहल्लों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर कचरा फेंकने पर कड़ी कार्रवाई होगी
2. **होटलों, दुकानों और अपार्टमेंट्स के लिए सख्त नियम**
   - सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को अपने कचरे का उचित निपटान करना अनिवार्य होगा
   - गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के सहयोग से 150 टन प्रतिदिन क्षमता वाले सीबीजी प्लांट में कचरे का निस्तारण किया जाएगा
3. **जन-जागरूकता अभियान**
   - सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जाएगा
   - लाउडस्पीकर और सूचना बैनरों से जनता को नियमों की जानकारी दी जाएगी

**उल्लंघन करने पर होगी कार्रवाई :** बार-बार खुले में कचरा फेंकने पर संबंधित व्यक्ति या प्रतिष्ठान पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा। यदि कोई अपार्टमेंट, होटल या दुकान बार-बार नियम तोड़ते हैं, तो उनका लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी विशेष टीमों द्वारा लगातार निगरानी की जाएगी और हर शिकायत पर तत्काल कार्रवाई होगी।

## विधायक, मंत्री अपने बच्चों को सरकारी विद्यालय में पढ़ाएं : आलोक दूबे

रांची। झारखंड सरकार निर्देशित करे कि सभी विधायक, मंत्री, रसूखदार, पदाधिकारी, सरकारी प्रिंसिपल, शिक्षक, सरकारी कर्मचारी अपने बच्चों को सरकारी विद्यालय में पढ़ाएं तभी सरकारी विद्यालय के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। ये बातें शुक्रवार को प्रेस बयान जारी कर पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने कही। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों के गुणात्मक शिक्षण प्रदान करने में विफल होने के बावजूद सदन में एक बार भी सरकारी विद्यालयों की स्थिति पर चर्चा नहीं हुई। सरकारी विद्यालयों की विफलता का ठीकड़ा निजी विद्यालयों पर फोड़ना गलत है। सरकार इस बात को जानती है कि झारखंड के शिक्षण व्यवस्था की रीढ़ हैं झारखंड के निजी विद्यालय जो न सिर्फ लाखों दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्ग के बच्चों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करते हैं। साथ ही लाखों लोगों को रोजगार भी प्रदान करते हैं, उनका मनोबल बढ़ाने की बजाय उनका उत्साह तोड़ने का काम ना करे सरकार।

## मजदूरों को पूंजीवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ने की जरूरत : सीटू महासचिव

- **सम्मेलन में असम, पश्चिम बंगाल, ओड़िशा, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** ऑल इंडिया कोल वर्कर्स फेडरेशन के 11वें सम्मेलन में सीटू के राष्ट्रीय महासचिव सह पूर्व सांसद तपन सेन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मजदूरों के दुश्मन नहीं हैं। पूंजीवाद है। मोदी के साथ-साथ पूर्व प्रधानमंत्री भी पूंजीवाद की कठपुतली थे। मजदूरों को पूंजीवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ने की जरूरत है। वे शुक्रवार को सीएमपीडीआई परिसर स्थित बासुदेव आचार्या नगर में फेडरेशन के तीन दिवसीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोयला उत्पादन की प्रक्रिया रिस्ट्रक्चरिंग मोड में चल रही है। यह रिस्ट्रक्चर मजदूर विरोधी है। धीरे-धीरे उत्पादन से नियमित मजदूरों को दूर किया जा रहा है।

**एमडीओ मॉडल में कोल इंडिया की भूमिका सीमित :** उन्होंने कहा कि अब कंपनी में 80 फीसदी उत्पादन ठेका मजदूरी से हो रहा है। स्थिति चुनौतीपूर्ण है। चुनौतीपूर्ण स्थिति से निपटने के लिए सड़क पर उतरना होगा। कोयला में एमडीओ और रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल आ गए हैं। इसमें कोल इंडिया की भूमिका भी सीमित कर दी गई है। ऐसे में कोयला मजदूरों को आगे की रणनीति तय करनी होगी। आर-पार की लड़ाई लड़नी होगी। ठेका मजदूरों को संगठित करना होगा। सम्मेलन में असम, पश्चिम बंगाल, ओड़िशा, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना से 23 यूनियनों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

## खबर एक नजर में

### आदेश का पालन नहीं करने पर उच्च शिक्षा सचिव को अवमानना का नोटिस

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस आनंद सेन की पीठ में शुक्रवार को डेमोस्ट्रेटर के पद का लाभ देने के आदेश का पालन नहीं करने के खिलाफ दाखिल याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के पश्चात अदालत ने उच्च शिक्षा सचिव को अवमानना का नोटिस जारी किया है। अदालत ने कहा है कि आदेश का अनुपालन नहीं करने पर क्यों नहीं आपके खिलाफ अवमानना का मामला चलाया जाए। अदालत ने उन्हें सशरीर हाजिर होने का आदेश देते हुए मामले में अगली सुनवाई नौ मई को निर्धारित की है। इस संबंध में अरुण कुमार अन्य की ओर से हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की गई थी। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता प्रभात कुमार सिन्हा ने कोर्ट को बताया कि पूर्व में कोर्ट ने वर्ष 1987 से कार्यरत स्नातक लैब सहायकों को डेमोस्ट्रेटर के समकक्ष मानते हुए उन्हें उस पद का लाभ देने को कहा था। उस दौरान सरकार ने भी माना था कि लैब सहायक डेमोस्ट्रेटर के पद का लाभ पाने के हकदार हैं। सरकार की ओर से समान काम करने वालों के बारे में पद का लाभ देने पर विचार किया जा रहा है। लेकिन, सरकार ने कोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया। तब प्रार्थियों की ओर से हाईकोर्ट में अवमानना की याचिका दाखिल की थी। पिछली सुनवाई के दौरान उच्च शिक्षा सचिव कोर्ट में उपस्थित हुए और आदेश का अनुपालन करने की बात कही। लेकिन, शुक्रवार को भी उनकी ओर से समय की मांग की गई। इस पर कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए उन्हें कोर्ट में उपस्थित होने का आदेश देते हुए अवमानना नोटिस जारी किया है।

### मनी लाउंड्रिंग मामले में आरोपी अमित अग्रवाल की जमानत पर फैसला सुरक्षित

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस एसएन प्रसाद और जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की खंडपीठ में शुक्रवार को मनी लाउंड्रिंग के मामले में आरोपी कारोबारी अमित अग्रवाल की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी होने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। सुनवाई के दौरान प्रार्थी अमित अग्रवाल की ओर से बताया गया कि टी-स्टेट कंपनी से उनका कोई लेना-देना नहीं है। वह कंपनी में निदेशक भी नहीं हैं। उस कंपनी का निदेशक दिलीप घोष है। ऐसे में उसे जमानत की सुविधा मिलनी चाहिए। ईडी की ओर से अधिवक्ता अमित दास और सौरव कुमार सिंह ने अदालत को बताया कि जिस कंपनी ने सेना की कब्जे वाली जमीन की अवैध खरीद की है। उस कंपनी का लाभ अमित अग्रवाल को मिलता है। वह कंपनी में काम करने वाले सभी कर्मचारियों का वेतन कैश में देता था। इस मामले में प्रार्थी की संलिप्तता है, इसलिए उन्हें जमानत नहीं दी जाए। इसके बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। निचली अदालत से जमानत नहीं मिलने के बाद कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

### पुलिस की लापरवाही से आरोपी बरी

**रांची।** लालपुर थाना के तत्कालीन सब इंस्पेक्टर रमोद कुमार सिंह ने अदालत में आर्म्स एक्ट समेत अन्य आरोप में दर्ज प्राथमिकी को साबित करने नहीं पहुंचे। इतना ही मामले के अन्य पुलिसकर्मी व अन्य गवाह भी नहीं पहुंचा। अदालत ने एक नहीं दो-दो संबंधित थाना प्रभारी, एसएसपी रांची एवं डीजीपी को लेटर भेजकर गवाहों को प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। बावजूद सात साल पुराने में एक भी गवाह अदालत तक नहीं पहुंचा। जिसका लाभ आर्म्स एक्ट समेत अन्य आरोप में ट्रायल फेस कर रहा आरोपी लोअर बाजार के चडरी, लाइन टैंक रोड निवासी कन्हैया मंडल को मिला। अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्त की अदालत ने आरोपी को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। घटना को लेकर तत्कालीन लालपुर थाना प्रभारी ने 9 अक्तूबर 2018 को प्राथमिकी दर्ज की थी।

### सहकार भारती का शिष्टमंडल राज्यपाल से मिला

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शुक्रवार को सहकार भारती के एक शिष्टमंडल ने राज्य महासचिव धनंजय सिंह के नेतृत्व में राज भवन में भेंट की। शिष्टमंडल ने राज्यपाल से झारखंड में पृथक सहकारिता विभाग के गठन की आवश्यकता पर जोर देते हुये इस दिशा में आवश्यक पहल करने का अनुरोध किया। उन्होंने सहकारिता को सभी विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम में शामिल करने का भी आग्रह किया।

### राज्यपाल से मिले प्रफुल कुमार सरकार

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शुक्रवार को प्रफुल कुमार सरकार ने राज भवन में भेंट की। प्रफुल सरकार ने राज्यपाल को अवगत कराया कि उनके पूज्य पिता स्व नकुल चंद्र सरकार आजाद हिंद फौज के सदस्य थे और देश की आजादी में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में उनके परिवार की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय है। उन्होंने राज्यपाल से अपने स्वर्गीय पिता के नाम पर पेंशन एवं भूमि आवंटन, अपने पुत्र के लिये नौकरी तथा आर्थिक सहायता सुलभ कराने के लिये पहल करने का अनुरोध किया।

### सीआईटी के 13 विद्यार्थियों का कैंपय सेलेक्शन

**रांची।** आईटी कंपनी में कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रांची के कंप्यूटर इंजीनिरिंग ब्रांच के 13 विद्यार्थियों का कैंपस सेलेक्शन आईटी क्षेत्र की मशहूर कंपनी वाइज आईएनसी ने किया है। यह कंपनी आईटी सेक्टर की नामचीन कंपनी टेक ग्रुप ऑफ कंपनीज का हिस्सा है। चयनित विद्यार्थियों में मो जुनैद अहमद, रोशन रंजन, रितेश कुमार, सना तुफैल, अनीश वर्मा, मो सहजवान, फैजुल रहमान, अभय यादव, कार्तिक पात्रो, गौतम पंडित, उपेंद्र कुमार, मो शाहनवाज शेख व कमल किशोर का नाम शामिल है। संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग के निदेशक डॉ ए भट्टाचार्य ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों का जॉब लोकेशन रांची में ही होगा। शुरूआती दौर में इन्हें 2.4 लाख का सालाना पैकेज मिलेगा।

## उपायुक्त से रूफटॉप में चल रहे बार के लाइसेंस रद्द करने की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री को ज्ञापन देकर युवा कांग्रेस नेता रोहित सिन्हा ने रूफटॉप में चल रहे बार का लाइसेंस रद्द व लाइसेंस रिनुअल नहीं करने की मांग की है। रोहित सिन्हा द्वारा उपायुक्त को सौंपे ज्ञापन में कहा गया कि शहर में रूफटॉप में 34 बार अनाधिकृत निर्माण कर चलाया जा रहा है। नगर निगम द्वारा जांच के बाद शहर के 34 बार का निर्माण बिना नक्शा के अनाधिकृत पाया गया। इसके बाद निगम द्वारा सभी के ऊपर यूसी केस दर्ज किया गया है। सभी 34 बार के उपर नगर निगम के न्यायालय में यूसी केस चल रहा है। ऐसी स्थिति में अनाधिकृत रूप से निर्माण किए गए बार का लाइसेंस रिनुअल किया जाना नियमानुकूल नहीं है।

ज्ञापन में उपायुक्त से मांग की गई है कि जिन-जिन बार पर नगर निगम में यूसी केस चल रहा है। वैसे बार का वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए लाइसेंस रिनुअल नहीं किया जाये। साथ ही ऐसे बार का लाइसेंस रद्द किया जाये।

## जेआरजी बैंक ने रिकवरी एजेंट से संबंधित घटना पर त्वरित कदम उठाए

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** जेआरजी बैंक अपने ग्राहकों को बैंकिंग क्षेत्र की सर्वोत्तम सेवाएं, ईमानदारी और व्यापार के उच्चतम नैतिक मानकों के अनुरूप प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस संदर्भ में बैंक अपने रिकवरी एजेंसी के किसी प्रतिनिधि के द्वारा किए गए किसी भी अनुचित अवं अवैधानिक कार्य को गंभीरता से लेता है। एक हालिया घटना में एक रिकवरी एजेंसी के प्रतिनिधि के द्वारा ऐसी गतिविधि को अंजाम दिया गया, जो उनके कर्तव्यों के दायरे से बाहर और अनुशासनहीनता मानी गई। बैंक ने इस मामले को बड़ी गंभीरता से लिया है।

**तत्काल उठाए गए कदम**

घटना की समीक्षा के बाद, जेआरजी बैंक के द्वारा उपयुक्त और त्वरित निम्नवत कदम उठाया गया :

1. **एजेंसी के प्रतिनिधि की सेवाओं की समाप्ति :** संबंधित रिकवरी एजेंसी के प्रतिनिधि को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। आंतरिक जांच पूरी होने के बाद, उक्त प्रतिनिधि की सेवाएं समाप्त कर दी गयी हैं एवं अब वह बैंक के लिए किसी भी प्रकार से काम नहीं कर सकता है।
2. **रिकवरी प्रक्रियाओं की आंतरिक समीक्षा :** बैंक ने अपनी रिकवरी प्रक्रियाओं की एक व्यापक समीक्षा शुरू की है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उसके सभी एजेंटों की गतिविधियां नैतिक दिशा-निर्देशों और कानूनी मानकों के अनुरूप हों। यह समीक्षा भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए की जा रही है।
3. **ग्राहक का विश्वास :** जेआरजी बैंक अपने ग्राहकों के विश्वास और वफादारी की अत्यधिक सराहना करता है और उनके विचारों को समय पर संबोधित करने के लिए प्रतिबद्ध है।
4. **प्रशिक्षण और नीति अपडेट :** बैंक अपने एजेंटों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए काम कर रहा है। इन कार्यक्रमों में नैतिक व्यवहार, कानूनी अनुपालन और स्पष्ट संचार पर जोर दिया जाएगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी एजेंट पूरी ईमानदारी के साथ कार्य करें।

**जेआरजी बैंक का बयान :** हमने इस घटना को गंभीरता से लिया है एवं आवश्यक कार्यवाही पूरी कर ली गयी है। हम अपने ग्राहकों को यह आश्वस्त करना चाहते हैं कि इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृति नहीं हो इसके लिए पहले से ज्यादा सजग रहेंगे। हमारी टीम पेशेवर तरीके से ग्राहक संतुष्टि को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम अपने ग्राहकों के विश्वास की सराहना करते हैं और उन्हें सर्वोत्तम सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## झारखण्ड मैथिली मंच का त्रिदिवसीय विद्यापति स्मृति पर्व रजत जयंती समारोह का शुभारंभ

# मैथिली साहित्य का अनुपम महाकाव्य ॐ महाभारत पर हुई परिचर्चा

- **मुख्य अतिथि पूर्व डिप्टी मेयर अजय नाथ शाहदेव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखण्ड मैथिली मंच के तत्वावधान में आयोजित त्रिदिवसीय विद्यापति स्मृति पर्व रजत जयंती समारोह के पहले दिन प्रातः 9 बजे मिथिला के पारंपरिक परिधान में काफी संख्या में सदस्य विद्यापति दलान हरमू से पैदल चलकर मेन रोड पहुंच कर महाकवि विद्यापति के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। पुनः वापस दलान पर आए। सभी एक साथ चूरा-दही एवं पूरी सब्जी अल्पाहार का आनंद लिए।

इसके बाद प्रथम सत्र में श्री बुद्धिनाथ झा रचित मैथिली ऐतिहासिक महाकाव्य ॐ महाभारत पर परिचर्चा हुई। कार्यक्रम की शुरूआत मिथिला परंपरा के अनुसार विद्यापति रचित जय जय भैरवि असुर भयाऊनि समूह गान से हुई। तत्पश्चात बाबा विद्यापति के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। तदुपरांत आज के मुख्य अतिथि पूर्व डिप्टी मेयर अजय नाथ शाहदेव के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। श्री शाहदेव ने ऐसे आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि हम आपके अपने अंग हैं, जिस किसी को भी मेरी सेवा की जरूरत होगी हम सदैव तत्पर रहेंगे। अध्यक्ष विनय कुमार झा ने आगत अतिथियों का अभिनंदन किया, विद्या नाथ झा विदित ने अतिथियों का स्वागत किया।

मैथिली भाषा में महाकाव्य महाभारत रचनाकार बुद्धि नाथ झा,(मूल निवासी, नागदह, मधुबनी वर्तमान में बोकारो में प्रवासी) उक्त महाकाव्य भारी-भरकम तीन खंड में है। महाकाव्य पर बहुत ही सार्थक समीक्षा परिचर्चा हुई। इसमें सर्वश्री हितनाथ झा, हिरेन्द्र कुमार झा, श्रीमती शैलजा झा, बुद्धि नाथ झा आदि ने अपने बहुमूल्य विचार रखे। संचालन हितनाथ झा के द्वारा संपन्न हुआ। इसके बाद उड़ीसा से पधारी श्रीमती सरोज झा एवं श्रीमती ममता मिश्र को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। भोजनावकाश के बाद द्वितीय सत्र कवि गोष्ठी प्रारंभ हुई। जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ कवि बुद्धि नाथ झा बोकारो, ने की व मंच संचालन बदरी नाथ झा के द्वारा किया गया।

कवियों में सुकुमार नाथ झा, श्रीमती अंजु झा, विनोद कुमार झा, श्रीमती शैलजा झा, उमेश मंडल, कौशल किशोर झा, हितनाथ झा, सियाराम झा सरस, डा. कृष्ण मोहन झा, विजेन्द्र उपाध्याय आदि ने अपने-अपने तरीके से प्रबुद्ध सुधी श्रोता को शृंगार रस वीर रस, वियोगी, भक्ति रस से भाव-विभोर कर दिया। लोगों को खूब गुदगुदाया एवं ठहाके लगाने पर मजबूर कर दिया। जयन्त कुमार झा ने उदगार व्यक्त करते हुए उपस्थित लोगों के प्रति आभार प्रकट किया। अंत में संरक्षक अरूण कुमार झा ने उदगार व्यक्त करते हुए विद्वानों का आह्वान किया कि अपनी क्षमता का उपयोग करते हुए सार्थक रचना से साहित्यिक धरोहर को आगे बढ़ाने का काम करें। मोहन झा पड़ोसी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नन्द किशोर महतो, ब्रज किशोर झा, रंधीर झा, बाबू लाल झा, ब्रज कुमार झा, कैलाश झा, प्रकाश चन्द्र झा, इन्द्रजीत यादव, नारायण तिवारी, संतोष कुमार झा, नरेश झा सहित काफी संख्या में सदस्यों ने भागीदारी निभाई।

### 29 मार्च शनिवार के कार्यक्रम

त्रिदिवसीय विद्यापति स्मृति पर्व रजत जयंती समारोह दूसरे दिन संध्या में हरमू मैदान में होगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश सहित अनेक गणमान्य भाग लेंगे। साथ ही सांस्कृतिक महाकुंभ का आयोजन होगा। जिसमें सुप्रसिद्ध गायिका श्रीमती रंजना झा की टीम के द्वारा गीत, अनेक विधा में नृत्य खासकर जटिन जटिन, झिझिया, डोमकछ आदि आकर्षक प्रस्तुति होगी। इसके अलावे दिल्ली से आ रहे निखिल महादेव झा एवं सोनी चौधरी, गौहाटी से श्रीमती डॉली तालुकदार,जमशेदपुर से मिथिलेश कुमार मिश्र सहित, रांची से श्रीमती बबिता झा आदि कलाकार हिस्सा लेंगे।

# सरहुल व रामनवमी को लेकर प्रशासन सतर्क, डीसी ने दिये विशेष निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आगामी सरहुल एवं रामनवमी पर्व को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा और विधि-व्यवस्था को मजबूत करने के लिए रांची शहर के विभिन्न जुलूस मार्गों का निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिससे पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान शिव मंडप पूजा समिति गाड़ी होटवार, मेडिकल चौक मंदिर, तपोवन मंदिर, सरना टोली हातमा, सरना स्थल हातमा, सिरमटोली सरना स्थल सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थलों का जायजा लिया गया। जुलूस के आवागमन को सुगम बनाने और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचने के लिए संबंधित अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए गए।

**सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन पर जोर :** प्रशासन ने यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि जुलूस मार्गों पर सुगम यातायात की व्यवस्था रहे और श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा बलों की तैनाती और अन्य आवश्यक तैयारियों को लेकर अधिकारियों को सतर्क रहने का निर्देश दिया गया है। प्रशासनिक अधिकारियों ने आम जनता से भी अपील की है कि वे त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं और प्रशासन को सहयोग दें।

## हातमा सरना स्थल पहुंचे डीसी, सरहुल शोभा यात्रा की तैयारियों का लिया जायजा

**रांची।** सरहुल पर्व की तैयारियां जोरों पर हैं। इसको लेकर शुक्रवार को रांची डीसी हातमा सरना स्थल पहुंचे और शोभा यात्रा की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने सरना स्थल की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था और अन्य आवश्यक इंतजामों की समीक्षा की।

इस दौरान जगलाल पाहन ने डीसी से आग्रह किया कि लाइटिंग, जलापूर्ति और अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये, ताकि सरहुल शोभायात्रा सुचारू रूप से संपन्न हो सके। बता दें कि सरहुल शोभायात्रा हातमा सरना स्थल से निकलेगी, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए अपने निर्धारित गंतव्य तक पहुंचेगी। इस पर्व को लेकर स्थानीय प्रशासन ने कड़े इंतजाम किये हैं। वहीं पर्व को लेकर सरना धर्मावलंबियों में खासा उत्साह है।

## राधाकृष्ण मंदिर से कलश यात्रा निकाल किया गया नवरात्र महोत्सव का शुभारंभ



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राधाकृष्ण मंदिर कृष्णा नगर कॉलोनी के तत्वावधान में शुक्रवार को पावन नवरात्र महोत्सव का शुभारंभ कलश यात्रा निकाल कर किया गया। कलश यात्रा सुबह 7:00 बजे, शिव दुर्गा मन्दिर (मेट्रो गली के सामने) से आरंभ हुई। 108 महिलाओं के द्वारा कलश उठाई गई एवं मां की सजीव झांकी भी निकाली गई। श्री दुर्गा जागरण मंडली के केसर पपनेजा, पवन मनुजा, चंदन सिडाना, श्रीमती ज्योति अरोड़ा एवं श्री दुर्गा जागरण मंडली के अन्य कलाकारों की अगुवाई में भजन कीर्तन करते हुए कलश यात्रा की शोभा बढ़ाई गयी। भजन कीर्तन करते हुए कलश यात्रा सर्वप्रथम हरि ओम मंदिर एवं शनि मंदिर से गुजरी जहां संयुक्त रूप से पुजारियों द्वारा यात्रा का स्वागत किया गया। फिर भक्ति चौक में प्रसाद वितरण कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। कृष्णा नगर कॉलोनी के विभिन्न चौक-चौराहों पर पुष्प वर्षा एवं जल सेवा एवं प्रसाद का वितरण किया गया एवं श्री राधा कृष्ण मंदिर पहुंचने से पहले झंडा चौक में भी कलश यात्रा का भरपूर स्वागत एवं सत्कार किया गया। मां के जयकारों के साथ पूरा कृष्णा नगर कॉलोनी भक्तिमय हो गया। श्री राधा कृष्ण मंदिर कमेटी के मीडिया प्रभारी अरुण जसूजा ने यह जानकारी दी।

## हाथों में काली पट्टी बांध कर अलविदा जुमा की नमाज अदाकर मांगी अमन चैन की दुआ



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मुस्लिम समुदाय के पवित्र माह रमजानुल मुबारक महीने के आखरी जुमा की नमाज राजधानी की सभी मस्जिदों में अपने अपने निर्धारित समय पर अदा की गई। लगभग सभी मस्जिदों में मुसलमानों ने ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड, जमीयत उलेमा ए हिंद और इमारत शरिया के आह्वान पर वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ हाथों पर काली पट्टी बांध कर नमाज अदा की। इस महीने का अलविदा जुमा होने के कारण बच्चों में जहां उत्साह था वहीं बड़े बुजुर्ग केंद्र सरकार के वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ नजर आए। सभी ने एक आवाज में कहा हमें वक्फ संशोधन बिल मंजूर नहीं। हम ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड, जमीयत उलेमा ए हिंद, इमारत शरिया के साथ खड़े हैं। मुस्लिम समुदाय के पवित्र माह रमजानुल मुबारक महीने के आखरी जुमा की नमाज सभी मस्जिदों में अपने अपने निर्धारित समय पर अदा कराई गई। रमजानुल मुबारक महीने के बारे में विस्तार से जामा मस्जिद के खतीब मुफ्ती तलहा नदवी, हववारी मस्जिद के खतीब मुफ्ती कमर आलम कासमी, राईन मस्जिद के खतीब मुफ्ती अनवर कासमी ने कहा है कि रमजान का महीना बड़े ही रहमतों और बरकतों का महीना होता है।

**यहां अदा की गई अलविदा जुमा की नमाज :** जामा मस्जिद में अलविदा जुमा की नमाज मुफ्ती तलहा, हववारी मस्जिद में शहर काजी मुफ्ती कमर आलम कासमी, राईन मस्जिद में मुफ्ती अनवर कासमी, मस्जिद जाफरिया में मौलाना सैयद तहजीबुल हसन रिजवी, पत्थलकुदवा में मुफ्ती अब्दुल्ला अजहर, मदीना मस्जिद में कारी अंसारुल्लाह, बड़ी मस्जिद में मुफ्ती इमरान नदवी, मक्का मस्जिद में मौलाना तल्हा नदवी, छोटी मस्जिद में कारी एहसान, इकरा मस्जिद में मौलाना मोहम्मद ने अदा कराई। इसके पूर्व अब्दुल्लाह मस्जिद, डोरंडा वाली मस्जिद, हांडा मस्जिद समेत रांची शहर के सभी मस्जिदों में अलविदा जुमा की नमाज अपने अपने समय पर मजिस्द के पेश इमाम ने अदा कराई।

## सरहुल-ईद को लेकर रांची नगर निगम ने शुरू किया विशेष सफाई अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** नगर निगम ने सरहुल और ईद के मद्देनजर शहर में व्यापक सफाई अभियान शुरू किया है। निगम की सूची के अनुसार, 53 वार्डों में स्थित 298 अखड़ा और सरना स्थलों पर विशेष सफाई व्यवस्था की जा रही है।

**तीन शिफ्ट में चलेगा सफाई अभियान**

नगर निगम द्वारा सफाई अभियान तीन शिफ्टों में संचालित किया जा रहा है। इसमें सड़क स्वीपिंग, घास कटाई, ब्लिचिंग पाउडर का छिड़काव और स्टोन डस्ट की आपूर्ति शामिल है। जहां से सरहुल शोभा यात्रा निकलेगी, उन मार्गों पर सात चालान शौचालय लगाए जाएंगे, वहीं 32 स्थानों पर पेयजल आपूर्ति के लिए वॉटर टैंकर की व्यवस्था की गई है।

**प्रमुख सरना स्थलों पर विशेष ध्यान**

नगर निगम ने प्रमुख सरना स्थलों जैसे सिरम टोली, शाहजानंद चौक, करमटोली चौक और फातमा बस्ती में सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता दी है। जुलूस वाले संपर्क पथों को मैकेनिकल स्वीपिंग मशीन और पानी के टैंकर से धोकर स्वच्छ बनाया जाएगा।

**ईद के लिए भी सफाई अभियान जारी**

ईद को देखते हुए शहर की मस्जिदों और ईदगाहों में भी विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इन स्थानों पर मैकेनिकल स्वीपिंग मशीन से सफाई की जाएगी, साथ ही सड़क स्वीपिंग और ब्लिचिंग पाउडर का छिड़काव किया जाएगा। नगर निगम के इस विशेष सफाई अभियान का उद्देश्य शहरवासियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है, ताकि त्योहारों का उल्लास बिना किसी असुविधा के मनाया जा सके।

## पशुपतिनाथ मंदिर में नव वर्ष स्वागत कार्यक्रम 30 को

रांची। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्राचीन पशुपतिनाथ मंदिर में रविवार 30 मार्च को भारतीय नव वर्ष का स्वागत कार्यक्रम आयोजन किया जायेगा। मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ रामदेव प्रसाद गुप्त ने बताया कि कार्यक्रम सुबह 5 से 7 बजे तक होगा। जिसके अंतर्गत सूर्योदय के समय भगवान भास्कर को दीप अर्पण किया जाएगा। इस मौके पर प्रसिद्ध गायिका श्रुति देशमुख एवं मंडली द्वारा 2 घंटे का भजन प्रस्तुत किया जाएगा। प्रसिद्ध चार्टर्ड अकाउंटेंट एवं धार्मिक चिन्तक विनोद कुमार गढ़्यान इस अवसर पर मुख्य वक्ता होंगे। मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ने कहा कि इसी दिन भगवान ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना प्रारंभ की थी।

## पांच साल के एइज हाशमी ने रखा पहला रोजा



रांची। रमजान के महीने में छोटे बच्चे रोजा नहीं रखते हैं। पांच साल के एइज हाशमी ने इस रमजान का पहला रोजा रखा। माता-पिता का रुझान, जोश और आस्था देख बच्चे ने रोजा रखने की इच्छा जताई और रखा। एइज हाशमी ने कहा कि वह पूरे महीने रोजे रखना चाहता है। इतना ही नहीं, इस्लाम के सख्त नियमों को मानते हुए उसने पाक कुरआन की 'अरबी की तिलावत' भी पढ़ना शुरू कर दिया है। बिशप वेस्टकॉट बॉयज स्कूल, नामकुम रांची, क्लास वन में पढ़ने वाले एइज हाशमी ने कुरआन का एक कायदा (पाठ) पूरा पढ़ लिया है।

## मंईयां सम्मान योजना के सत्यापन कार्य का रांची डीसी ने लिया जायजा

**रांची।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का धरातल पर प्रभावशाली क्रियान्वयन संपूर्ण जिला प्रशासन का दायित्व है। लाभुकों के बीच योजना को लेकर सकारात्मक फीडबैक जाए, इसे जिला प्रशासन की टीम को सुनिश्चित करना है। जिन लाभुकों के खाते में सम्मान राशि नहीं पहुंची है, उन्हें बताएं कि सत्यापन के बाद सभी योग्य लाभुकों को योजना का लाभ मिलेगा। ये बातें रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने कही। औचक रूप से वार्ड संख्या-02 हतमा भट्टा उप टोला रांची में चल रहे झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का सत्यापन देखने पहुंचे थे। आंगनबाड़ी सेविका को निर्देश देते हुए कहा कि लाभुकों के सत्यापन पर फोकस करें। सभी आंगनबाड़ी सेविका अपने-अपने क्षेत्र में लाभुकों के सत्यापन का कार्य करें। डीसी ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में सत्यापन फॉर्म का सुचारू वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## डीएवी शिशु विहार गांधीनगर में अभि संस्करण समारोह आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** शुक्रवार को कांके रोड स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल गांधीनगर के जूनियर विंग में एलकेजी एवं यूकेजी के नवागंतुक छात्रों के लिए अभि संस्करण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बच्चों के साथ अभिभावक भी उपस्थित होकर वैदिक यज्ञ, आशीर्वाद एवं संस्कार कार्य में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर अभिभावकों को डीएवी की मान्यताओं एवं उद्देश्यों से परिचित कराया गया। स्कूल के प्राचार्य प्रदीप कुमार झा ने अपने वक्तव्य में अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि अभिभावकों को चाहिए कि बच्चों द्वारा प्राप्त अंकों के आधार पर ही उनका मूल्यांकन नहीं करें। अपितु उनके आचरण, उनकी भाषा, व्यवहार आदि भी देखें। इस अवसर पर अभिभावकों ने भी अपने विचारों से सभा को अवगत कराया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर रिलेशंस के निदेशक समाजसेवी आशुतोष द्विवेदी मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर तनुजा सिन्हा, स्नेहा, निशा वर्मा, सीमा जैन, अर्पणा शर्मा, निधि सिन्हा, अणिमा सिन्हा, रंजना, शताब्दी चटर्जी, लेखा मजुमदार सहित अन्य मौजूद थे।

# राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद का द्वितीय दिवस सफलतापूर्वक संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** नेहरू युवा केंद्र संगठन, झारखंड युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वाधान में तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोग से आयोजित राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद का द्वितीय एवं समापन दिवस शुक्रवार को पुराना विधानसभा भवन में संपन्न हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य युवा आयोग के सदस्य विशाल तिर्की उपस्थित थे। उन्होंने युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया और युवाओं द्वारा प्रस्तुत विचारों की सराहना की। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और ऐसे मंच उनके विचारों को आकार देने में सहायक सिद्ध होते हैं। इसके अतिरिक्त झारखंड नेहरू युवा केंद्र संगठन झारखंड राज्य की राज्य निदेशक ललिता कुमारी राष्ट्रीय सेवा योजना के डॉ कमल किशोर तथा शिक्षाविद कमल बोस भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में झारखंड के 10 नोडल जिलों (रांची, चाईबासा, सरायकेला, देवघर, बोकारो, गिरिडीह, हजारीबाग, खूंटी, दुमका एवं पलामू) से चयनित 93 प्रतिभागियों ने भाग लिया। दूसरे दिन पलामू, हजारीबाग, रांची, खूंटी, बोकारो एवं सरायकेला जिलों के शेष 49 प्रतिभागियों में से अधिकांश ने अपनी प्रस्तुति दी।

**प्रतिभागियों की प्रस्तुतियां और परिणाम :** दूसरे दिन कुल 49 प्रतिभागियों ने निर्धारित विषयों पर 3 मिनट तक अपनी प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। निर्णायक मंडल के मूल्यांकन के आधार पर ये रहें विजेता प्रथम स्थान-रांची की आयशा फातिमा, द्वितीय स्थान-गिरिडीह की श्वेता कुमारी, तृतीय स्थान- धनबाद की रिया गुप्ता रही। इन तीनों विजेताओं का चयन राष्ट्रीय स्तर के विकसित भारत युवा संसद के लिए किया गया है। जिसका आयोजन 1 एवं 2 अप्रैल को संसद भवन नई दिल्ली में होगा।


प्रपत्र VI 'क'
झारखण्ड सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू-अर्जन निदेशालय)
या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

अधिघोषणा
(अधिनियम-30/2013 की धारा-19(1) के अधीन)

संख्या- 353/भू0अ0, रामगढ़ दिनांक 12/03/2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि मौजा पाली, थाना नं0 64, राजस्व थाना पतरातू, अंचल पतरातू, जिला रामगढ़ में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा मतकमा चौक (SH-2 पर)-पाली-सांकी-चुटूपालू (NH-33 पर) पथ (लंबाई-20.76 Km) एवं कौड़ी बाजार से चिकोर भाया सुड़डी लिंक पथ (लंबाई-4.43 Km) सहित (कुल लंबाई-25.19 Km) का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य हेतु अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू-खंड है, जो मानक माप से कमोवेश **3.3992** एकड़ यानि **1.3756** हेक्टेयर है, और जो मौजा पाली, थाना नं0 64, राजस्व थाना पतरातू, अंचल पतरातू, जिला रामगढ़ में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 75 | 90 | रैयती | टांड़-II | 0.2712 | 1. निराजो बेदियाईन 2. निरासो पिता जगनु बेदिया | प्लॉट नं0 91 | प्लॉट नं0 89 | प्लॉट नं0 88 | प्लॉट नं0 02 |
| 2 | 08 | 65 | रैयती | टांड़-II | 0.0450 | पकोड़ियाँ बेदिया | 90 | 05 | 66 | 05 |
| 3 | 49 | 66 | रैयती | टांड़-II | 0.0605 | ननकु बेदिया | 87 | 63 | 67 | 65 |
| 4 | 105 | 64 | रैयती | टांड़-II | 0.0259 | बलदेव बेदिया वगै0 | 66 | 15 | 63 | 05 |
| 5 | 75 | 63 | रैयती | टांड़-II | 0.0558 | 1. दीपक कुशवाहा, 2. अमरनाथ कुशवाहा | 66 | 26 | 62 | 15 |
| 6 | 75 | 62 | रैयती | टांड़-II | 0.0632 | अली अहमद अंसारी वगै0 पिता मो0 खलील अंसारी | 67 | 26 | 57 | 63 |
| 7 | 76 | 60 | रैयती | टांड़-II | 0.0981 | 1. साधु महतो वगै0 2. धनेश्वर महतो पिता स्व0 प्यारीलाल महतो | 58 | 43 | 52 | 61 |
| 8 | 72 | 58 | रैयती | टांड़-II | 0.0405 | तिलकु बेदिया पिता धरमु बेदिया | 57 | 60 | 56 | 61 |
| 9 | 50 | 57 | रैयती | टांड़-II | 0.0114 | गोवर्धन बेदिया पिता फुलवा बेदिया | 56 | 58 | 63 | 62 |
| 10 | 153 | 52 | रैयती | टांड़-II | 0.0329 | 1. पुनम देवी पति शौबु महतो 2. अनिल सिंह, 3. धनश्याम महतो | 53 | 47 | 51 | 60 |
| 11 | 16 | 51 | रैयती | टांड़-II | 0.0548 | लखन बेदिया वगै0 पिता जगधन बेदिया | 54 | 48 | 49 | 52 |
| 12 | 118 | 49 | रैयती | टांड़-II | 0.0284 | 1. गुदरिया बेदिया पिता स्व0 बालेश्वर बेदिया 2.रामजीत, रामेश्वर बेदिया, नागेश्वर बेदिया | 50 | 48 | 122 | 51 |
| 13 | 67 | 122 | रैयती | टांड़-II | 0.0435 | धुजा बेदिया वो सेकवर बेदिया वगै0 | 121 | 128 | 123 | 19 |
| 14 | 104 | 123 | रैयती | टांड़-II | 0.0388 | सुरजा बेदिया पिता स्व0 महजु बेदिया | 121 | 126 | 124 | 122 |
| 15 | - | 124 | रैयती | टांड़-II | 0.0077 | सदीक हुसैन | 118 | 126 | 159 | 123 |
| 16 | 17 | 125 | रैयती | टांड़-II | 0.0049 | कामेश्वर नारायण सिंह | 124 | 158 | 158 | 126 |
| 17 | 03 | 126 | रैयती | धान-III | 0.0198 | दिनेश बेदिया पिता स्व0 शनिचरवा बेदिया | 124 | 132 | 158 | 129 |
| 18 | 134 | 158 | रैयती | टांड़-II | 0.0632 | कामेश्वर नारायण सिंह | 159 | 157 | 571 | 126 |
| 19 | 87 | 156 | रैयती | धान-III | 0.1077 | झलकु, कलसु, ललकु बेदिया वगै0 पिता स्व0 भीमलाल बेदिया | 158 | 154 | 157 | 155 |
| 20 | 139 | 157 | रैयती | टांड़-II | 0.0292 | 1. प्रदीप बेदिया पिता शोबरन बेदिया, 2. कामेश्वर नारायण सिंह | 158 | 153 | 571 | 156 |
| 21 | 76 | 153 | रैयती | धान-III | 0.0707 | कामेश्वर नारायण सिंह, आनन्त नारायण सिंह पिता चन्द्रमोहन सिंह | 157 | 152 | 571 | 151 |
| 22 | 46 | 152 | रैयती | टांड़-II | 0.0452 | रोहन राम बेदिया पिता लंगड़ा बेदिया | 153 | 326 | 571 | 151 |
| 23 | - | 325 | रैयती | धान-III | 0.0269 | निर्मल करमाली वगै0 | 151 | 324 | 571 | 326 |
| 24 | 129 | 324 | रैयती | टांड़-II | 0.0269 | 1. झमनलाल महतो पिता सोहन महतो 2. मोहिउद्दीन अंसारी | 325 | 321 | 571 | 327 |
| 25 | 92 | 321 | रैयती | टांड़-II | 0.0403 | केदार बेदिया वगै0 | 323 | 320 | 571 | 335 |
| 26 | 86 | 320 | रैयती | धान-III | 0.0180 | मोहन बेदिया वगै0 पिता बलकहा बेदिया | 321 | 319 | 571 | 335 |
| 27 | 78 | 319 | रैयती | धान-III | 0.0195 | बसदेव बेदिया वगै0 पिता बली बेदिया | 318 | 314 | 571 | 341 |
| 28 | 45 | 318 | रैयती | टांड़-II | 0.0862 | मोतिलाल बेदिया वगै0 पिता डीबु बेदिया | 318 | 314 | 571 | 341 |
| 29 | 76 | 317 | रैयती | धान-I | 0.0420 | हिरू बेदिया वगै0 पिता रामनाथ बेदिया | 318 | 316 | 571 | 318 |
| 30 | 71 | 316 | रैयती | टांड़-II | 0.0292 | बहुरन बेदिया वगै0 पिता वंशी बेदिया | 317 | 315 | 310 | 318 |
| 31 | 151 | 315 | रैयती | टांड़-II | 0.0262 | मोतिलाल बेदिया वगै0 पिता डीबु बेदिया | 316 | 314 | 310 | 318 |
| 32 | 90 | 314 | रैयती | टांड़-II | 0.0203 | अली मो0 अंसारी पिता मो0 खलील अंसारी | 315 | 316 | 310 | 356 |
| 33 | 99 | 313 | रैयती | टांड़-II | 0.0180 | घरकु बेदिया पिता अर्जुन बेदिया | 314 | 315 | 310 | 356 |
| 34 | 157 | 312 | रैयती | धान-I | 0.0267 | झमन महतो वगै0 पिता सोहन महतो | 313 | 314 | 310 | 356 |
| 35 | 89 | 311 | रैयती | टांड़-II | 0.0047 | सरो बेदिया वगै0 पिता जगेश्वर बेदिया | 312 | 313 | 571 | 356 |
| 36 | - | 307 | रैयती | धान-I | 0.0188 | मो0 विलासो देवी पिता देवकी महतो | 290 | 312 | 302 | 310 |
| 37 | 71 | 308 | रैयती | टांड़-II | 0.0040 | बहुरन बेदिया वगै0 | 307 | 311 | 302 | 310 |
| 38 | 39 | 572 | रैयती | धान-I | 0.0054 | योगेन्द्र बड़ाईक पिता विम्भर बड़ाईक | 308 | 358 | 572 | 571 |
| 39 | 02 | 571 | रैयती | धान-III | 0.2045 | अधनु कुरमी पिता बिगल कुरमी | 572 | 308 | 570 | 358 |
| 40 | 16 | 569 | रैयती | टांड़-II | 0.0035 | मिठु बेदिया पिता स्व0 लगड़ा बेदिया | 568 | 571 | 564 | 528 |
| 41 | 08 | 551 | रैयती | टांड़-II | 0.0232 | परमेश्वर बेदिया वगै0 पिता स्व0 बुधन बेदिया | 569 | 570 | 552 | 528 |
| 42 | 61 | 545 | रैयती | धान-III | 0.0030 | 1. रामगोपल बेदिया वगै0 पिता स्व0 किशुन बेदिया 2. योगेन्द्र बेदिया | 551 | 551 | 556 | 528 |
| 43 | 16 | 529 | रैयती | धान-III | 0.0289 | मिठु बेदिया वगै0 पिता स्व0 लंगड़ा बेदिया | 542 | 551 | 531 | 527 |
| 44 | 65 | 519 | रैयती | टांड़-II | 0.0022 | चमन बेदिया पिता बलकहा बेदिया | 523 | 545 | 522 | 518 |
| 45 | 65 | 520 | रैयती | धान-III | 0.0074 | भीखा बेदिया पिता पुजा बेदिया | 522 | 521 | 522 | 519 |
| 46 | 65 | 521 | रैयती | धान-III | 0.0299 | गणेश बेदिया पिता शिवलाल बेदिया | 520 | 522 | 522 | 519 |
| 47 | - | 527 | रैयती | टांड़-II | 0.0450 | 1. मोहन लाल बेदिया पिता बिगलाहा बेदिया 2. ध्यानलाल बेदिय वगै0 पिता स्व0 बोधन बेदिया | 365 | 323 | 528 | 526 |
| 48 | 81 | 365 | रैयती | टांड़-II | 0.0015 | बगरू बेदिया वो खुदिया बेदिया पिता बुधु बेदिया | 364 | 327 | 528 | 366 |
| 49 | 12 | 364 | रैयती | धान-III | 0.0096 | सुखदेव बेदिया वगै0 पिता स्व0 बाबुलाल बेदिया | 363 | 365 | 528 | 370 |
| 50 | 27 | 363 | रैयती | टांड़-II | 0.0329 | झामु बेदिया वगै0 पिता भुटका बेदिया | 360 | 364 | 528 | 373 |
| 51 | 25 | 360 | रैयती | टांड़-III | 0.0524 | योगेन्द्र बेदिया वगै0 पिता धनेश्वर बेदिया | 571 | 363 | 528 | 361 |
| 52 | - | 679 | रैयती | टांड़-II | 0.0163 | विपिन ठाकुर पिता हरिहर हजाम | 676 | 680 | 677 | 522 |
| 53 | 40 | 680 | रैयती | टांड़-II | 0.0010 | अधनु कुरमी पिता जुगल कुरमी | 679 | 682 | 681 | 522 |
| 54 | 85 | 682 | रैयती | धान-III | 0.0035 | तीरथा बेदिया पिता तेजु बेदिया | 680 | 683 | 697 | 522 |
| 55 | - | 684 | रैयती | टांड़-II | 0.0042 | जुरकेश्वर बेदिया पिता ललित बेदिया | 683 | 685 | 697 | 522 |
| 56 | 68 | 685 | रैयती | टांड़-II | 0.0044 | मधुवा बेदिया पिता चमन बेदिया | 684 | 686 | 697 | 522 |
| 57 | - | 688 | रैयती | धान-III | 0.0304 | अधनु कुरमी पिता जुगल कुरमी | 685 | 683 | 686 | 522 |
| 58 | 60 | 689 | रैयती | टांड़-II | 0.0015 | बतौरा बेदिया पिता जीतना बेदिया | 687 | 683 | 690 | 522 |
| 59 | 38 | 1051 | रैयती | टांड़-II | 0.0121 | 1. नीतु देवी पति शिवकुमार 2. गुनाराम महतो पिता प्रेमनाथ महतो | 1025 | 522 | 1050 | 522 |
| 60 | 156 | 1055 | रैयती | टांड़-II | 0.0536 | रामलाल राम पिता गोवर्धन राम वगै0 (मथवा रवानी रामनरेश राम, रामेश्वर राम, दिनेश राम, भुनेश्वर राम) | 1054 | 1056 | 1057 | 1063 |
| 61 | 156 | 1057 | रैयती | परती कदीम | 0.0049 | दीपक कुमार महतो पिता बीरबल महतो | 522 | 1062 | 1059 | 1055 |
| 62 | 156 | 1059 | रैयती | टांड़-II | 0.0408 | 1. मोहन महतो पिता स्व0 नंदलाल महतो, 2. धनश्याम महतो पिता स्व0 नंदलाल महतो 3. मनोज महतो पिता स्व0 बिरदल महतो 4. दीपक कुमार महतो पिता बीरबल महतो 5. अखेश्वर महतो पिता बीरबल महतो | 510 | 1056 | 1060 | 1057 |
| 63 | 88 | 1060 | रैयती | धान-III | 0.0020 | कार्तिक पाहन वगै0 पिता दसवा पाहन | 522 | 1061 | 1045 | 1059 |
| 64 | 19 | 1066 | रैयती | धान-III | 0.0924 | 1. देव बेदिया पिता गोवर्धन बेदिया, 2. राजेन्द्र बेदिया पिता लखीया बेदिया 3. लोकनाथ बेदिया पिता नकुल बेदिया | 688 | 1055 | 522 | 1065 |
| 65 | - | 1068 | रैयती | टांड़-II | 0.0168 | शांति ईश्वर सिंह पिता सत्यनारायण सिंह | 509 | 1065 | 522 | 1073 |
| 66 | - | 1045 | रैयती | धान-III | 0.0175 | 1. शिवजल पाहन (बेदिया) पिता सीताराम पाहन 2. जयराम पाहन (बेदिया) पिता केतर बेदिया | 522 | 1476 | 1044 | 1060 |
| 67 | 120 | 1046 | रैयती | टांड़-II | 0.1119 | 1. विरेन्द्र कुमार सिंह पिता स्व0 विरेश्वर सिंह 2. अरुणेश्वर सिंह पिता स्व0 शिवनंदन सिंह 3. लक्ष्मण सिंह पिता प्रताप सिंह 4. लोहा सिंह पिता स्व0 केशवर सिंह | 1049 | 522 | 1048 | 1050 |
| 68 | 08 | 1047 | रैयती | खलिहान | 0.0200 | 1. राजेन्द्र बेदिया पिता स्व0 लघु बेदिया 2. पुरन बेदिया पिता स्व0 त्रितिया बेदिया | 272 | 1045 | 1045 | 1048 |
| 69 | 32 | 1480 | रैयती | टांड़-II | 0.0010 | 1. तिरथ बेदिया वगैरह पिता बिगन बेदिया 2. सर्वजीत सिंह पिता स्व0 बुधन सिंह 3. गीता देवी पति श्री रामलाल राम | 1042 | 1659 | 1864 | 1448 |
| 70 | 01 | 1481 | रैयती | टांड़-II | 0.0245 | 1. रितेश विश्वकर्मा 2. जब्बार अंसारी पिता स्व0 गयासुद्दीन अंसारी | 1038 | 1658 | 1483 | 1481 |
| 71 | 01 | 1482 | रैयती | टांड़-II | 0.0166 | 1.श्रीमन बेदिया पिता जटटु बेदिया 2. राजेन्द्र राम पिता रामलाल राम 3. जब्बार अंसारी वगै0 पिता स्व0 गयासुद्दीन अंसारी | 1038 | 1622 | 1483 | 1481 |
| 72 | - | 1483 | रैयती | धान-III | 0.0042 | पुसुवा बेदिया वगै0 पिता वंशी बेदिया | 1030 | 1622 | 1485 | 1482 |
| 73 | - | 1513 | रैयती | टांड़-II | 0.0613 | भोजनी देवी वगै0 | 1512 | 1622 | 1511 | 1490 |
| 74 | 28 | 1514 | रैयती | टांड़-II | 0.0146 | सारोराम बेदिया वो गालो बेदिया पिता स्व0 जगेश्वर बेदिया | 1509 | 1622 | 1515 | 1514 |
| 75 | 136 | 1515 | रैयती | टांड़-III | 0.0082 | रामेश्वर बेदिया पिता स्व0 बुधन बेदिया साकिन-पाली | 1519 | 1622 | 1516 | 1514 |
| 76 | 25 | 1516 | रैयती | धान-III | 0.0059 | रामेश्वर बेदिया पिता स्व0 बुधन बेदिया | 1517 | 1622 | 1620 | 1515 |
| 77 | 173 | 1623 | रैयती | टांड़-II | 0.0716 | नागेश्वर सिंह वगै0 पिता ईश्वर सिंह | 1622 | 1624 | 1622 | 1639 |
| 78 | 62 | 1624 | रैयती | धान-III | 0.0472 | छोटेलाल मुण्डा वगै0 पिता धरका मुण्डा | 1623 | 1715 | 1622 | 1630 |
| 79 | 62 | 1642 | रैयती | टांड़-II | 0.0025 | छोटेलाल मुण्डा वो संतोष मुण्डा पिता धरका मुण्डा | 1622 | 1643 | 1641 | 1646 |
| 80 | 62 | 1643 | रैयती | धान-III | 0.0506 | 1. छोटेलाल मुण्डा वो संतोष मुण्डा पिता धरका मुण्डा 2. जीतना बेदिया पिता मन्ना बेदिया | 1622 | 1644 | 1641 | 1646 |
| 81 | 163 | 1645 | रैयती | परती कदीम | 0.0220 | अधनु कुरमी पिता जुगल कुरमी | 1622 | 1646 | 1643 | 1646 |
| 82 | 163 | 1646 | रैयती | परती कदीम | 0.0934 | शिवशंकर तिवारी वगै0 पिता स्व0 द्वारिका तिवारी | 1622 | 1644 | 1641 | 1646 |
| 83 | 67 | 1648 | रैयती | टांड़-II | 0.0146 | लेदो बेदिया वगै0 | 1622 | 1649 | 1646 | 1864 |
| 84 | 67 | 1724 | रैयती | धान-III | 0.0020 | भिखारी बेदिया वगै0 | 1622 | 1725 | 1725 | 1723 |
| 85 | 67 | 1723 | रैयती | टांड़-II | 0.0094 | बदन बेदिया वगै0 पिता स्व0 रुपनाथ बेदिया | 1725 | 1719 | 1725 | 1723 |
| 86 | 68 | 1717 | रैयती | धान-III | 0.1546 | 1. बिरसु बेदिया 2. जितेन्द्र बेदिया पिता स्व0 जगदेव बेदिया | 1719 | 1716 | 1719 | 1715 |
| 87 | 81 | 1716 | रैयती | टांड़-II | 0.0356 | महजु बेदिया पिता सहजु बेदिया | 1717 | 1758 | 1719 | 1715 |
| 88 | 29 | 1715 | रैयती | धान-III | 0.0333 | तिरथा बेदिया वगै0 पिता तेजु बेदिया | 1624 | 1668 | 1717 | 1712 |
| 89 | 77 | 1756 | रैयती | टांड़-II | 0.0548 | सुभाष बेदिया वगै0 | 1736 | 1719 | 1755 | 1719 |
| 90 | 22 | 1755 | रैयती | धान-III | 0.0815 | बालकुंवर बेदिया | 1736 | 1719 | 1747 | 1756 |
| 91 | 22 | 1754 | रैयती | टांड़-II | 0.0566 | सुमेश्वर बेदिया | 1755 | 1719 | 1751 | 1719 |
| 92 | 22 | 1753 | रैयती | धान-III | 0.0022 | जगमोहन बेदिया | 1751 | 1765 | 1752 | 1917 |
| 93 | 04 | 1763 | रैयती | टांड़-II | 0.0222 | चन्दुका बेदिया वगै0 | 1719 | 1767 | 1719 | 1769 |
| | | कुल रकबा | | | 3.3992 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम संख्या-30/2013 की धारा-15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात किया गया है।

ह0/- कानूनगो, रामगढ़। ह0/- जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, रामगढ़। ह0/- अपर समाहर्त्ता, रामगढ़। ह0/- उपायुक्त, रामगढ़।

PR 349437 (Land Reforms)24-25*D

## गेंहू की कीमत?

कम पैदावार और खुले बाजार में ऊंची कीमतों के चलते इस बार उत्तर प्रदेश में सरकारी गेहूं खरीद केंद्रों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। प्रदेश में खुले 5000 सरकारी क्रय केंद्रों पर अब तक 30 टन गेहूं ही खरीदा जा सका है। प्रदेश सरकार ने जहां गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपये प्रति कुंतल तय किया है वहीं खुले बाजार में किसानों को आसानी से 2550 रुपये प्रति कुंतल से ज्यादा की कीमत मिल रही है। अच्छी क्वालिटी का आरआर 21 वैरायटी के गेहूं का आढ़तीये किसानों को 2600 से 2700 रुपये तक की कीमत दे रहे हैं। सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं की क्वालिटी को लेकर छानबीन खासी होती है और नमी, दाने के पतले आदि होने जैसी कमियों के नाम पर किसानों से कटौती की जाती है। खुले बाजार में माल बेचने पर इस तरह की दिक्कत नहीं आती है। अगले एक महीनों में खुले बाजार में 2900 रुपये क्विंटल के भाव पर खरीद हो सकती है। बीते दो सालों से उत्तर प्रदेश सहित देश में गेहूं की सरकारी खरीद कमजोर जा रही है। इसका बड़ा कारण खुले बाजार में मिल रही अच्छी कीमतें हैं। पिछले साल प्रदेश सरकार ने 60 लाख टन गेहूं की सरकारी खरीद का लक्ष्य रखा था जिसके मुकाबले केवल 9.31 लाख टन की ही खरीद हुई थी। इससे पहले वर्ष 2023-24 में तो खरीद केवल 2.19 लाख टन की ही थी। प्रदेश में 17 मार्च से शुरू हुई गेहूं की सरकारी खरीद 15 जून तक चलेगी। धान के साथ ही ऐसा हुआ था। बाजार में अच्छे किस्म की धान दिसम्बर में 1600 रुपये क्विंटल थी जो फरवरी आते-आते 2600 तक पहुंच गया। वहीं सरकारी खरीद 2200 के आस-पास ही रहा। खेती में बढ़ती लागत को देखते हुए अब सरकार को सरकारी खरीद की दर बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए अन्यथा अब बाजार किसानों के साथ देने को तैयार है।

## आज का राशिफल

**मेष :** बुद्धि व धन का दुरुपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

**वृष :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-3-5

**मिथुन :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-3-8

**कर्क :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-5-8

**सिंह :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-4-8-9

**कन्या :** अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-8-9

**तुला :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे। शुभांक-1-2-7

**धनु :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थो की प्राप्ति होगी। शुभांक-1-4-8

**मकर :** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-6-8

**कुंभ :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-5-7-8

**मीन :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मायने अराजकता नहीं





- हरीश सबनानी

**भारतीय** राजनीति, साहित्य, संस्कृति और अकादमिक दायरों में जिस पदबंध का प्रयोग जोर-शोर से किया जाता है, वो है- अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता। जितने जोर-शोर से इसे दोहराया जाता है उससे भी दोगुने मौकों पर इसका दुरुपयोग भी उतने ही खुले तौर पर किया जाता है। हालिया एक कॉमेडियन कुणाल कामरा के प्रकरण से ऐसा ही कुछ हुआ जा रहा है। जो लोग यह 'तर्क' देते हैं कि अगर आप किसी से असहमत भी हों, तब भी आपको उनके बोलने के अधिकार का समर्थन करना ही चाहिए। 'फ्रीडम ऑफ स्पीच' पर तभी प्रश्न उठाए जा सकते हैं जब वह हिंसा फैलाने में सहयोग कर रही हो। कुणाल कामरा ने ऐसा कुछ नहीं किया है। जबकि किसी के 'बोलने' इसका व्यावहारिक और तर्कसंगत पहलू भी होना चाहिए कि उसके 'बोलने' का वास्तविक मंतव्य, उद्देश्य क्या है। कोई अगर कॉमेडी की आड़ या अन्य किसी भी नजरिए से किसी व्यक्ति, जाति, धर्म, संप्रदाय, समुदाय या किसी भी उद्देश्य से निर्मित समूह के प्रति सार्वजनिक रूप से अभद्र-अशालीन-अमर्यादित भाषा-बोली का प्रयोग कर उसकी मानहानि करते हैं, सामाजिक रूप से अपमानित करते हैं, फूहड़ तरीके से हंसी-मखौल उड़ाते हैं या उसके हितों नुकसान करते हैं तो यह भी उसके प्रति वाचिक हिंसा, सार्वजनिक अपमान करना ही हुआ, इसे स्वतंत्रता की अभिव्यक्ति, बोलने का अधिकार या लोकतंत्र जा समर्थन तो कतई नहीं कहा-माना जा सकता। कुणाल कामरा ने पिछले दिनों अपने कॉमेडी शो में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के तरफ संकेत कर जो कुछ कहा है, उसे समझना, उसके निहितार्थ निकालना कोई मुश्किल काम नहीं है। यह महज कॉमेडी नहीं, विशुद्ध रूप से फूहड़ तरीके का राजनीतिक वक्तव्य है, किसी का सार्वजनिक अपमान, उसकी मानहानि है। भारत में दल-बदल कर सत्ता हासिल करने का लंबा राजनीतिक इतिहास रहा है। 1977 और 1979 में हरियाणा में मुख्यमंत्री भजनलाल के समूची कैबिनेट सहित दलबदल करने का इतिहास तो जाना-पहचाना है ही, राजनीतिक मुहावरा 'आयाराम-गयाराम' भी हरियाणा के एक विधायक की ही देन है।

अभिव्यक्ति के स्वतंत्रता की आड़ में हमें उन मूल्यों को भी नहीं भूलना चाहिए जो एक सभ्य, सुसंस्कृत, मर्यादित और शिष्ट समाज की बुनियाद होते हैं। इस समाज में अनियंत्रित, निरंकुश कुछ भी नहीं होता। अनुशासन, मयार्दाओं की एक सीमा-रेखा होती है। भारतीय संविधान में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता अनुच्छेद 19(1)(क) के तहत नागरिकों को दी गई है। हालांकि यह भी असीम नहीं है। इसे अनुच्छेद 19(2) के तहत कुछ उचित प्रतिबंधों के अधीन रखा गया है। हर अभिव्यक्ति के मायने अराजकता नहीं हो सकता। लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए वाचिक और शाब्दिक हिंसा पर भी अंकुश उतना ही जरूरी है जितना दैहिक हिंसा पर।

> कहने को विदेशी सिनेमा या सीरीज में देशज शब्दों की भरमार होती है। ऑस्कर पाने वाली 'अनोरा' में एक गाली का प्रयोग सैकड़ों बार हुआ। मार्टिन स्कोसेर्सी जैसे बड़े फिल्मकार ने भी 'द वुल्फ ऑफ वॉल स्ट्रीट' में भी एक यौन शब्द का इस्तेमाल सैकड़ों बार किया। किसी रचना, चाहे वो फिल्म हो या किताब, उसमें अगर गाली या कथा या पात्रों के स्तर के अनुसार गालियों या किसी देशज किस्म की भदेस भाषा का प्रोयग होता है

भारतीय बौद्धिक जगत की दिक्कतें यह भी कम नहीं कि उसकी बौद्धिकता किसी व्यक्ति, समूह, जाति,समुदाय को परखने,उसका मूल्यांकन करने या उसके पक्ष-विपक्ष में खड़े होने के मूल में उसके पैमाने, उसके निकष, मापदंड उसकी विचारधारा के अनुरूप बदलते रहते हैं। इसके मूल में उसकी राजनीतिक विचारधारा, उसकी अपेक्षाएं, उसकी महत्वाकांक्षाएं और उसके निहितार्थ मुख्य भूमिका निभाते हैं। ऐसा ही कामरा के प्रसंग में हुआ है। कला और साहित्य-संस्कृति की स्वायत्तता के स्वयम्भू ठेकेदारों ने अपने स्तर पर एक पैमाना बना रखा है जिससे वे अभियक्ति की आजादी की हद तय करते है। सच यही है कि आज भारतीय बौद्धिक जगत अपनी इस खामोशी की वजह ज्यादा अविश्वसनीय और बदनाम है जिसे निर्मल वर्मा ने 'चुनी हुई चुप्पी' कहा था, जिसे सामान्यतः 'सलेक्टिव खामोशी' कहा जाता है।

ऐसे चुनी हुई चुप्पियों वाले कथित और स्वयंभू बुद्धिजीवियों की अभिव्यक्ति की आजादी तब खतरे में नहीं आती जब तस्लीमा नसरीन को बोलने से रोका जाता है, तारेक फतेह के साथ धक्का मुक्की कर जश्ने रेख्ता से बाहर किया जाता है ।

इस आजादी पर तब भी खतरा नहीं आता जब जेएनयू के वामपंथी योग शिक्षक रामदेव को किसी कार्यक्रम में बुलाने का विरोध कर उनका कार्यक्रम रद्द करवा देते है या नूपुर शर्मा की तथ्यात्मक बात के बावजूद वे चुप्पी धारण कर लेते हैं। यदि कोई अपनी वैचारिकता के निकट है तो गलत होकर भी सही, वरना विरोधी होने पर खामोशी। क्या एक लोकतांत्रिक देश में सेलेक्टिव चुप्पी और सलेक्टिव स्वस्थ प्रवृत्ति है ?

कुणाल कामरा का विवादों से पुराना नाता रहा है। वरिष्ठ पत्रकार अर्नब गोस्वामी से लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदर्भ में वो विवादों में रह चुके हैं। नए वीडियो में कामरा ने मुकेश अंबानी के बेटे का उसके वजन के लिए मजाक उड़ाया है। सभी जानते हैं कि अनंत अंबानी को बीमारी की वजह से स्टेरॉइड्स लेने पड़ते हैं। स्टेरॉइड्स के साइड इफेक्ट की वजह से उनका ये वजन बढ़ा हुआ है। यानी बीमारी की वजह से अनंत अंबानी की ये हालत है और कोई उसका मजाक उड़ा रहा है तो ये कुछ भी हो सकता है, कॉमेडी तो नहीं।

वास्तविकता यह है कि आज के दौर में जब कॉमेडियन का मार्केट ठंडा हो जाता है तब वापस मार्केट में चर्चा में आने के लिए धर्म, राजनीतिक, जाति आदि विषयों पर निजी रूप से व्यंग्य करते हैं ताकि विवाद हो और वह फिर चर्चा में आ जाएं। पैसे और चर्चा में बने रहने के लिए उनका एक तरह का पेशा है। इसे आप इस प्रकरण से भी समझ सकते हैं कि इस विवाद के बाद 'सुपर थैंक्यू' के नाम पर कामरा को दो दिन में ही लाखों रुपये की फंडिंग हो चुकी है।

कहने को विदेशी सिनेमा या सीरीज में देशज शब्दों की भरमार होती है। ऑस्कर पाने वाली 'अनोरा' में एक गाली का प्रयोग सैकड़ों बार हुआ। मार्टिन स्कोसेर्सी जैसे बड़े फिल्मकार ने भी 'द वुल्फ ऑफ वॉल स्ट्रीट' में भी एक यौन शब्द का इस्तेमाल सैकड़ों बार किया।

किसी रचना, चाहे वो फिल्म हो या किताब, उसमें अगर गाली या कथा या पात्रों के स्तर के अनुसार गालियों या किसी देशज किस्म की भदेस भाषा का प्रोयग होता है तो उसे रचनात्मक अनिवार्यता कही जा सकती है, राही मासूम रजा के 'आधा गांव' या काशीनाथ सिंह की 'अस्सी जा अस्सी' कृति-फिल्म लेकिन आज के दौर में जब 'स्टैंडिंग कॉमेडी' के नाम जो छिछोरापन परोसा जाता है, वह अस्वीकार्य है।

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता किसी को कुछ भी करने की इजाजत नहीं दे सकती। गाली गलौज, मानहानि, अभद्र भाषा, सार्वजनिक छीछालेदर को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता नहीं कहना चाहिए। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता मर्यादित बोध से होनी चाहिए।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## लेटर टू एडिटर

### न्याय व्यवस्था की साख

हाल के समय में न्यायपालिका को लेकर सवाल उठने लगे हैं। कई बार ऐसा लगता है कि न्यायिक फैसले सरकार के दबाव में दिए जाते हैं। न्यायपालिका को स्वतंत्र और बिना किसी दबाव के काम करना चाहिए। हाल ही में दिल्ली में न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के घर मिली जलती नोटों की गड्डियां ने इन सवालों को और गहरा किया है। न्यायपालिका और विधायिका को मिलकर सुधारों की पहल करनी चाहिए।

**-जय भारद्वाज, गढ़वा**

### बुजुर्गों को हक

तमिलनाडु हाईकोर्ट के ऐतिहासिक फैसले ने बुजुर्गों को नया संबल दिया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि यदि संतान या उत्तराधिकारी बुजुर्ग माता-पिता की सेवा और देखभाल में लापरवाही करें, तो बुजुर्गों को अपनी दी हुई संपत्ति वापस लेने का पूरा अधिकार होगा। एक बुजुर्ग महिला ने बेटे को गिफ्ट डीड द्वारा संपत्ति दी, लेकिन बेटे की मृत्यु के बाद बहू ने दुर्व्यवहार किया। अदालत ने महिला के पक्ष में फैसला सुनाते हुए कहा कि सेवा और सम्मान के अभाव में गिफ्ट डीड रद्द की जा सकती है। यह फैसला बुजुर्गों के सम्मान और आत्मसम्मान की रक्षा में मील का पत्थर है।

**-आरके जैन, रांची**

### ट्वीट

**हर** भारतीय नागरिक को बैंकिंग सेवाओं से जोड़ने के लिए 28 अगस्त, 2014 को मोदी सरकार द्वारा प्रधानमंत्री जन धन योजना की शुरूआत की गई इस योजना के माध्यम से देश में वित्तीय समावेशन का स्तर तेजी से बढ़ा है और लाखों लोगों को सस्ती एवं सुलभ बैंकिंग सेवाएं प्राप्त हो रही हैं।

**- सीपी सिंह विधायक रांची**

# मुस्लिम आरक्षण का खेल खेलते राजनीतिक दल

**सामयिक**

**प्रमोद भार्गव**

कर्नाटक में मुसलमानों को सार्वजनिक ठेकों में चार प्रतिशत आरक्षण देने के मुद्दे पर संसद में भारी हंगामा हुआ। भाजपा सांसदों ने इस मुद्दे को उठाते हुए कांग्रेस पर संविधान बदलने का आरोप लगाया। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जो संवैधानिक पद पर बैठे हैं, कह रहे हैं कि पार्टी संविधान बदलकर मुस्लिमों को आरक्षण देगी। दरअसल, कर्नाटक की कांग्रेस सरकार में उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा है कि मुस्लिमों का ठेकों में चार प्रतिशत आरक्षण बरकरार रखने के लिए जरूरत पड़ी तो संविधान में भी बदलाव करेंगे।

रिजिजू ने इस मुद्दे को बारी-बारी से संसद के दोनों सदनों में उठाया। इसे लेकर भारी हंगामा हुआ। इस मुद्दे का समर्थन करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कांग्रेस को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि ह्यकांग्रेस बाबा साहब आंबेडकर के संविधान को बदलना चाहती है, क्योंकि इसमें साफ लिखा है कि धर्म के आधार पर किसी को भी आरक्षण का लाभ नहीं दिया जा सकता है। परंतु कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ऐसा करने जा रही है।

संविधान बदलने का बयान संवैधानिक पद पर बैठे ऐसे व्यक्ति ने दिया है, जिसे हल्के से नहीं लिया जा सकता है। यही नहीं, कर्नाटक में कांग्रेस के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया सरकार ने ओबीसी, एससी और एसटी युवाओं का हक मारकर मुसलमानों को 4.5 प्रतिशत आरक्षण देने का काम किया था। जबकि हमारे संविधान में धर्म आधारित आरक्षण की कोई जगह नहीं है। अतएव इस तरह के प्रयास संविधान निमार्ताओं की देशहित से जुड़ी इच्छाओं के विरुद्ध हैं। बावजूद कांग्रेस मुस्लिमों को धर्म आधारित आरक्षण देने के तुष्टिकरण से जुड़ा खेल निरंतर खेलती आ रही है।

कांग्रेस की सोच हमेशा से तुष्टिकरण और वोटबैंक की राजनीति की रही है। 2004 से 2010 के बीच कांग्रेस ने चार बार आंध्रप्रदेश में मुस्लिम आरक्षण लागू करने की कोशिश की थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट की जागरूकता के कारण वे अपने मंसूबे पूरे नहीं कर पाए। दरअसल, यह कांग्रेस का ह्यपायलट प्रोजेक्टह्य था, जिसे कांग्रेस पूरे देश में आजमाना चाहती थी। अल्पसंख्यक बनाम मुस्लिमों को पिछड़ों, दलित और आदिवासियों के संविधान में निर्धारित कोटा के अंतर्गत 4.5 प्रतिशत आरक्षण देने की की मंशा हमेशा रही है लेकिन न्यायालय के हस्तक्षेप के चलते इस मंशा को पलीता लगता रहा है। इस आरक्षण को लेकर आंध्रप्रदेश उच्च न्यायालय के बाद देश की सर्वोच्च न्यायालय ने कड़ा रुख अपनाते हुए आंध्रप्रदेश उच्च न्यायालय के फैसले के विरुद्ध दायर आपील को खरिज कर दिया था। केंद्र सरकार इस मामले में सुप्रीम कोर्ट से स्थगन आदेश चाहती थी। इस मंशा के विपरीत कोर्ट ने सरकार से यह और स्पष्ट करने को कहा था कि वह बताए कि उसने किस आधार पर अल्पसंख्यकों को 4.5 फीसदी आरक्षण देने का फैसला लिया ? कोर्ट ने यह भी कहा था कि क्या इस तरह कोटे में उप कोटा आरक्षित करने का सिलसिला चलता रहेगा ?

दरअसल, आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट ने धर्म के आधार पर आरक्षण का लाभ संविधान के विरुद्ध बताया था। दिसम्बर 2011 के बाद से शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी नौकरियों में ओबीसी वर्ग को 27 फीसदी आरक्षण का प्रावधान है। लेकिन कुटिल चतुराई से ओबीसी के कोटे में खासतौर से मुस्लिमों को लुभाने के लिए 4.5 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने का प्रावधान कर दिया गया था। इसे आंध्र उच्च न्यायालय ने अस्वीकारते हुए साफ किया था कि कोटा के अंतर्गत उप कोटा दिए जाने का प्रावधान अल्पसंख्यकों को लुभाने के लिए दिया गया है। इसे कानूनी रूप देते हुए कहा गया है कि ह्यअल्पसंख्यकों से संबंधितह्ण और ह्यअल्पसंखयकों के लिए जैसे वाक्यों का जो प्रयोग किया गया है वह असंगत है, जिसकी कोई जरूरत नहीं है। इस फैसले का व्यापक असर होना तय था। क्योंकि यह प्रावधान आईआईटी जैसे केंद्रीय शिक्षण संस्थानों में भी लागू हो गया था। बहरहाल, न्यायालय के फैसले के बाद कांग्रेस का मुस्लिमों को लुभाने वाले नुस्खे पर पानी फिर गया था।

वंचित समुदाय वह चाहे अल्पसंख्यक हों अथवा गरीब सवर्ण, उनको बेहतरी के उचित अवसर देना लाजिमी है, क्योंकि किसी भी बदहाली की सूरत, अल्पसंख्यक अथवा जातिवादी चश्मे से नहीं सुधारी जा सकती। खाद्य की उपलब्धता से लेकर शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी जितने भी ठोस मानवीय सरोकार हैं, उनको हासिल करना मौजूदा दौर में केवल पूंजी और शिक्षा से ही संभव है। ऐसे में आरक्षण के सरोकारों के जो वास्तविक हकदार हैं, वे अपरिहार्य योग्यता के दायरे में न आ पाने के कारण उपेक्षित ही रहेंगे। अलबत्ता आरक्षण का सारा लाभ वे बटोर ले जाएंगे जो आर्थिक रूप से पहले से ही सक्षम हैं।

# नारी का सम्मान ही पौरुष की पहचान

**मोटिवेशन**



**अजयदीप बाधवा**




एक युद्ध के बाद शिवजी महाराज की सेना ने दुश्मनों को बुरी तरह पराजित किया । युद्ध के उपरांत बंधकों को पकड़ लिया गया, उनमें एक बहुत सुंदर महिला भी थी । उस महिला को शिवाजी महाराज के समक्ष प्रस्तुत किया गया । सैनिकों को हालांकि ज्ञात था कि शिवाजी महाराज महिलाओं का बहुत सम्मान करते हैं पर उनके मन में गुस्सा था कि पूर्व में उनकी महिलाओं के साथ दुश्मनों ने बहुत बुरा और घृणित व्यवहार किया था और वे शायद वैसा ही कुछ व्यवहार इस महिला के साथ चाहते थे । शिवाजी ने उस महिला को देखा, माफी माँगी और तुरंत उसे छोड़ दिया और साथ ही यह आदेश भी दिया कि इस महिला को ससम्मान उसके घरवालों तक पहुँचा दिया जाये । शिवाजी महाराज मुगलों की हर महिला बंदी के साथ ऐसा ही व्यवहार करते थे । शायद इसी कारण हम भारतीय शिवाजी महाराज को पूजते हैं । दरअसल किसी भी व्यक्ति की सज्जनता की पहचान ही यही है कि वह महिलाओं के साथ व्यवहार कैसे करता है ; अपने घर और बाहर की महिलाओं के साथ उसका बातचीत करने और उनके साथ पेश आने का उसका तरीका कैसा है ! एक सज्जन, बहादुर और सही मायने में पौरुष वाला व्यक्ति कभी भी महिलाओं के साथ गलत आचरण नहीं करेगा और सदैव सभ्यता के साथ पेश आयेगा । भारतीय इतिहास में प्राचीन काल से ही महिलाओं के पास पुरुषों के बराबर अधिकार रहे हैं। पुरुष अगर बाहर कमाने जाते थे तो उस कमाई, बच्चों, बुजुर्गों और घर परिवार का ध्यान महिलायें रखती थीं । वेद काल में कई स्थान पर यह भी वर्णन है कि महिलाओं ने कई बार बाहरी आक्रमण होने पर हथियार भी संभाला है और परिवार एवम गांव की संपति की रक्षा की है ।

भारतीय समाज में महिलाओं के साथ गलत व्यवहार के जो उद्धरण सामने आते हैं वे भारत में हजार वर्ष पूर्व हुए आक्रमणों और उसके बाद विदेशियों के शासन काल के दौरान आयी कुरीतियों का परिणाम हैं । एक प्राचीन कथा के अनुसार रावण वध के बाद जब रावण की पत्नी मंदोदरी राम के पास जाती है तो श्री राम धूप में एक चट्टान पर बैठकर अपने सेनापतियों से विचार विमर्श कर रहे थे । मंदोदरी राम भगवान के पीठ तरफ से आयी और उनकी छाया सर्वप्रथम श्री राम पर पड़ी । स्वयं पर परस्त्री की परछाईं देख कर श्री राम घबरा जाते हैं और तुरंत खड़े होकर पीछे देखते हैं । अपने समक्ष मंदोदरी को देखकर श्री राम उन्हें हाथ जोड़ कर प्रणाम करते हैं और रावण वध के लिए क्षमा माँगते हैं । इसी करना श्री राम को पुरुषोत्तम अर्थात पुरुषों में उत्तम कहा जाता है क्योंकि परस्त्री की परछाई भी उन्हें विचलित कर देती थी ।

दुख की बात है कि आज हम इस भारतीय संस्कृति को भूल गए हैं और नारी के प्रति सम्मान प्रकट करने में चूक जाते हैं । अब समय इस भूल को सुधारने का है । भारत की आधी जनसंख्या, जो कि महिला है, को उनके उचित सम्मान और अधिकार को देने का है । आज हमारे देश की राष्ट्रपति एक महिला है और हमें यह प्रण लेना है कि आगे भी हम ऐसे ही महिलाओं को उचित सम्मान देंगे । पुरुष का पौरुष महिलाएँ के सम्मान में ही है । मोटिवेटर, रांची, 9431107515




**बेतला झारखंड के पलामू प्रमंडल में स्थित फोरेस्ट कंजरवेशन पार्क है। यह पूरे देश में चर्चित और रमणीक वन है। यहां बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। तस्वीरः अजय सानी**

## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### अलविदा जुम्मे की नमाज अदा की



**रामगढ़।** मुस्लिम समाज ने रमजान महीने के अंतिम जुम्मे की नमाज शुक्रवार को शहर सहित जिलाभर के मस्जिदों में उत्साह के साथ अदा की। जुम्मे की नजाद अदा करने को लेकर मस्जिदों में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग पहुंचे। नमाज अदा करने के पश्चात लोगों द्वारा एक दूसरे को मुबारकबाद दी गई। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने अपने परिवार की खुशहाली की दुआ की। साथ ही देश की सुख समृद्धि और शांति के लिए भी दुआ मांगी।

### मजदूर यूनियन के अध्यक्ष बने मांझी



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मोहन मांझी को राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन का उरीमारी शाखा अध्यक्ष बनाया गया है। इनका मनोनयन यूनियन के बरका-सयाल क्षेत्रीय सचिव देवेन्द्र कुमार सिंह ने किया है। देवेन्द्र सिंह ने कहा कि मोहन मांझी के उरीमारी शाखा अध्यक्ष बनने से यूनियन उरीमारी परियोजना में और मजबूत बनेगी। वहीं मनोनयन के बाद मोहन मांझी ने कहा है कि सभी कार्यकर्ताओं के साथ बेहतर समन्वय बनाकर यूनियन को और मजबूत बनाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी।

### रामगढ़ में जुलूस मार्गो का निरीक्षण



**रामगढ़।** सरहुल, ईद और रामनवमी को लेकर शुक्रवार को थाना प्रभारी कृष्ण कुमार के नेतृत्व में शुक्रवार को रामगढ़ पुलिस ने जुलूस मार्गों का निरीक्षण किया। थाना प्रभारी ने लोगों से आह्वान किया कि छत पर ढेला-पत्थर ईकट्ठा नही करें। ज्वलनशील पदार्थ भी जमा नही करें। उन्होंने कहा कि ढेला-पत्थर और ज्वलनशील पदार्थों की निगरानी ड्रोन कैमरे द्वारा भी की जाएगी। यदि कहीं भी किसी के द्वारा ऐसी सामग्री ईकट्ठा की जाएगी तो उसके विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। इसलिए हम लोगों से ऐसी सामग्री ईकट्ठा नही करने का आहवान कर रहे हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि आगामी सरहुल, ईद और रामनवमी पर्व को लेकर थाना क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों की पहचान की गई है। जहां पर्व के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जाएंगे। बताया कि सौदागर मुहल्ला, गोलपार, नईसराय, हेसला, कुंदरूकला की पहचान संवेदनशील स्थान के रूप में की गई है।

### लाइब्रेरी के दूसरे फेज का उद्घाटन कल

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सेल्फ स्पेस लाइब्रेरी के दूसरे फेज का उद्घाटन रविवार को होगा। संस्था के निदेशक आशीष कुमार, राहुल वर्मा व सतीश वर्मा ने बताया कि मात्र तीन महीने में ही सेल्फ स्पेस लाइब्रेरी के पहले फेज में 200 छात्रों के नामांकन ने इतिहास रचने का काम किया है। वहीं दूसरे फेज में विद्यार्थियों के लिए 145 सीटो के साथ-साथ एक अच्छी क्राइटेरिया की सुविधा, चाय, कॉफी, स्नैक्स की संपूर्ण व्यवस्था उपलब्ध है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों से जुड़ी हर प्रकार की समस्याओं का समाधान किया जायेगा। लाइब्रेरी में विद्यार्थियों लिए एसी रूम, न्यूज पेपर, मैग्जीन सहित पढ़ाई से संबंधित सभी सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा जायेगा।

### सिटी मैनेजर से मिले भाजपा नेता



**कुजू।** भाजपा का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को रामगढ़ नगर परिषद के सांसद प्रतिनिधि सह मंडल अध्यक्ष मनोज गिरी के नेतृत्व में रामगढ़ नगर परिषद के सिटी मैनेजर राजीव रंजन कुमार से मिला।प्रतिनिधि मंडल ने सिटी मैनेजर से क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। वही दिगवार दुर्गा मंदिर के समीप ओपेन जिम का निर्माण, मंदिर के पास खराब पड़े जालमीनार को ठीक करने, अशोक सिनेमा रोड के किनारे नाली की साफ सफाई, प्रणीत टावर के समीप जगह देखकर डस्टबिन लगाने के साथ गर्मी को देखते हुए परिषद क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में खराब एवं बंद पड़े चापानल की मरम्मति करवाने की मांग की। इस पर सिटी मैनेजर ने प्रतिनिधि मंडल को पहल करने का भरोसा दिलाया। प्रतिनिधि मंडल में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार सिन्हा, ब्रज बिहारी उपाध्याय शामिल थे।

### सीटू के अधिवेशन में डेलीगेट जायेंगे



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ऑल इंडिया कोल वर्कस फेडरेशन सीटू का 11वां तीन दिवसीय अखिल भारतीय अधिवेशन 28-30 मार्च को रांची में संपन्न होगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए यूनियन के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार गुप्ता ने बताया अधिवेशन को लेकर राष्ट्रीय प्रगतिशील वर्कस यूनियन के महामंत्री ओम प्रकाश सिन्हा ने सीसीएल के समस्या को सम्मेलन में रखने के लिये दो सदस्यीय डेलीगेट का चयन किये हैं। जिसमें राप्रवयू के केन्द्रीय अध्यक्ष आरपी सिंह चन्देल और सहायक क्षेत्रीय सचिव इन्द्रजीत पटेल शामिल हैं।

# हजारीबाग झील बना मनचलों का अड्डा

## मॉर्निंग वाक पर आयी महिलाओं पर कसते हैं फब्तियां

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग की झील सुबह की पहली किरण जैसे ही पानी की सतह को छूती, लहरों में सुनहरी चमक दौड़ जाती। पक्षियों की चहचहाहट, हल्की-हल्की ठंडी हवा और दूर तक फैला नीला आसमान-हर चीज मानो आत्मा को सुकून देती थी। मॉर्निंग वॉक पर आए लोग धीमे कदमों से रास्तों पर चलते, कोई योग करता, तो कोई झील के किनारे बैठकर शांत माहौल का आनंद लेता। लेकिन इस शांत माहौल में कुछ ऐसा भी है, जो धीरे-धीरे जहर की तरह घुल रहा है। बुधवार की सुबह समीक्षा कश्यप, जो रोजाना झील पर दौड़ने आती थी, जब अपने हेडफोन लगाए दौड़ रही थी, तो अचानक महसूस हुआ कि कोई उसके पीछे-पीछे चल रहा है। पहले उसने इसे नजरअंदाज किया, लेकिन जैसे ही वह मुड़ी, दो लड़कों की भद्दी मुस्कान ने उसके शरीर में सिहरन दौड़ा दी। अरे मैडम, इतनी तेज क्यों भाग रही हैं? हम भी साथ चल सकते हैं !₹ उनमें से एक ने हँसते हुए कहा। समीक्षा का दिल जोर-जोर से धड़कने लगा। उसने तेजी से चलना शुरू किया, लेकिन लड़के भी अपनी चाल बढ़ाने लगे।



घबराकर वह भीड़ की ओर भागी, लेकिन दिल में डर का बीज बो दिया गया था।

**सिर्फ समीक्षा तक सीमित :** यह घटना सिर्फ समीक्षा तक सीमित नहीं थी। 50 वर्षीय अनीता वर्मा, जो वर्षों से मॉर्निंग वॉक के लिए आती थीं, अब झील पर अकेले आने से कतराने लगी हैं। ₹पहले यह जगह इतनी सुरक्षित लगती थी, लेकिन अब हर कोने पर कोई न कोई फब्तियाँ कसने वाला मिल जाता है,₹ उन्होंने निराशा से कहा। उन्होंने कहा कि युवा तो छोड़िये अधेड़ उम्र के पुरुष भी फब्तियां कसते है। दो अधेड़ उम्र के पुरुष मेरे पति के सामने क्या मैडम, उफ ये चश्मा, उफ ये ड्रेस कहकर आगे बढ़ गए। मैं झेप गयी। ये आये दिन होता है।

कई महिलाओं ने शिकायत की थी कि जब वे झील पर आती हैं, तो कुछ लोग उन पर बेहूदा टिप्पणियाँ करते हैं, इशारे करते हैं और कभी-कभी तो पीछा भी करने लगते हैं। यह सिर्फ युवा लड़कियों की समस्या नहीं है, बल्कि अधेड़ उम्र की महिलाएँ भी इन घटनाओं का शिकार हो रही है।

**सुकून से भय तक :** कभी यह झील सुकून का ठिकाना हुआ करती थी, लेकिन अब इसका माहौल बदल गया है। पहले यह सिर्फ चंद घटनाएँ लगती थीं, लेकिन अब यह रोजमर्रा की हकीकत बनती जा रही है। सबसे चौंकाने वाली बात यह थी कि इनमें कई पढ़े-लिखे, सभ्य माने जाने वाले लोग भी शामिल है। कुछ महिलाओं ने झील आना ही बंद कर दिया है, तो कुछ ने समूह बनाकर आना शुरू कर दिया। लेकिन सवाल यह था कि क्या इसका कोई स्थायी समाधान है ?

**प्रशासन कब करेगा कार्रवाई :** स्थानीय प्रशासन और पुलिस को इस मामले में जल्द ही सख्त कदम उठाने की जरूरत है। झील परिसर में नियमित गश्त, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी और मनचलों पर कड़ी कार्रवाई से इस समस्या को रोका जा सकता है। अगर इस पर जल्दी ध्यान नहीं दिया गया, तो महिलाओं और परिवारों के लिए यह खूबसूरत स्थल एक भयावह जगह में तब्दील हो सकता है। प्रशासन की ज़िम्मेदारी है कि वह झील परिसर को महिलाओं और परिवारों के लिए सुरक्षित बनाए। वरना, आने वाले समय में यह जगह सिर्फ असामाजिक तत्वों का अड्डा बनकर रह जाएगी।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा आइटीआइ कॉलेज

## 12 साल से धूल फांक रहा करोड़ों का भवन

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** सरकारी योजनाओं का हश्र क्या होता है, इसका जीता-जागता उदाहरण झारखंड के हजारीबाग जिले में देखने को मिलता है। यहां इचाक प्रखंड के बोंगा गांव में 8.30 करोड़ रुपये की लागत से आईटीआई कॉलेज भवन तो बना, लेकिन 12 साल बाद भी इसमें पढ़ाई शुरू नहीं हुई। इस भव्य भवन को शिक्षा का केंद्र बनना था, लेकिन यह प्रशासन की लापरवाही और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका है। अब इसकी हालत इतनी जर्जर हो गई है कि इसे किराये पर दे दिया गया है।

**बने थे बड़े-बड़े सपने, लेकिन हकीकत कुछ और :** मार्च 2013 में जब इस आईटीआई कॉलेज की आधारशिला रखी गई थी, तो उम्मीद थी कि यह संस्थान इलाके के सैकड़ों युवाओं के भविष्य को उज्जवल बनाएगा। तत्कालीन राज्यपाल सैय्यद अहमद और कोडरमा के सांसद बाबूलाल मरांडी ने इस परियोजना की आधारशिला रखी थी। योजना के तहत डेढ़ साल में यह भवन तैयार हो गया था और इसमें फीटर, इलेक्ट्रिशियन, वेल्डर, टर्नर, मोल्डर समेत अन्य ट्रेडों के 300 विद्यार्थियों के नामांकन की व्यवस्था थी।



लेकिन सरकार और प्रशासन की उदासीनता का आलम यह है कि 12 साल बीतने के बावजूद यहां एक भी छात्र ने कदम नहीं रखा। न पढ़ाई शुरू हुई, न नामांकन हुआ, और न ही कोई शिक्षक नियुक्त हुआ।

**विधानसभा में निजी स्कूलों की चर्चा, सरकारी संस्थानों पर मौन :** विधानसभा में निजी स्कूलों और कोचिंग संस्थानों की स्थिति पर तो खूब बहस होती है, लेकिन इस बेरंग और वीरान पड़े करोड़ों के सरकारी भवन की कोई चर्चा तक नहीं करता। स्थानीय छात्रों का कहना है कि अगर सरकार अपने सरकारी शैक्षणिक संस्थानों को सुदृढ़ करती, तो उन्हें महंगे निजी स्कूलों और कोचिंग संस्थानों की ओर रुख करने की जरूरत ही नहीं पड़ती। एक छात्र ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा, ₹सरकार हर बार सिर्फ बड़े-बड़े वादे करती है, लेकिन हकीकत यह है कि हमें पढ़ाई छोड़ने को मजबूर किया जा रहा है। अगर यह आईटीआई कॉलेज चालू हो जाता, तो हमें रोजगार के अवसर मिलते, लेकिन अब हमें कहीं और जाना पड़ेगा।

**क्यों नहीं उठती इस मुद्दे की आवाज :** जब इतनी बड़ी सरकारी राशि खर्च कर यह भवन बनाया गया था, तो इसे शुरू क्यों नहीं किया गया? इस सवाल का जवाब किसी के पास नहीं है। न तो स्थानीय प्रशासन, न सरकार और न ही जनप्रतिनिधि इस मामले को गंभीरता से ले रहे हैं। कई निजी स्कूल और कोचिंग संचालकों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि हजारीबाग जिले में ऐसी कई सरकारी इमारतें हैं, जो शिक्षा के लिए बनी थीं, लेकिन उनका कोई उपयोग नहीं हो रहा। अब सवाल उठता है कि क्या यह भवन जनता के हित में बनाया गया था, या सिर्फ सरकारी धन लूटने का एक और जरिया था? अगर यह मामला विधानसभा में उठता, तो शायद इसका समाधान निकल सकता था।

### आठवीं के बच्चों की दी गयी विदाई



**कुजू।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुरपा में शुक्रवार को कक्षा आठवीं के बच्चों के बीच विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राम लाल मांझी व प्रधानाध्यापिका मीना कुमारी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने विद्यालय से विदा हो रहे बच्चो को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी बच्चे इस विद्यालय में पढ़ाई करके एक बेहतर शिक्षा प्राप्त की है। बाद में सभी बच्चो को उपहार देकर सम्मानित किया। मौके पर विद्यालय सदस्य सुरेन्द्र सिंह, शसुकराम मांझी, उषा देवी, आरती देवी, गीता देवी, गुड्डी देवी, जनप्रतिनिधि बसंती देवी उपस्थित थी।

### भुरकुंडा : एसवीएम पब्लिक स्कूल में कई प्रतियोगितायें आयोजित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** एसवीएम पब्लिक स्कूल सुंदरनगर भुरकुंडा में शुक्रवार को स्मार्ट ग्रैब के तत्वावधान में एक नई शुरूआत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षा जगत में एक नई परंपरा स्थापित करते हुए छात्र बनाम छात्र की जगह शिक्षक बनाम छात्रों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें स्मार्ट क्विज, बैडमिंटन, डोज बॉल और अंतराक्षरी आदि प्रतियोगिताएं शामिल थीं। इस अनूठे आयोजन में शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और छात्रों के साथ एक अलग ही स्तर पर प्रतिस्पर्धा का अनुभव किया। कार्यक्रम के अंत में स्मार्ट ग्रैब की ओर से शिक्षकों को उनके समर्पण और मेहनत के लिए टिचर ऑफ एप्रिसिएशन प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन और स्मार्ट ग्रैब ने इस आयोजन को शिक्षकों और छात्रों के बीच समन्वय और सहयोग बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। प्रतिभागियों ने इस तरह के आयोजनों को भविष्य में भी जारी रखने की मांग की।

# 31 मार्च तक करायें ई-केवाईसी

**रामगढ़ में दो जागरूकता वाहन को डीडीसी व जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने किया रवाना**

**रामगढ़।** आपूर्ति विभाग की ओर से संचालित योजनाओं एवं ई-केवाईसी के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए शुक्रवार को डीडीसी रोबिन टोप्पो, अपर समाहर्ता कुमारी गीतांजलि एवं जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो ने दो जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर जिला समाहरणालय परिसर से रवाना किया। उन्होंने बताया कि 31 मार्च तक ई-केवाईसी नहीं कराने वाले लाभुकों का राशनकार्ड से नाम हटा दिया जायेगा। खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार की ओर से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से आच्छादित लाभुकों का शत प्रतिशत ई-केवाईसी आवश्यक है। ई-केवाईसी पूर्ण कराने की अंतिम तिथि 31 मार्च तक निर्धारित है। सभी गुलाबी एवं पीला राशनकार्डधारी लाभुक अपने नजदीकी डीलर से ई-केवाईसी करा लें। निर्धारित तिथि तक ई-केवाईसी पूर्ण नहीं कराने वाले लाभुकों का नाम राशनकार्ड से हटा दिया जाएगा। आपूर्ति विभाग रामगढ़ की ओर से दो जागरूकता वाहन



का परिचालन किया जा रहा है। हरी झंडी दिखाये जाने के बाद से जागरूकता वाहन के माध्यम से खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखंड सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं अंतर्गत वितरित किए जा रहे खाद्यान्न, सामग्री की जानकारी दी जा रही है। जागरूकता वाहन जिले के विभिन्न गांवों में जाकर बैनर, पोस्टर-पंपलेट एवं माइकिंग के माध्यम से लोगों को जागरूक कर रहा है। रंजीता टोप्पो ने बताया कि मुख्य रूप से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री नमक वितरण योजना, मुख्यमंत्री दाल वितरण योजना, सोना-सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना, चीनी वितरण योजना आदि के संबंध में लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

# झामुमो के हजारीबाग जिलाध्यक्ष बने संजीव बेदिया

**दायित्वों को ईमानदारी पूर्वक निभाना पहली प्राथमिकता**

खबर मन्त्र संवाददाता

भुरकुंडा (रामगढ़)। झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक और पार्टी के अध्यक्ष शिबू सोरेन और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झामुमो के केंद्रीय सचिव सह हजारीबाग जिला के मुख्य संयोजक संजीव बेदिया को हजारीबाग जिला का जिलाध्यक्ष बनाया है। इस बावत पार्टी के महासचिव बिनोद पांडेय ने मनोनयन-पत्र देकर संजीव बेदिया को हजारीबाग जिला का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। बताते चलें कि लगभग डेढ़ वर्ष पहले संजीव बेदिया को हजारीबाग जिला में पार्टी की ओर से मुख्य संयोजक बनाया गया था। मुख्य संयोजक बनने के बाद संजीव बेदिया ने हजारीबाग जिला में संगठन को और बुलंदियों पर ले जाने का बखूबी काम किया। हजारीबाग जिला के 16 प्रखंड और 2 नगर में संगठन के लोगों को जोड़ना शुरू किया और 16 प्रखंड और दोनों नगर में कमेटी का गठन कर संगठन को काफी मजबूती प्रदान की। संजीव बेदिया द्वारा निःस्वार्थ भाव से किया गया कार्य और कुशल नेतृत्व क्षमता के देखते हुए पार्टी के अध्यक्ष शिबू सोरेन, सीएम हेमंत सोरेन सहित पार्टी के शीर्ष पदाधिकारियों ने श्री बेदिया को हजारीबाग का जिलाध्यक्ष मनोनित कर उन्हें बड़ा कार्यभार सौंपा है। इधर जिलाध्यक्ष बनने के बाद संजीव बेदिया ने गुरु जी शिबू सोरेन, सीएम हेमंत सोरेन और शीर्ष नेताओं के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि पार्टी ने जिस उम्मीद व विश्वास के साथ मुझे यह कार्यभार सौंपा है उन दायित्वों को



ईमानदारी पूर्वक निभाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने हजारीबाग और रामगढ़ जिला के सभी शीर्ष नेताओं और कार्यकताओं के प्रति भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही हमारी पूंजी हैं। कार्यकताओं की बदौलत ही आज मैं इस मुकाम तक पहुंचा हूं। श्री बेदिया ने अपने मनोनयन पर खुशी का इजहार करते हुए कहा कि विश्वास दिलाता हूं की मैं अपने कार्यकताओं कभी निराश नहीं होने दूंगा। सबों को एक सूत्र में पिरोकर संगठन को और उंचाईयों तक पहुंचाने का काम करूंगा। इधर संजीव बेदिया को हजारीबाग जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर झारखंड मुक्ति मोर्चा हजारीबाग जिला के सोशल मीडिया आईटी सेल के प्रभारी मुकेश राउत ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी। साथ ही श्री राउत ने कहा कि संजीव बेदिया के नेतृत्व में संगठन जमीनी स्तर पर मजबूत होगा और पार्टी स्तर पर हजारीबाग जिला पूरे झारखंड में बेहतर प्रदर्शन करेगा।

## एक नजर में

### रामनवमी व ईद को लेकर शांति समिति की बैठक



**बड़कागांव।** थाना परिसर में रामनवमी और ईद को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल और संचालन थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने किया। एसडीपीओ पवन कुमार ने हाईकोर्ट के निदेर्शों का पालन करने की बात कही, जिसमें डीजे पर प्रतिबंध और चोंगा बजाने की अनुमति शामिल है। भड़काऊ गाने बजाने पर एफआईआर दर्ज करने की चेतावनी दी गई। बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल और सीओ मनोज कुमार ने शांति और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की। थाना प्रभारी ने बताया कि जुलूस केवल निर्धारित मार्ग से ही निकाला जाएगा और सीसीटीवी व ड्रोन कैमरों से निगरानी की जाएगी। सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने वालों पर कार्रवाई होगी। रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष विवेक कुमार सोनी ने भी शांति और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने का अनुरोध किया। ग्रामीणों ने धार्मिक स्थलों पर सीसीटीवी लगाने और छतों की ड्रोन कैमरे से निगरानी की मांग की। बैठक में प्रमुख समाजसेवी, जनप्रतिनिधि और पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

### किसानों को दी गयी आधुनिक खेती की ट्रेनिंग



**दारू।** दिग्वार पंचायत में प्रखंड स्तरीय कृषक मेला सह प्रदर्शनी लगा। इस मेले में सैकड़ों किसानों ने भाग लिया। कृषि वैज्ञानिकों और अधिकारियों ने किसानों को सरकारी योजनाओं, जैविक खेती और उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी दी। मेले में कई किसानों और किसान मित्रों ने अपनी उपज प्रदर्शित की, जिसमें कोहड़ा, आलू, गन्ना, टमाटर, प्याज, लहसुन, गुलाब और अन्य फसलें शामिल थीं। कृषि पदाधिकारी गंगासागर ने बताया कि किसानों को व्यावहारिक अनुभव से सीखने पर जोर देना चाहिए। उन्होंने मिट्टी की गुणवत्ता सुधारने के लिए जिप्सम के उपयोग पर चर्चा की और निशुल्क मिट्टी जांच की सुविधा का लाभ उठाने की अपील की। इस अवसर पर 20 सूत्री अध्यक्ष शशि मोहन सिंह, मुखिया महेंद्र मुर्मू, अंचल अधिकारी राम बालक कुमार, पशुपालन पदाधिकारी डॉ. विमला कुमारी समेत कई अधिकारी और किसान उपस्थित थे।

### पदमा में पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक



पदमा। ओपी परिसर में शुक्रवार को रामनवमी, ईद और सरहुल त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता अंचलाधिकारी मोतीलाल हेंब्रम ने की, जबकि संचालन थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह ने किया। सीओ ने सभी समुदायों से आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की। थाना प्रभारी ने बताया कि सरकारी दिशा-निदेर्शों का पालन करते हुए रामनवमी की झांकी और जुलूस निकाले जाएंगे, साथ ही मेले का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा और शराबबंदी को सख्ती से लागू किया जाएगा। बैठक में पंडारकौन पंचायत मुखिया सुनीता देवी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार मेहता, भाजपा नेता अजय मेहता, मोहम्मद सुल्तान खान, पंचायत समिति सदस्य कामेश्वर मेहता, उपेंद्र पाठक, राजकुमार मेहता, अशोक केसरी और अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।

### कोनार डैम के विस्थापितों ने दिया धरना



विष्णुगढ़। कोनार डैम के फुटबॉल मैदान में विस्थापितों ने दिया धरना। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय संगठन मंत्री महेंद्र प्रसाद महतो उर्फ माही पटेल ने कहा कि डीवीसी कोनार डैम के परियोजना प्रधान का रवैया हिटलरशाही जैसा प्रतीत होता है। उनकी कार्यशैली विस्थापितों को डराने और शोषण करने वाली है, जो निंदनीय है। उन्होंने कहा कि विस्थापित सत्तर-पचहत्तर वर्षों से बेघर हैं, लेकिन डीवीसी केवल अपनी परियोजना की चिंता करती है और सामाजिक दायित्वों को नजरअंदाज कर रही है। अगर उनकी नीतियां नहीं बदलीं, तो आंदोलन जारी रहेगा। प्रखंड विससूत्री उपाध्यक्ष छोटेलाल बेसरा ने भी कहा कि डीवीसी विस्थापितों को डराकर शोषण करना चाहती है, लेकिन अब वे जागरूक और एकजुट हो चुके हैं। धरने में सैकड़ों विस्थापित ग्रामीणों के साथ बबलू बेसरा, संतोष बेसरा, बैजु टुडू, साहेबरम हेंब्रम, अजीत करमाली, पूजा सोरेन, बसंती देवी और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### पब्लिक वेलफेयर फाउंडेशन ने किया क्रिकेट टूर्नामेंट



**कटकमदाग।** पब्लिक वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा कटकमदाग प्रखंड के मेयातु गांव में प्रखंड स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 16 टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी पंकज कुमार, झारखंड सेवा मंडल के सचिव सुबोध ओझा और सुल्ताना पंचायत उपमुखिया विनय दुबे उपस्थित थे। सुबोध ओझा ने कहा कि यह आयोजन क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने में सहायक होगा। वहीं, थाना प्रभारी पंकज कुमार ने कहा कि आउटडोर गेम से न केवल शरीर बल्कि मन और मस्तिष्क भी स्वस्थ रहता है। फाउंडेशन के सचिव सुनील कुमार पांडेय ने बताया कि संस्था सामाजिक, सांस्कृतिक और खेल-कूद कार्यक्रमों का लगातार आयोजन कर रही है, जिससे युवा, महिलाएं और बच्चे सर्वांगीण विकास कर सकें। इस अवसर पर युवा क्रिकेट क्लब के पप्पू कुमार, प्रिंस शुक्ला, कौशिक दुबे, सचिन कुमार, दीपक कुमार, राजकुमार, सौरव गुप्ता, श्रवण कुमार, सुनील प्रजापति समेत कई खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

### फिलीस्तीन को लेकर संगोष्ठी आयोजित

बरही। बरही स्थित आरएनवाईएम कॉलेज में गुरुवार को इतिहास विभाग एवं ई.क्यू.ए.सी. के संयुक्त तत्वावधान में ₹फिलीस्तीन समस्या : एक ऐतिहासिक परिदृश्य₹ विषय पर एक दिवसीय अंतरिक्ष संगोष्ठी आयोजित की गई। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. बिमल किशोर मुख्य अतिथि रहे, जिनका स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया गया। डॉ. बिमल किशोर ने यहूदियों और अरबों के फिलीस्तीन पर ऐतिहासिक दावों, रोमन शासन, इस्लामी प्रभाव, तुर्की साम्राज्य एवं प्रथम विश्व युद्ध के बाद ब्रिटिश हस्तक्षेप पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि फिलीस्तीन समस्या के समाधान के लिए कई प्रयास किए गए, लेकिन अब तक ठोस समाधान नहीं निकला .विभागाध्यक्ष डॉ. अरुणा रानी ने फिलीस्तीन के प्रारंभिक इतिहास, यहूदी आंदोलन, चर्चिल श्वेत पत्र और अन्य ऐतिहासिक घटनाओं पर प्रकाश डाला। डॉ. कुमारी सुषमा कुमारी ने इसके भौगोलिक, आर्थिक और सामाजिक पहलुओं पर चर्चा की।

### बरही में दुर्गा वाहिनी की शोभा यात्रा 4 अप्रैल को


बरही। हिंदू नववर्ष एवं श्री राम जन्मोत्सव को लेकर रसोईया धमना स्थित भगवान महावीर मंदिर प्रांगण में बजरंग दल संयोजक अरविंद कुमार की अध्यक्षता में दुर्गा वाहिनी एवं मातृशक्ति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में आगामी हिंदू नववर्ष एवं श्री राम जन्मोत्सव कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा हुई। अरविंद कुमार ने कहा कि सनातन धर्म के अनुसार नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को मनाया जाता है, क्योंकि इसी समय प्रकृति नवीन स्वरूप ग्रहण करती है। इसी माह में भगवान श्रीराम और हनुमानजी का जन्म हुआ था, जिससे मानव जीवन को दिशा मिली।

# आखिर समाज महिला दुष्कर्म को लेकर कब शर्मसार होगा?



रानी राज

**सभ्य** भारतीय समाज में बलात्कार शब्द का खुलेआम प्रयोग भी शर्म की बात मानी जाती रही है मगर अब थोड़ा रुकिए , अब रेप के लिए किसी लड़की या महिला के वस्त्रो खोलने की कोई जरूरत नहीं , सलवार का नाडा भी तोड़ने की जरूरत नहीं और नहीं किसी बेबस ;लड़की या महिला के स्तन दबोचने से रेप होगा। आजकल आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस का जमाना है बिना वस्त्र खोले और शरीर को छुए भी पुरुषांग महिलाओं के जननांगो तक पहुंच जायेगा। सब शांति से हो जायेगा। न महिला विरोध कर पायेगी , न उसके वस्त्र फटेंगे और न ही उसके साथ कोई शारीरिक हिंसा होंगी। यह न्याय का नया अध्याय है जो न्यायपालिका में लिखा जा रहा है। खैर , भविष्य को छोड़ अभी देखते हैं ,मार्च 2025 में इलाहाबाद हाई कोर्ट में जस्टिस राम मनोहर नारायण मिश्रा की बेंच ने अपने एक फैसले में कहा है कि पीड़िता के स्तन को छूना और पायजामे की डोरी तोड़ने को बलात्कार या बलात्कार की कोशिश के मामले में नहीं गिना जा सकता है। हालाँकि कोर्ट ने ये कहा कि ये मामला गंभीर यौन हमले के तहत आता है। ये मामला उत्तर प्रदेश के कासगंज इलाके का है. घटना साल 2021 में एक नाबालिग लड़की के साथ हुई थी। कोर्ट ने इसे तैयारी और प्रयास के अंत को रेखांकित करते हुए देखा ,लेकिन भारत में बलात्कार की घटनाएँ केवल शरीर पर हमला नहीं होतीं, बल्कि यह महिलाओं की आत्मा पर हमला होता है। यह उस मानसिकता का परिणाम है जो महिलाओं को पुरुषों के लिए एक वस्तु के रूप में देखती है। समाज में जर , जोरू और जमीन पर कब्जा कर पुरुष अहंकार का वर्चस्व सदियों से है। मगर जब हम आधी आबादी और महिला नेतृत्ववादी सोच के साथ नविन समाज में इस तरह के निर्णय देखते हैं तो घोर निराशा होती है की आज भी पुरुषवादी अहंकार और महिला शोषण की प्रवृति लोकतंत्र में जिन्दा है। भारतीय समाज में महिला की इज्जत एक महिला की स्व सम्पत्ति से अधिक महत्व रखती है। जिस भारतीय समाज में एक महिला कपडे पहनने और लड़को से बात करने पर उसके चरित्र पर निर्णय ले लिया जाता है , उस समाज में अगर रेप करना है तो तैयारी और प्रयास के न्यायिक बहस में महिला की इज्जत की नीलामी की जा सकती है। हालांकि ऐसे ही एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर बेंच के फैसले को पलट दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने 2021 में कहा कि किसी बच्चे के यौन अंगों को यौन इरादे से छूना पॉक्सो अधिनियम की धारा 7 के तहत यौन हिंसा माना जाएगा. इसमें चाहे त्वचा का संपर्क नहीं हुआ हो लेकिन इरादा महत्वपूर्ण है।



एक दूसरी घटना देखिये पुरुषवादी समाज की , छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के एक 40 वर्षीय व्यक्ति पर उसकी पत्नी के साथ अप्राकृतिक तरीके से यौन संबंध बनाने और उसकी मृत्यु का कारण बनने का आरोप था। लेकिन 10 फरवरी 2025 को छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने इस मैरिटल रेप के मामले में फैसला सुनाते हुए कहा कि पति का पत्नी के साथ जबरन अप्राकृतिक यौन संबंध बनाना सजा के दायरे में नहीं आता है। इस तरह के निर्णय असभ्य समाज के पुरुषवादी सोच की अगली पीढ़ी है जिसमें महिलाओं को केवल एक शरीर के रूप में देखा जाता रहा है और शादी के बाद पुरुषो को समाज लाइसेंस दे देता है की महिला की डोली के बाद अर्थी ही उठेगी पति के घर से भले वो उसके शरीर के अंगो को एक मशीन की तरह जैसे चाहे प्रयोग करे।

इस तरह के न्यायिक निर्णय आखिर किस न्याय के अध्याय को गढ़ रहे हैं ?क्या आज भी महिला शरीर और मन से पुरुषों की गुलाम ही बनी हुई है? बलात्कार जैसी घटनाएँ केवल एक आपराधिक घटना नहीं हैं, बल्कि यह उस समाज में व्याप्त लिंग आधारित असमानता, धार्मिक और जातिगत भेदभाव के परिणाम हैं जब महिलाओं को अधिकारों से वंचित किया जाता है और उनका शोषण किया जाता है। इलाहाबाद हाई कोर्ट के निर्णय उन बच्चियों पर क्या प्रभाव डालेंगे जिन बच्चियों को पुरुषो के वासनात्मक व्यवहारों से स्कुल छोड़ने पड़ते हैं , जीवन भर डर के मानसिक आघात से गुजरना पड़ता है और हर वकत एक पुरुष सहारे के बिना घर से न निकलने को बाध्य हो जाती है? आखिर हम किस तरह की समाज की रचना कर रहे है? ये निर्णय महिलाओ पर अपराध को बढ़ावा देने के ही कारण बनेंगे।

वैसे भी भारतीय कानून व्यवस्था में महिलाओ के प्रति तब तक संवेदनशीलता नहीं जगती जब तक जन आंदोलन नहीं होते। इसका इतिहास आदिवासी लड़की मथुरा से शुरू होकर निर्भया तक बदस्तूर जारी है मगर क्या महिलाओं के प्रति कानून की संवेदनशीलता बिना आंदोलन के नहीं जगेगी ? वही शादी जैसे पवित्र संस्था की आड़ में महिलाओ का शोषण कब तक होगा ?

एक महिला शादी के बाद एक मशीन के काम के साथ शरीर की भूख मिटाने की पुरुषवादी सोच की शिकार कब तक बनेगी ? आखिर ये शारीरिक बनावट के आधार पर सिर्फ. इतनी बड़ी भेद क्यूँ? किसपे सवाल उठनी चाहिए मानवजाति पर, धर्म पर या की ईश्वर पर ही जिसने बनावट में ही भेद किया या कुछ और?

(अंकेक्षण अधिकारी बिहार सरकार)

# बांग्लादेश- चीन की जुगलबंदी



**पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने पूर्वी पाकिस्तान के दो टुकड़े कर-के बांग्लादेश को जन्म दिया। लेकिन जिस चटगांव से बांग्लादेश मुक्ति संग्राम का ऐलान हुआ, भारत के जयघोष गूंजे, अब उसी चटगांव में चीन सबसे बड़ा औद्योगिकी शहर बसाने जा रहा है। बांग्लादेश सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस चीनी राष्ट्रपति शी जनिपिंग से मिले और 9 बड़े समझौतों पर दस्तखत हुए।**

# जेएसओयु के फैकल्टी ग्रेजुएट एम्प्लोयबिलिटी फ्रेमवर्क कार्यशाला में शामिल

झारखण्ड राज्य खुला विश्विद्यालय के वीसी डॉ. प्रो.टीएन साहू एवं रजिस्ट्रार डॉ. घनश्याम सिंह के द्वारा चयनित चार शिक्षकों को कॉमनवेल्थ एजुकेशनल मीडिया सेंटर फॉर एशिया के द्वारा क्षमता निर्माण




कार्यशाला में नेतृत्व करने का मौका दिया गया क्यह कार्यशाला कोल (उडछ) और सेमका (उएटउअ) के सहयोग से कोलकाता के नेताजी सुभाष खुला विश्विद्यालय में भारत के पूर्वी और पूर्वोत्तर क्षेत्र में खुला विश्वविद्यालय में स्नातक रोजगार योग्यता ढांचे के विकास पर क्षेत्रीय स्तर की तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई थी क जिसमें कुल चार खुला विश्विद्यालय से 16 प्रतिभागी को शामिल किया गया था, जिसमें झारखण्ड से जेएसओयु, बिहार से एनओयु, पश्चिम बंगाल से एनएसओयु तथा असम से केकेएचएसओयु को आमंत्रण किया गया था क प्रथम दिन सेमका के निदेशक बी. सादराच ने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर आकर सभी प्रतिभागीयों का स्वागत किया क इस तीन दिवसीय कार्यशाला में स्नातक रोजगार योग्यता के लिए संस्थागत प्रभावशीलता को मजबूत करने को प्रमुखता से बल दिया गयाक इसमें तकनीकी सत्र के दौरान कौशल अंतर और कौशल अंतर विश्लेषण पर विशेष चर्चा की गयीक 21वीं सदी के नौकरी बाजार में रोजगार योग्य होने के लिए कोर और सॉफ्ट कौशल की पहचान करने पर जोर दिया गया क तीसरा और आखिरी दिन में शामिल हुए इन चार संस्थानों के लिए स्नातक रोजगार योग्यता ढांचे की प्रस्तुति करवाई गयी जिसमे वर्ष भर का पूरा गतिविधि का खाका शामिल करना था कबतौर मुख्य अतिथि यूजीसी के उप सचिव कर्नल विनोद सिंह यादव ने अपने संबोधन में प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाते हुए नयी शिक्षा निति और भारत में ओडीएल उच्च शिक्षा संस्थानों के पायलट मामले के बारे में चर्चा किया क इस पुरे तीन दिवसीय सत्र में समन्वयक के तौर पर प्रो. निलेश मोदी, प्रो. अनिरबन घोष और डॉ. पापिया उपाध्याय ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई साथ हीं एनएसओयु के वाईस चांसलर इन्द्रजीत लाहिरी, रजिस्ट्रार अनन्या मित्रा समेत विश्वविद्यालय के अन्य स्टाफ शामिल रहे।

# जैव अर्थव्यवस्था की बढ़ती महत्ता

पंकज जगन्नाथ

जैव अर्थव्यवस्था आर्थिक रूप से तेजी से महत्वपूर्ण होती जा रही है। जैव अर्थव्यवस्था का वर्तमान वैश्विक मूल्य 4 ट्रिलियन अमरीकी डॉलर होने का अनुमान है और कुछ अनुमानों से संकेत मिलता है कि यह 30 ट्रिलियन अमरीकी डॉलर तक बढ़ सकता है, जो विश्व आर्थिक मूल्य का एक तिहाई है। दुनिया जैव-नवाचार द्वारा संचालित एक नई औद्योगिक क्रांति के कगार पर है। उभरती अर्थव्यवस्थाओं में, भारत की जैव अर्थव्यवस्था नवाचार, समृद्धि और बढ़ते वैश्विक महत्व की एक आकर्षक कहानी है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह के अनुसार भारत की जैव अर्थव्यवस्था 2014 में 10 बिलियन डॉलर से बढ़कर 2024 में 165.7 बिलियन डॉलर हो गई है।

भारत जैव अर्थव्यवस्था रिपोर्ट 2025 जारी की। उन्होंने कहा कि यह घातीय वृद्धि भारत की भविष्य की आर्थिक सफलता के महत्वपूर्ण चालक के रूप में जैव प्रौद्योगिकी के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है।

**जैव अर्थव्यवस्था के साथ दुनिया कैसे आगे बढ़ रही है?**

विश्व जैव अर्थव्यवस्था मंच द्वारा किए गए मूल्यांकन में, जैव अर्थव्यवस्था के लिए जैव प्रौद्योगिकी, जैव संसाधन या जैव पारिस्थितिकी दृष्टिकोण का उपयोग किया गया था। संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और भारत जैव प्रौद्योगिकी पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जबकि यूरोपीय संघ जैव संसाधन और जैव पारिस्थितिकी दृष्टिकोण की ओर अधिक झुका हुआ है। अब ऐसे संकेत हैं कि दृष्टिकोणों को और अधिक गहन बनाने के लिए विस्तारित किया जा रहा है ' इस प्रकार, यह विषय नया नहीं है। जो नया है वह यह है कि डिजिटलीकरण, स्वचालन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे नए उपकरण इस क्षेत्र की विकास गतिविधि को तेज कर रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप तेजी से उत्पाद लॉन्च हो रहे हैं और निवेशकों का विश्वास बढ़ रहा है।

चीन के राष्ट्रीय विकास और सुधार आयोग के अनुसार, नई योजना 14वीं पंचवर्षीय योजना की आवश्यकताओं को पूरा करती है, जिसने जैव प्रौद्योगिकी और सूचना प्रौद्योगिकी के एकीकरण और नवाचार को बढ़ावा देने के साथ-साथ जैव चिकित्सा, जैविक प्रजनन, जैव सामग्री, जैव ऊर्जा और अन्य उद्योगों के विकास को गति देने का संकल्प लिया है ताकि जैव अर्थव्यवस्था को व्यापक और मजबूत बनाया जा सके। योजना के अनुसार, जैव अर्थव्यवस्था- एक ऐसा मॉडल जो चिकित्सा, स्वास्थ्य सेवा, कृषि, वानिकी, ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण, सामग्री और अन्य क्षेत्रों को गहराई से एकीकृत करते हुए जैविक संसाधनों की सुरक्षा और उपयोग पर ध्यान केंद्रित करता है- 2025 तक उच्च गुणवत्ता वाले विकास को बढ़ावा देने में एक प्रमुख प्रेरक शक्ति बन जाएगा। 2025 तक, सकल घरेलू उत्पाद में जैव अर्थव्यवस्था के अतिरिक्त मूल्य का अनुपात लगातार बढ़ेगा और चीन में कम से कम 10 बिलियन युआन ($ 1.5 बिलियन) के वार्षिक राजस्व के साथ जैव अर्थव्यवस्था फर्मों की संख्या में बड़ी वृद्धि दिखने की उम्मीद है। 2035 तक, चीन समग्र शक्ति के मामले में वैश्विक जैव अर्थव्यवस्था में सबसे आगे रहने की उम्मीद करता है।

**जैव अर्थव्यवस्था में भारत की भूमिका क्यों महत्वपूर्ण है?**

जैव अर्थव्यवस्था में 2030 तक भारत की अर्थव्यवस्था को 10 ट्रिलियन डॉलर तक बढ़ाने की क्षमता है। चीन पहले ही अपनी जैव अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठा रहा है; लेकिन, इस क्षेत्र में हमारी मूलभूत ताकत को देखते हुए, यदि केंद्र सरकार के प्रयासों को राज्य और स्थानीय सरकारों और समाज के प्रयासों के साथ जोड़ दिया जाए, तो हम निःस्संदेह वैश्विक बाजार पर हावी हो जाएंगे।

जैव अर्थव्यवस्था भारत के विकास में किस तरह से सहायक होगी?

आर्थिक विकासः जैव अर्थव्यवस्था भारत की अर्थव्यवस्था को कृषि और फार्मास्यूटिकल्स जैसे क्षेत्रों में नए उद्योग, उद्यम और रोजगार के अवसर पैदा करके और साथ ही देश के आर्थिक आधार में विविधता लाकर विकास करने में सहायता कर सकती है।

खाद्य सुरक्षाः यह कृषि उत्पादकता और मृदा स्वास्थ्य को बढ़ाकर, पौष्टिक, जलवायु-अनुकूल फसलें पैदा करके और किसानों को जैव उर्वरक जैसे नवीन जैव प्रौद्योगिकी और जैविक विकल्प प्रदान करके भारत की खाद्य सुरक्षा में सुधार कर सकती है।

**स्वास्थ्य सेवाः** जैव अर्थव्यवस्था में प्रगति से नई फार्मास्यूटिकल्स, टीकाकरण की खोज हो सकती है और स्वास्थ्य सेवा की पहुँच और लागत बेहतर हो सकती है, जिससे स्वास्थ्य परिणामों में सुधार हो सकता है। हीमोफीलिया ए के लिए भारत के पहले जीन थेरेपी क्लिनिकल परीक्षण को मंजूरी दी गई है, जिससे आनुवंशिक रक्त विकारों के उपचार को बढ़ावा मिलेगा।

रोजगार के अवसरः जैव अर्थव्यवस्था में भारत में रोजगार सृजन की क्षमता है, विशेष रूप से बायोफार्मास्यूटिकल्स और बायोएनर्जी जैसे उद्योगों में, साथ ही बायो-मैन्युफैक्चरिंग हब के विकास के माध्यम से टियर 2 और 3 शहरों में उद्यमशीलता को प्रोत्साहित किया जा सकता है।

**जैव अर्थव्यवस्था से 2030 तक 35 मिलियन रोजगार मिलने की उम्मीद है।**

जैव स्टार्टअपः भारत की जैव अर्थव्यवस्था एक संपन्न स्टार्टअप वातावरण बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। भारत में बायोटेक स्टार्टअप की संख्या 2023 में 8,531 से बढ़कर 2030 में 35,000 होने का अनुमान है।

नियार्तः भारत कम लागत वाली दवाइयों और टीकों के दुनिया के सबसे बड़े निर्यातकों में से एक है; बायोलॉजिक्स और बायोसिमिलर उद्योगों में अतिरिक्त विस्तार से भारत के निर्यात में सुधार हो सकता है। उदाहरण के लिए, भारतीय निमार्ताओं ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (हल्ड) द्वारा ऑॅर्डर की गई पूरी वैक्सीन मात्रा का 25% प्रदान किया।

पर्यावरणीय लाभः जैव अर्थव्यवस्था बंद लूप उत्पादन और खपत के माध्यम से अपशिष्ट को कम करके और संसाधन दक्षता को अधिकतम करके परिपत्र अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देती है। उदाहरण के लिए कृषि अपशिष्ट को बायोगैस (अवायवीय पाचन) में बदला जा सकता है, बचे हुए हिस्से का उपयोग पोषक तत्वों से भरपूर उर्वरक के रूप में किया जा सकता है, जिससे अपशिष्ट कम होगा और पुनः उपयोग को बढ़ावा मिलेगा।


पर्यावरण प्रदूषण को कम करनाः जैव-उर्वरक और जैव-कीटनाशक जैसे जैव-अर्थव्यवस्था उत्पाद पर्यावरण में खतरनाक रसायनों को कम करते हैं, साथ ही पारिस्थितिकी तंत्र के स्वास्थ्य में भी सुधार करते हैंप्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों में भारत की जैव अर्थव्यवस्था मामूली $10 बिलियन से बढ़कर $165.7 बिलियन हो गई है, जो 2025 तक $150 बिलियन के शुरूआती लक्ष्य से कहीं ज्यादा है।

# अद्वितीय है वैदिक संवत्सर की धारणा

हृदयनारायण दीक्षित

**नवसंवत्सर** का स्वागत। काल सुंदर रथ पर सवार है। यह हर बरस मधुमय नवसंवत्सर लाता है। काल सर्वशक्तिमान देवता हैं। अथर्ववेद (9-53) के ऋषि भृगु ने उनकी महिमा गायी है, "काल-अश्व विश्वरथ का नियन्ता है। वह सहस्त्र आंखों वाला है। सबको देखता है। समस्त लोक कालरथ के चक्र हैं। ज्ञानी इस रथ पर बैठते हैं। यह काल सात चक्रों का वाहक है। इसकी सात नाभियां हैं। इसकी धुरी में अमृत है। ज्ञानी इस काल को विभिन्न रूपों में देखते हैं।" कैसे देखते हैं? भृगु ने बताया है, "काल से ही सृष्टि सर्जक प्रजापति आये। काल स्वयंभू है। वह स्वयं किसी से नहीं जन्मा। काल से ही विश्वजन्मा। काल में तप हैं। काल में मन है। काल में ज्ञान है। काल विश्व पालक और सबका पिता तथा पुत्र है। काल में पृथ्वी की गतिशीलता है। काल से ही सूर्योदय और सूर्यास्त हैं। काल में ही भूत, भविष्य और वर्तमान हैं।" सृष्टि का उद्भव शून्य से नहीं हो सकता। सृष्टि रचना के पहले कोई एक आदि द्रव्य है। इसी आदि द्रव्य में सृष्टि का समूचा पदार्थ-जड़ और समस्त ऊर्जा-चेतन एकत्रित है। फिर आदि द्रव्य में परिवर्तन हुआ, जो अव्यक्त था, अप्रकट था वह व्यक्त हुआ। प्रत्येक परिवर्तन का मूल गति है। गति से ही काल बोध है। वैदिक 'निरूक्त' में यास्क ने काल का सम्बंध गति से जोड़ा है।

काल अखण्ड सत्ता है। काल पिता है, वही पुत्र भी है। काल की अनुकम्पा आयु है, काल का कोप मृत्यु है। काल में सर्जन है, काल में ही विसर्जन है। भारतीय कालबोध ऋग्वेद से भी पुराना है। यही कालबोध प्राचीन काल में ईरान पहुंचा। अथर्ववेद में जो 'काल' है। वही ईरानी ग्रंथ अवेस्ता में 'जुर्वान' है। जैसे अथर्ववेद का काल प्रतिष्ठित देवता है, वैसे ही अवेस्ता का जुर्वान भी एक देव है। भारतीय काल सबका नियंता है और प्रजापति का पिता है। इसके भीतर प्रकाश और अंधकार है। दिवस और रात्रि है। 'जुर्वान' भी अनंत है। संसार के रचयिता अहुरमज्दा उसकी संतान हैं। अहुरमज्दा भारतीय प्रजापति हैं। इस विचार के अनुसार जब न आकाश था, न पृथ्वी, न कोई जीव तब 'जुर्वान' था। यहां सीधे ऋग्वेद के सृष्टि सूक्त की प्रतिध्वनि है। भारतीय नववर्ष की शुरूआत किसी ऋषि, महात्मा या महापुरुष की जन्मतिथि से नहीं होती। बेशक इस तिथि में अनेक महापुरुष उगे, अनेक निर्वाण को प्राप्त हुए। युधिष्ठिर विक्रमादित्य सहित अनेक पूर्वजों ने अपने नवसंवत्सर भी चलाये। अंग्रेजी कालगणना ईसा से शुरू होती है। लेकिन प्रथम नवसंवत्सर का प्रथम आलोक, प्रथम दिवस और प्रथम तिथि की गणना अनूठी है। सृष्टि जिस क्षण शुरू होती है, उसी समय संवत्सर का प्रारम्भ हो जाता है। संवत्सर का प्रारम्भ सार्वभौमिक है। नवसंवत्सर व्यक्त सृष्टि का प्रथम ऊषाकाल है। यह सम्पूर्ण जगत का प्रथम सूर्योदय है। सृष्टि ब्रह्म का प्रथम सुप्रभात है। इसलिए अंतर्राष्ट्रीय नववर्ष है। वैदिक संवत्सर की धारणा अद्वितीय है।



प्रकृति अजन्मा है। ऋग्वेद (10.82.6) के अनुसार "सृष्टि के आदि से ही विद्यमान वह एक अज-अजन्मा है। इसी अज की नाभि में सभी भुवन समाहित थे।" 'अज' आधुनिक ब्रह्माण्ड विज्ञानियों का 'कासमोस' है। अज गतिशील हुआ। गति से परिवर्तन आया। विज्ञान की दृष्टि से प्रत्येक सृजन/परिवर्तन के पीछे एक ऊर्जा है। प्रकृति की शक्तियां उगीं। ऋषियों के अनुसार वे देवता थीं। ऋषि कहते हैं, "व्यापक जलों में देवता थे-यद् देवा सलिले सुसंरब्धा अतिष्ठत। उनके नृत्य से तेज गति वाले रेणु अणु-परमाणु प्रकट हुए।" (10.72.6) ऋग्वेद (10.190.1, 2) में कहते हैं, "तप से ऋत व सत्य (व्यक्त जगत) प्रकट हुए। अंधकार-रात्रि और अगाध जल समुद्र आये। समुद्रों से संवत्सर प्रकट हुआ- समुद्रादर्ण वादधि संवत्सरों अजायत।" सृष्टि के साथ काल उगा। इसी काल का प्रथम दर्शन संवत्सर है। सृष्टि छान्दोग्य है। इसका अन्तस् छन्दस् है। छन्द की अपनी लय होती है। प्रकृति सदा से है। यह लय में प्रकट होती है और प्रलय में अप्रकट। प्रलय में भी लय बची रहती है। ऋग्वेद के एक मंत्र में कहते हैं, "वह वायुहीन स्थिति में भी अपने दम पर सांस ले रहा था-आनादीवातं स्वधया तदेंक।" 'स्वधा' प्रकृति की अनंत प्राण ऊर्जा है। इसलिए वायु नहीं है तो भी सांस जारी है। ऋग्वेद का 'वह एक-तदेकं' बड़ा दिलचस्प है। इसी 'वह एक' को विद्वान-विप्र इन्द्र, मित्र, अग्नि मातरिश्वन गरूण आदि देव नामों से पुकारते हैं लेकिन वह 'एकं सद्'-एक ही सत्य है-एकंसद् विप्रा बहुधा वदन्ति। (ऋ. 1.164.46) सृष्टि सृजन परिवर्तन की ही सतत प्रवाही कार्रवाई है। परिवर्तन के भीतर गति होती है। जहां गति है, वहीं समय है।

सृष्टि और प्रलय सतत प्रवाही हैं। लेकिन प्रलयकाल में भी समूची ऊर्जा का नाश नहीं होता। प्रलय के बाद फिर से सृष्टि होती है। गति का मूल ऊर्जा है। ऊर्जा अविनाशी है। गति का नाश नहीं होता। समय भी अविनश्वर है। सृष्टि बार-बार आती है। यह चक्र की तरह है। सीधी रेखा नहीं। भारतीय दर्शन में इसीलिए 'कालचक्र' है। उसका पहिया घूमता है और बार-बार सृष्टि व प्रलय लाता है। प्रकृति में द्वैत दिखाई पड़ते हैं-यहां रात-दिन हैं। जीवन-मृत्यु हैं। प्रकाश-अंधकार हैं। रात्रि ऋत है, दिन सत्य है। दिन ज्ञान है, रात्रि तमस हैं। दिन सक्रियता है, रात्रि विश्रांति है। सृष्टि अपने छन्द्स में गतिशील है। काल रथ का पहिया घूम रहा है। पूर्वजों में कालबोध था। कालबोध ही इतिहासबोध है।

भारतीय कालगणना के पहले कालबोध है। फिर कालगणना है। इस गणना में सृष्टि की आयु एक अरब 95 करोड़, 58 लाख, 85 हजार एक सौ तेरह वर्ष हो चुकी है। वैज्ञानिक अनुमान भी यही हैं। इस संवत्सर का केन्द्र सूर्य हैं, पूरा सौर-परिवार है। ऋग्वेद (1.164) में कहते हैं "सूर्य को हमने सात पुत्रों-किरणों (वर्णो) के साथ देखा है। इनके मध्यम भाई वायु हैं, उनके तीसरे भाई अग्नि हैं। ऋत का 12 अरों वाला चक्र इस द्युलोक में घूमता है। यह चक्र कभी जीर्ण नहीं होता। इसके 720 पुत्र इस चक्र में हैं।" यहां ऋत प्रकृति की व्यवस्था है और अरे 12 माह हैं। एक वर्ष में दिन रात मिलाकर 720 अहोरात्र हैं। विश्वदर्शन, काव्य सृजन या चिन्तन की किसी भी पद्धति में काल का ऐसा अध्ययन विवेचन और विश्लेषण नहीं मिलता। सृष्टि सर्जन के पहले काल बोध नहीं है, संवत्सर भी नहीं है। संवत्सर और सृष्टि साथ-साथ।

टाइम और काल (समय) पर्यायवाची नहीं है। काल अखण्ड है, टाइम इसके खण्ड का माप है। ऋग्वेद में कहते हैं, "जो अब तक हो चुका और भविष्य में जो होगा वह सब अदिति हैं। वह सब यही पुरुष है।" वैदिक अनुभूति में समूची कालसत्ता अखण्ड है। यूरोपीय दृष्टि में भूत-पास्ट एक टेन्स-तनाव है। भूत का अस्तित्व वर्तमान में स्मृति है। इसी तरह फ्यूचर टेन्स भविष्य का आकर्षण है।

तनाव मस्तिष्क गत कार्रवाई है। प्रजेन्ट फ्यूचर या पास्ट टेन्स कालगणना नहीं है। भारतीय कालबोध का क्षण सृष्टि की शुरूआत है। फिर युग है। महाभारत युद्ध के 36 वर्ष बाद यानी ईसा पूर्व 3103 वर्ष से कलियुग चल रहा है। युगाब्ध की दृष्टि से भारत की 52वीं सदी है। विक्रम संवत की दृष्टि से यह 2082 विक्रम है। लेकिन ईसा की दृष्टि से यह 21वीं सदी ही है। भारत की प्रतीति, अनुभूति वैज्ञानिक है। भारतीय नवसंवत्सर, अंतरराष्ट्रीय नववर्ष पर सबको शुभकामनाएं।

**(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)**

# 17 साल बाद बेंगलुरू ने तोड़ा चेपक का घमंड

## जो कोहली-कुंबले नहीं कर सके रजत पाटीदार ने किया वो काम, 17 साल बाद चेन्नई के गढ़ में जीती आरसीबी



- आरसीबी ने सीएसके को चेपॉक में 50 रन से हराया
- चेपॉक में 2008 के बाद आरसीबी की ये दूसरी जीत
- आरसीबी के खिलाफ सीएसके की बैटिंग रही फ्लॉप

### बेंगलुरु 196/7 (20 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| साल्ट स्टंप धोनी बो. अहमद | 32 | 16 | 05 | 01 |
| कोहली कै. रवींद्र बो. अहमद | 31 | 30 | 02 | 01 |
| पडिक्कल कै. गायकवाड बो. अश्विन | 27 | 14 | 02 | 02 |
| पाटीदार कै. करन बो. पथिराना | 51 | 32 | 04 | 03 |
| लिविंगस्टन बोल्ड नूर अहमद | 10 | 09 | 00 | 01 |
| जितेश कै. जडेजा बो. खलील | 12 | 06 | 01 | 01 |
| टिम डेविड नाबाद | 22 | 08 | 01 | 03 |
| क्रुणाल कै. हूडा बो. पथिराना | 00 | 03 | 00 | 00 |
| भुवनेश्वर कुमार नाबाद | 00 | 02 | 00 | 00 |

**अतिरिक्त** : 11

**विकेट पतन** : 45-1, 76-2, 117-3, 145-4, 172-5, 176-6, 177-7.

**गेंदबाज** : खलील अहमद : 4-0-28-1, रविचंद्रन अश्विन : 2-0-22-1, सौम करन : 3-0-34-0, नूर अहमद : 4-0-36-3, रवींद्र जडेजा : 3-0-37-0, मथीशा पथिराना : 4-0-36-2.

### चेन्नई 146/8 (20 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| रचीन रवींद्र बोल्ड यश दयाल | 41 | 31 | 05 | 00 |
| त्रिपाठी कै. साल्ट बो. हेजलवुड | 05 | 03 | 01 | 00 |
| गायकवाड कै. भांडगे बो. हेजलवुड | 00 | 04 | 00 | 00 |
| हूडा कै. जितेश बो. भुवनेश्वर | 04 | 09 | 01 | 00 |
| करन कै. क्रुणाल बो. लिविंगस्टन | 08 | 13 | 00 | 00 |
| शिवम दुबे बोल्ड यश दयाल | 19 | 15 | 02 | 01 |
| जडेजा कै. साल्ट बो. हेजलवुड | 25 | 19 | 02 | 01 |
| अश्विन कै. साल्ट बो. लिविंगस्टन | 11 | 08 | 01 | 00 |
| एमएस धोनी नाबाद | 30 | 16 | 03 | 02 |
| नूर अहमद नाबाद | 00 | 02 | 00 | 00 |

**अतिरिक्त** : 03

**विकेट पतन** : 8-1, 8-2, 26-3, 52-4, 75-5, 80-6, 99-7, 130-8.

**गेंदबाज** : भुवनेश्वर कुमार : 3-0-20-1, जोश हेजलवुड : 4-0-21-3, यश दयाल : 3-0-18-2, लियाम लिविंगस्टन : 4-0-28-2, सुयश शर्मा : 4 0-32-0, क्रुणाल पंड्या : 2-0-26-0.

### धोनी की स्टंपिंग देख उड़ा आरसीबी फैंस का रंग



एमए चिदम्बरम स्टेडियम में महेंद्र सिंह धोनी की एक बार फिर से फास्ट स्टंपिंग देखने को मिली। इस बार शिकार हुए हैं आरसीबी के ओपनर फिल सॉल्ट। सॉल्ट जोकि 200 की स्ट्राइक रेट से खेल रहे थे, चेन्नई के स्पिनर नूर अमहद की गेंद को समझने में भूल गए। उनका पांव हलका सा उठा। इतना टाइम धोनी के लिए बेल्स बिखरने के लिए काफी था। धोनी ने जैसे ही स्टंपिंग की फैंस में उत्साह जाग गया। शोर के बीच एक कैमरा आरसीबी फैन पर जा टिका, जो धोनी की इतनी तेज स्टंपिंग देखकर बेहद हैरान था। पल भर में ही उक्त फैन की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई।

### बीसीसीआइ ने स्पिन गेंदबाजी कोच पद के लिए आवेदन आमंत्रित किये

बेंगलुरु। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने अपने अत्याधुनिक बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बेंगलुरु में स्पिन गेंदबाजी कोच के पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह भूमिका भारत के सभी प्रारूपों और आयु वर्गों के स्पिन गेंदबाजों के विकास और प्रदर्शन को निखारने के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इस कोच का कार्यभार भारत की सीनियर पुरुष और महिला टीमों, भारत ए, अंडर-23, अंडर-19, अंडर-16 और अंडर-15 टीमों के साथ-साथ राज्य संघों के खिलाड़ियों के प्रशिक्षण से जुड़ा होगा।

### कोलकाता में ही खेला जायेगा केकेआर-लखनऊ के बीच मुकाबला, बीसीसीआई ने तारीख और समय में किया बदलाव

आइपीएल 2025 में एक मुकाबले के शेड्यूल में बदलाव किया गया है। दरअसल, 6 अप्रैल (रविवार) को टूर्नामेंट का 19वां मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच ईडन गार्डन्स में दोपहर 3.30 बजे से खेला जाना था। लेकिन अब इस मुकाबले की तारीख बदल गई है। अब यह मुकाबला कोलकाता के ईडन गार्डन्स में ही 8 अप्रैल (मंगवार) को दोपहर 3.30 बजे से खेला जाएगा। कोलकाता पुलिस ने त्योहारों के कारण क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल से इस मैच का शेड्यूल बदलने का अनुरोध किया था। इसके बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने शेड्यूल में बदलाव किया है। देखा जाए तो शेड्यूल में बदलाव के चलते अब 6 अप्रैल की बजाय 8 अप्रैल को डबल हेडर (दो मैच) होगा। कोलकाता-लखनऊ मैच के बाद उसी दिन शाम 7.30 बजे से न्यू चंडीगढ़ में पंजाब किंग्स पांच बार की चैंपियन चेन्नई (मैच नंबर 22) की मेजबानी करेगी।

**एजेंसी**

**चेन्नई।** कप्तान रजत पाटीदार की दमदार फिफ्टी के बाद गेंदबाजों के कमाल से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 8वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को 50 रन से हरा दिया। आइपीएल में आरसीबी की टीम ने सीएसके को उसके घर में 17 साल बाद हराया है। 18वें सीजन के इस मुकाबले में टॉस हारने के बाद के पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी ने निर्धारित 20 ओवर के खेल में 196 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में सीएसके 20 ओवर में 8 विकेट पर 146 रन ही बना पाई। इस तरह चेपॉक की लड़ाई में 2008 के बाद अब आरसीबी ने बाजी मारी है। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएसके की टीम अपने घेरलू मैदान पर बल्लेबाजी में पूरी तरह साधारण दिखी। सीएसके लिए बैटिंग में रचिन रविंद्र के अलावा और किसी भी बल्लेबाज ने क्रीज पर रुकने की कोशिश नहीं की। रचिन अपनी टीम के लिए 31 गेंद में 5 चौके की मदद से 41 रनों की पारी खेली। टॉप ऑर्डर के तीन खिलाड़ी राहुल त्रिपाठी, दीपक हुडा और कप्तान रुतुराज गायकवाड़ दहाई के आंकड़े को भी पार नहीं क पाए। मिडिल ऑर्डर में टीम के लिए शिवम दुबे ने जरूर कुछ आकर्षक शॉट खेलकर एक उम्मीद जगाई थी, लेकिन वह भी 19 रन बनाकर आउट हो गए।

#### 6 वें नंबर खेलने आए थे धोनी

सीएसके के खिलाफ मुकाबले में आरसीबी की गेंदबाजी यूनिट ने कमाल का खेल दिखाया। सभी गेंदबाजों ने लगातार अंतराल पर विकेट निकाले, जिसके कारण सीएसके पर दबाव काफी बढ़ गया था। वहीं गिरते हुए विकेट के बीच जब महेंद्र सिंह धोनी से उम्मीद थी कि वह क्रीज पर आकर पारी को संभाले तो उनसे काफी देर हो गई। दरअसल धोनी सीएसके लिए 6वें नंबर पर बैटिंग करने उतरे। तब तक आरसीबी के गेंदबाजों ने 15.2 ओवर में 99 रन के स्कोर पर 7 विकेट झटक लिए थे। धोनी जब बल्लेबाजी के लिए मैदान पर उतरे थे तो उनके साथ रविंद्र जडेजा क्रीज पर खड़े थे। हालांकि, आस्किंग रन रेट इतना ज्यादा था कि धोनी और जडेजा दोनों के लिए तेजी से रन का बनाने का दबाब था। मैदान पर धोनी के उतरते हुए पूरा स्टेडियम में उनके नाम शोर गूंजने लगा, लेकिन माही से काफी देर हो गई। सीएसके के लिए धोनी ने 16 गेंद में 2 सिक्स और 3 चौके की मदद से नाबाद 30 रन बनाए। वहीं रविंद्र जडेजा 19 गेंद में 25 रन बनाकर आउट हुए। जिस तरह से धोनी बैटिंग ऑर्डर में खुद को नीच रखा उसे लेकर उन्हें अब मलाल होगा और आरसीबी से ये हार जरूर जुभेगी। सीएसके के खिलाफ इस मुकाबले में आरसीबी के गेंदबाजों ने कमाल का प्रदर्शन किया। सीएसके की तरफ से सबसे जोश हेजलवुड ने अपना कमाल दिखाया। हेजलवुड ने एक ही ओवर में राहुल त्रिपाठी और रुतुराज गायकवाड़ को आउट कर सीएसके की हालत खराब कर दी। हेजलवुड ने आरसीबी के लिए 4 ओवर में 21 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। इसके अलावा लियाम लिविंगस्टोन ने भी अपनी फिरकी का जादू चालाया और बीच के ओवरों में दो विकेट निकाल कर सीएसके के मुश्किल को और बढ़ा दिया। इसके अलावा यश दयाल ने भी एक ही ओवर में 2 विकेट हासिल कर आरसीबी की जीत को पक्की कर दी।

#### विराट के नाम एक और रिकॉर्ड

विराट कोहली आइपीएल इतिहास में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गये हैं। विराट ने शिखर धवन को पीछे छोड़कर यह मुकाम हासिल किया है। सीएसके के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बनने से विराट कोहली 5 रन दूर थे। इस मैच के पांचवें ओवर की पहली गेंद पर विराट कोहली ने नूर अहमद पर सिंगल लेकर यह रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। किंग कोहली ने यह मुकाम सीएसके के खिलाफ अपनी 33वीं पारी में हासिल किया है। इन 5 रनों के साथ विराट 1058 रन बना चुके हैं और उन्होंने शिखर धवन (1057) को पीछे छोड़ दिया है। अब विराट कोहली चेन्नई के खिलाफ आइपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।

### आइपीएल 2025 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | रद्द | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +2.266 |
| लखनऊ | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | +0.963 |
| पंजाब | 01 | 01 | 00 | 00 | 02 | +0.550 |
| दिल्ली | 01 | 01 | 00 | 00 | 02 | +0.371 |
| हैदराबाद | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | -0.128 |
| कोलकाता | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | -0.308 |
| चेन्नई | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | -1.013 |
| मुंबई | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | -0.493 |
| गुजरात | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | -0.550 |
| राजस्थान | 02 | 00 | 02 | 00 | 00 | -1.182 |



**पर्पल कैप**
07 विकेट
नूर अहमद
चेन्नई



**ऑरेंज कैप**
145 रन
निकोलस पूरन
लखनऊ

### मुंबई और गुजरात के बीच कांटे की टक्कर आज



**अहमदाबाद।** कप्तान हार्दिक पंड्या की एक मैच के प्रतिबंध के बाद बहुप्रतीक्षित वापसी शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग में गुजरात टाइटंस के खिलाफ होने वाले मैच में मुंबई इंडियंस की टीम को जरूरी संतुलन प्रदान करेगी। दोनों टीमें मौजूदा सत्र में अपनी पहली जीत की तलाश में हैं। चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ मुंबई इंडियंस आइपीएल सत्र के शुरूआती मैच में हारने के अपने लंबे समय से चले आ रहे मिथक को नहीं तोड़ सकी। चेन्नई ने इस मैच को आसानी से चार विकेट से अपने नाम किया। दूसरी तरफ गुजरात टाइटंस ने पंजाब किंग्स के खिलाफ बड़े स्कोर वाला मैच को 11 रन से गंवा दिया। मुंबई इंडियंस ने पहले और दूसरे मैच के बीच लगभग एक सप्ताह के अंतराल के दौरान रिलायंस की जामनगर स्थित सुविधा में कुछ दिन बिताए। टीम ने यहां आराम करने के साथ आपसी समझ बढ़ाने वाली गतिविधियों पर ध्यान दिया। टूर्नामेंट अभी अपने शुरूआती दिनों में ही है लेकिन तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बिना मुंबई की गेंदबाजी इकाई संघर्ष करते हुए दिखी।

### ओडिशा को हराकर हरियाणा ने जीता राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग का खिताब

**रांची।** हरियाणा ने शुक्रवार को हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा को करीबी मुकाबले में हराकर राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024-2025 का खिताब अपने नाम किया। शुक्रवार को झारखंड के रांची में मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ पर खेले गये फाइनल मुकाबले में हरियाण ने हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा को 3-2 से हराया।

### गिरींद्र बास्की को मिला तीरंदाजी में रजत पदक



**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल गांधीनगर के नवमी के छात्र गिरींद्र विक्रम बास्की ने एनटीपीसी की ओर से हैदराबाद में 20 से 25 मार्च तक राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित मिनी तीरंदाजी प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर विद्यालय और झारखंड का नाम रौशन किया है। देश के अनेक राज्यों के छात्रों ने भाग लिया था। इस सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार झा ने शुक्रवार को हर्ष व्यक्त करते हुए गिरींद्र और उनके माता-पिता को बधाई देते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की है। साथ ही विद्यालय के खेल प्रशिक्षक गोविंद झा और कौशल कुमार की मेहनत एवं प्रशिक्षण की भी सराहना की है।

## जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप के लिए चेन्नई-मदुरै होंगे मेजबान शहर

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** तमिलनाडु के चेन्नई और मदुरै आगामी एफआइएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप के मेजबान शहर होंगे। हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को उक्त घोषणा की। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट 28 नवंबर से 10 दिसंबर 2025 तक आयोजित किया जाएगा। इस दो सप्ताह तक चलने वाले हॉकी महोत्सव में पहली बार 24 टीमें खिताब के लिए मुकाबला करेंगी। यह लगातार तीसरा अवसर होगा जब एफआइएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप भारत में आयोजित किया जाएगा। इससे पहले, 2021 में यह टूर्नामेंट भुवनेश्वर, ओडिशा और 2016 में लखनऊ, उत्तर प्रदेश में आयोजित हुआ था, जहां भारत ने खिताबी जीत दर्ज की थी।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप टिर्की ने इस आयोजन पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा,




एफआइएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप की मेजबानी करना हॉकी इंडिया के लिए गर्व की बात है। मैं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन और खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन का आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए अभूतपूर्व समर्थन दिया है। इस बार 24 टीमें भाग लेंगी, इसलिए हमने टूर्नामेंट को दो शहरों चेन्नई और मदुरै में आयोजित करने का निर्णय लिया है।

चेन्नई ने 2023 में एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की सफल मेजबानी की थी, जबकि मदुरै पहली बार इस स्तर के अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। हमें खुशी है कि हम हॉकी को देश के विभिन्न हिस्सों में ले जा रहे हैं।

हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा, हमारी महासंघ वैश्विक हॉकी टूर्नामेंट की मेजबानी में अग्रणी रहा है और एक बार फिर, हम एफआइएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप को शानदार सफलता दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। हमारा उद्देश्य भारत के अलग-अलग स्थानों पर हॉकी को बढ़ावा देना है। इसी सोच के तहत हमने चेन्नई और मदुरै को मेजबान शहरों के रूप में चुना है, जिसे तमिलनाडु सरकार और हमारे कोषाध्यक्ष शेखर मनोहरन के नेतृत्व से संभव बनाया गया। हॉकी इंडिया के कोषाध्यक्ष और हॉकी तमिलनाडु के अध्यक्ष शेखर मनोहरन ने तमिलनाडु में हॉकी के स्वर्णिम दिनों को वापस लाने की उत्सुकता जाहिर करते हुए कहा, मैं तमिलनाडु के माननीय मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन और खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन का हॉकी के प्रति उनके जुनून और समर्थन के लिए आभार व्यक्त करता हूं। हम तमिलनाडु में हॉकी के गौरवशाली दिनों को वापस लाना चाहते हैं। चेन्नई लंबे समय तक अंतरराष्ट्रीय हॉकी आयोजनों के लिए प्रमुख स्थल रहा है। हमें खुशी है कि हम वैश्विक हॉकी प्रशंसकों का स्वागत कर पाएंगे और उन्हें तमिलनाडु की बेहतरीन मेहमाननवाजी का अनुभव कराएंगे।

### दो दिवसीय ट्रायल में सफल खिलाड़ियों का किया गया चयन



**खूंटी।** पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग द्वारा खूंटी जिले में संचालित हॉकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (बालिका), हॉकी आवासीय प्रशिक्षण केंद्र (बालक), क्रीड़ा किसलय केंद्र (आर्चरी) तथा सभी प्रखंडों के हॉकी डे-बोर्डिंग केंद्रों के रिक्त स्थानों को भरने के लिए चयन ट्रायल्स का आयोजन शुक्रवार को किया गया। दो दिवसीय चयन ट्रायल 27 एवं 28 मार्च को संपन्न हुआ, जिसमें पहले दिन लगभग 250 से अधिक और दूसरे दिन लगभग 150 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खिलाड़ियों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया, जिसके आधार पर चयन समिति द्वारा योग्य खिलाड़ियों का चयन किया गया। चयनित खिलाड़ियों को प्रशिक्षण केंद्रों में राष्ट्रीय स्तर के कोचों से उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा, ताकि वे अपने खेल को निखारकर राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकेंगे। यह पहल खेल प्रतिभाओं को उभारने और जिले में खेल संस्कृति को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### मिनी नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में खूंटी के तीरंदाजों का शानदार प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खूंटी।** आंध्र प्रदेश के गुंटूर में आयोजित मिनी नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में सुभाष चंद्र आवासीय विद्यालय खूंटी के प्रतिभाशाली तीरंदाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। कंपाउंड अंडर-13 बालक वर्ग में सुधीर सांगा ने स्वर्ण पदक जीतकर राज्य, जिला और विद्यालय का नाम रोशन किया। इसके अलावा, अंडर-10 वर्ग में सत्यम महतो और रौनक राज ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। तीरंदाजों के खूंटी लौटने पर शुक्रवार को विद्यालय में उनका भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय में शिक्षकों और छात्रों ने इन विजेताओं का गर्मजोशी से अभिनंदन किया। शिक्षकों ने फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उनका सम्मान किया। कोच आशीष कुमार, जिनकी देखरेख में इन खिलाड़ियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया, को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वार्डन ने कहा कि विद्यालय में एक प्रयास के तहत दो वर्ष पूर्व शून्य से तीरंदाजी की शुरूआत की गई थी।



आज यह देखकर गर्व होता है कि हमारे विद्यार्थी नेशनल स्तर पर पदक जीत रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि बच्चों को और बेहतर सुविधा मिलें, तो वे भविष्य में देश के लिए भी पदक जीत सकते हैं। उन्होंने सभी शिक्षकों और प्रशिक्षकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और कहा कि बच्चों की मेहनत और समर्पण रंग ला रहा है। विद्यालय प्रशासन भी इस सफलता से अत्यंत प्रसन्न है। इस आयोजन में विद्यालय के कई शिक्षकउपस्थित थे। शिक्षक अब्राहम टूटी, ईवा धान, अर्चना कुमारी, नेहा कुमारी, रवि राम, सुमी और गणेश सहित अन्य भी इस अवसर पर मौजूद थे। सभी ने मिलकर इन विजेताओं की प्रशंसा की और भविष्य में और ऊंचाइयों तक पहुंचने की शुभकामनाएं दीं।

## कोर्डा को हराकर जोकोविच अंतिम चार में, अब दिमित्रोव से होगा सामना




**एजेंसी**

**मियामी।** नोवाक जोकोविच ने अमेरिका के सेबेस्टियन कोर्डा को सीधे सेटों में हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। वह एटीपी मास्टर्स 1000 टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज टेनिस खिलाड़ी बन गए। इस तरह 37 साल के जोकोविच ने मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपने सातवें खिताब की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए हैं। जोकोविच ने गुरुवार को खेले गए क्वार्टरफाइनल मैच में कोर्डा को एक घंटे 24 मिनट में 6-3, 7-6 (7-4) से हराया। सेमीफाइनल में अब उनका सामना बुल्गारिया के ग्रिगोर दिमित्रोव से होगा। जोकोविच ने 33 वर्षीय दिमित्रोव के खिलाफ जो 13 मैच खेले हैं उनमें से 12 में उन्होंने जीत दर्ज की है। पुरुष वर्ग के दिन के पहले क्वार्टर फाइनल में चेक गणराज्य के गैरवरीयता प्राप्त किशोर खिलाड़ी जैकब मेन्सिक ने फ्रांस के 17वीं वरीयता प्राप्त आर्थर फिल्स को 7-6 (7-5), 6-1 से हराया।

19 वर्षीय मेन्सिक पहली बार किसी एटीपी 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। फिल्स ने बुधवार को शीर्ष वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराया था, लेकिन वह 19 वर्षीय मेनसिक के खिलाफ यह उपलब्धि नहीं दोहरा सके। विश्व रैंकिंग में 54वें स्थान पर काबिज मेनसिक का अगला मुकाबला सेमीफाइनल में टेलर फ्रिट्ज से होगा, जिन्होंने इटली के मातियो बैरेटिनी को 7-5, 6-7, 7-5 से शिकस्त दी। इस बीच महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका ने छठी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी को 71 मिनट में 6-2, 6-2 से हराकर पहली बार मियामी ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। वहीं, चौथी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने फिलीपींस की एलेक्जेंड्री इयाला को 7-6, 5-7, 6-3 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। 19 साल की इयाला ने इससे पहले सेमीफाइनल में पहुंचने तक के अभियान में ग्रैंडस्लैम जीतने वाली तीन खिलाड़ियों को हराया था। इनमें इगा स्वियातेक, ओस्टापेंको और मेडिसन कीज शामिल हैं।

### सबालेंका और पेगुला के बीच होगी खिताबी भिड़ंत



**फ्लोरिडा।** विश्व की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका और अमेरिका की टेनिस स्टार जेसिका पेगुला के बीच शनिवार को मियामी ओपन में खिताबी भिड़ंत होगी। आज यहां खेले गये महिला एकल के सेमीफाइनल मुकाबले में 26 वर्षीय बेलारूसी सबालेंका ने छठी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी पर 6-2, 6-2 से जीत दर्ज की। सबालेंका ने टूर्नामेंट में अभी तक एक भी सेट नहीं गंवाया है और वह शानदार फॉर्म में हैं। तीन बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सबालेंका का लगातार यह दूसरा फाइनल हैं।

स्पीड न्यूज

## छापेमारी अभियान

**बेरमो।** उपायुक्त बोकारो विजया जाधव के निर्देशानुसार जिला खनन पदाधिकारी के नेतृत्व में दुग्धा थानांतर्गत बोकारो झरिया ओपी के मौजा दुग्धा मोतियाटांड़ क्षेत्र पर छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमें उक्त स्थल पर अवैध रूप से रेट होल माइनिंग एवं खुली खदान कर कोयला खनिज के उत्खनन करने का साक्ष्य पाया गया। उक्त अवैध कार्य में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध बोकारो झरिया ओपी में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। उक्त अभियान में खान निरीक्षक जितेंद्र कुमार महतो, खान निरीक्षक सीताराम टुडू, एवं स्थानीय पुलिस बल मौजूद थे। इसकी जानकारी जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार सिंह ने दी।

## ईद, सरहुल, रामनवमी को लेकर सरकारी कर्मियों की छुट्टियां रद्द

**बोकारो।** उपायुक्त विजया जाधव ने ईद सरहुल एवं रामनवमी पर्व के दौरान जिले के विभिन्न कार्यालयों में काम कर रहें सभी पदाधिकारी और कर्मियों का अवकाश रद्द करने का आदेश दिया है। इस बाबत सभी वरीय पदाधिकारियों/ कार्यालय प्रधानों को पत्र जारी किया गया है। इस अवधि में विशेष परिस्थिति में उपायुक्त से अवकाश स्वीकृत कराकर ही कहीं प्रस्थान करने का निर्देश दिया है। उपायुक्त ने कहा है कि पर्व-त्योहार में शांति-व्यवस्था एवं विधि-व्यवस्था के लिए पदाधिकारियों एवं कर्मियों का अवकाश रद्द किया गया है।

## जागरूकता शिविर का आयोजन

**बोकारो।** उद्योग विभाग झारखण्ड के निर्देशानुसार एमएसएमई इकाईयों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिनांक 29 मार्च 2025 को पूर्वाह्न 11.30 बजे से उद्यम निबंधन हेतु एक दिवसीय शिविर का आयोजन जिला उद्योग केन्द्र कैम्प कार्यालय समाहरणालय के समीप बोकारो में किया जा रहा है। इस शिविर में इच्छुक उद्यमियों का उद्यम निबंधन नि:शुल्क किया जायेगा। इसको लेकर जिले के सभी उद्यमी / व्यवसायी / लघु कुटीर उद्योग के उद्यमी, उद्योग के निबंधन हेतु आधार कार्ड पैन कार्ड बैंक पासबुक आधार लिंक मोबाइल के साथ जिला उद्योग केन्द्र में आयोजित निर्धारित शिविर में हिस्सा लें। विशेष जानकारी हेतु ईओडीबी प्रबंधक विकास प्रकाश मोबाइल न 7004730486 से संपर्क किया जा सकता है।

## वन विभाग की टीम ने 12 बोटा सखुआ की लकड़ी जब्त की

**शिकारीपाड़ा।** शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र में अवैध लकड़ी तस्करी का धंधा धड़ल्ले से फल फूल रहा है।वन विभाग की टीम के द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है।बावजूद क्षेत्र में लकड़ी तस्कर माफिया तस्करी करने के लिए नई-नई तरकीब अपना रहे हैं। वन विभाग की टीम भी माफियाओं पर कार्रवाई करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही है शिकारीपाड़ा वन विभाग की टीम सूचना मिलने के तुरंत बाद ही माफियाओं पर कार्रवाई करने के लिए जुट जाती है इसका प्रमाण शुक्रवार को लकड़ी तस्कर शिकारीपाड़ा के थाना क्षेत्र के बाबूपाड़ा में सखुआ की लकड़ी काटकर तस्करी करने के लिए रखे थे। वन विभाग की टीम को सूचना मिलने के बाद टीम ने तुरंत जाकर 12 बोटा सखुआ की लकड़ी जब्त किया है। उसे जप्त कर वन परिसर में लाकर रखा है। वही आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## स्वच्छता पखवाड़ा के तहत हस्ताक्षर अभियान

**बोकारो।** बीएसएल में जारी स्वच्छता पखवाड़ा के तहत आयोजित स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता हेतु हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम में बीएसएल के इस्पात भवन ईडी वर्क्स कार्यालय तथा सिटी सेंटर स्थित मैत्री भवन में लोगों ने हस्ताक्षर अभियान में भाग लिया। हस्ताक्षर अभियान में ईडी संकार्य सीआर महापात्रा ईडी वित्त एवं लेखा सुरेश रंगानी ईडी माइंस विकास मनवटी ईडी सामग्री प्रबंधन सीआर मिश्रा सीजीएम व वरीय अधिकारी बीएसएल कर्मी सहित अन्य ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में शामिल सभी ने स्वच्छता अभियान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# वेदांता ईएसएल ने चलाया जल संरक्षण अभियान

## स्थानीय समुदायों को बनाया सशक्त





खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** वेदांता ईएसएल के सीएसआर विभाग ने केंद्रीय इंजीनियरिंग विभाग के सहयोग से प्रोजेक्ट स्वजल के तहत प्रभावशाली जागरूकता सत्र और इंटरैक्टिव गतिविधियों का सफलतापूर्वक आयोजन किया। ग्लेशियर संरक्षण- पर आधारित इस पहल का उद्देश्य स्थानीय समुदायों और छात्रों को घरेलू जल संरक्षण और मीठे पानी के संसाधनों को संरक्षित करने के महत्व के बारे में शिक्षित और सशक्त बनाना था।

बुद्धिबिनोर आंगनवाड़ी में वेदांता ईएसएल ने 45 स्वयं सहायता समूह लाभार्थियों को शामिल करते हुए एक जागरूकता सत्र आयोजित किया जिसमें वर्षा जल संचयन व कुशल भंडारण और अपव्यय को कम करने जैसी व्यावहारिक जल-बचत तकनीकों पर ध्यान केंद्रित किया गया। सत्र में जिम्मेदार जल उपयोग के महत्व पर जोर दिया गया एवं प्रतिभागियों को उनके घरों के लिए कार्रवाई योग्य समाधानों के साथ सशक्त बनाया गया। शपथ ग्रहण समारोह के साथ समापन करते हुए लाभार्थियों ने स्थायी जल प्रथाओं को अपनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की शपथ ली। इसके अतिरिक्त चंदाहा ड्राइंग सेंटर में ईएसएल ने- जल बचाओ; ग्लेशियर संरक्षण थीम पर एक ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित की जिसमें पचास से अधिक छात्रों ने कला के माध्यम से जल संरक्षण के बारे में अपनी समझ को रचनात्मक रूप से व्यक्त किया व मीठे पानी के संसाधनों की रक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। शीर्ष तीन प्रतिभागियों को मान्यता दी गई और पुरस्कृत किया गया जिससे पर्यावरण की जिम्मेदारी के लिए उत्साह बढ़ा और सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित किया गया। इस पहल ने जल संरक्षण और ग्लेशियर संरक्षण पर सामुदायिक जागरूकता को मजबूत किया जिससे छात्रों को रचनात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से पर्यावरण अधिवक्ता बनने के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर ईएसएल के सीएसआर प्रमुख कुणाल दरिपा ने कहा- हम सामुदायिक जुड़ाव और जागरूकता के माध्यम से स्थायी जल प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रोजेक्ट स्वजल के माध्यम से हम न केवल व्यक्तियों को शिक्षित करते हैं बल्कि उन्हें अपने दैनिक जीवन में व्यावहारिक जल-बचत तकनीकों को अपनाने के लिए सशक्त भी बनाते हैं। इस संदर्भ में छात्रों और समुदाय के सदस्यों की सक्रिय भागीदारी हमारे बहुमूल्य मीठे पानी के संसाधनों की रक्षा के लिए बढ़ती जागरूकता और सामूहिक संकल्प को दर्शाती है। झारखंड के बोकारो जिले के सियालजोरी गाँव में स्थित वेदांता एरछ स्टील उत्पादों का एक अग्रणी निमार्ता है।

इसके पास 1.5 मिलियन टन प्रति वर्ष का ग्रीनफील्ड एकीकृत स्टील प्लांट है जो पिग आयरन बिलेट्स टीएमटी बार वायर रॉड और डक्टाइल आयरन पाइप का उत्पादन करता है। यह प्लांट निर्धारित पर्यावरण मानकों के अनुरूप काम करता है जो विश्व स्तरीय सेवाओं और उत्पादों की पेशकश करने के लिए प्रतिष्ठित निमार्ताओं से अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञता और समाधान लाता है।

### गरगा नदी पुल घाट पर स्वच्छता अभियान

# जागरूकता के लिए वाकाथान का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** नमामि गंगे अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा के तहत विभिन्न नदियों/जल स्त्रोतों को स्वच्छ रखने को लेकर जिला गंगा समिति द्वारा आयोजित वाकाथान का नेतृत्व डीएफओ रजनीश कुमार ने किया। मौके पर डीआरडीए निदेशक मेनका एसडीओ चास सुश्री प्रांजल ढ़ांडा आदि उपस्थित थे। वाकाथान की शुरूआत बोकारो हवाई अड्डा से गुब्बारा उड़ाकर किया गया। वाकाथान हवाई अड्डा से शुरू होकर टाउन हाल होते हुए होकर गरगा नदी पहुंच समाप्त हुआ। मौके पर डीएफओ रजनीश कुमार ने कहा कि मानव जीवन में विभिन्न नदियों/जल स्त्रोतों का काफी अधिक महत्व है। अगर यह नदियां/जल स्त्रोत स्वच्छ है - सुरक्षित हैं तभी हमारा जीवन भी सुरक्षित है। उन्होंने आम लोगों से नदियों/जल स्त्रोतों को स्वच्छ बनाने की अपील की। एसडीओ सुश्री ढ़ांडा ने कहा कि हम सब अपना थोड़ा- थोड़ा सहयोग करें तो नदियों/जल स्त्रोतों को स्वच्छ रखने का संकल्प पूरा होगा। इससे पूर्व सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों/आम जनों/सिविल डिफेंस/विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों आदि के द्वारा चास स्थित गरगा नदी पुल घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। नमामि गंगे के नोडल पदाधिकारी शक्ति कुमार ने उपस्थित सभी को दामोदर/गरगा नदी समेत अन्य जल स्त्रोतों को स्वच्छ बनाने के लिए स्वच्छता ही सेवा का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि हम दामोदर/गरगा समेत अन्य जल स्त्रोतों में कूड़ा-कचरा व पॉलीथिन नहीं डालेंगे। खुले में शौच के बजाय शौचालय का प्रयोग करेंगे। एक बार प्रयोग के बाद फेंक दी जाने वाली वस्तुओं को पुनः उपयोग नहीं करेंगे। उपस्थित सभी ने इन पंक्तियों का दोहराया। मौके पर डीपीआरओ रवि कुमार जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बुन सहायक नगर आयुक्त सुश्री प्रियंका कुमारी व जयपाल मुंडा एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह सिविल डिफेंस के डॉ एसपी वर्मा नमामि गंगे के परियोजना पदाधिकारी प्रितम कुमार समेत विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

## मुस्लिम धर्मावलंबियों ने अलविदा जुम्मा का नमाज अदा की

**दुमका।** उपराजधानी दुमका जिला मुख्यालय समेत विभिन्न प्रखंडों में पावन माह रमजान के अवसर पर अलविदा जुम्मा का नवाज अदा मुस्लिम धर्मावलंबियों ने विभिन्न ईदगाहों में शुक्रवार को किया। शहर के जामा मस्जिद, दुधानी मस्जिद, डंगालपाड़ा मस्जिद समेत विभिन्न मस्जिदों में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अल्लाह के इबादत में नवाज अदा किया। दोपहर में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एकजुट होकर विभिन्न ईदगाहों में नवाज पढ़ अंतिम जुम्मा पर अल्लाह को याद किया। इसके बाद एक-दुसरे को गले लगा ईद की बधाईयां दी। विभिन्न मस्जिदों में भारी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग जुटे और नवाज अदा कर कौम और समाज की खुशहाली की कामना किया।

## झामुमो का इफ्तार पार्टी का आयोजन

**दुमका।** ईद के अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला इकाई की ओर से शुक्रवार को इंडोर स्टेडियम में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से दुमका विधायक बसंत सोरेन, शिकारीपाड़ा विधायक आलोक सोरेन समेत अन्य पार्टी के आला पदाधिकारी समेत मुस्लिम धर्मावलंबियों के धर्म गुरू शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक बसंत सोरेन ने मुस्लिम समुदाय के लोगों के साथ इफ्तार पार्टी कर इबादत माह रमजान ईद का शुभकामनाएं दिया। सभी एक-दुसरे को गले लगा बधाईयां देते हुए भाईचारे का संदेश दिया।

# राजन जी महाराज के श्रीमुख से श्री राम कथा का शुभारंभ



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक राजन जी महाराज की नव दिवसीय श्रीराम कथा के प्रथम दिन का भव्य आयोजन श्रद्धा और आस्था के वातावरण में संपन्न हुआ। कथा का शुभारंभ भगवान श्रीराम के पावन नाम के स्मरण के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिले की उपायुक्त विजया जाधव पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गीयारी डीटीओ वंदना शेजवलकर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य संयोजक प्रेमचंद ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। राजन जी महाराज ने कथा की शुरूआत करते हुए कहा कि 'रामचरितमानस का श्रवण व्यक्ति के जीवन में काम, मद और दंभ को समाप्त करता है और उसे सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने सरल भाषा में समझाया कि श्री राम कथा हमें केवल भक्ति का मार्ग ही नहीं दिखाती बल्कि जीवन के हर रिश्ते में हमारे कर्तव्यों का भी बोध कराती है। रामचरितमानस सिखाता है कि पुत्र पिता पत्नी और यहाँ तक कि शत्रु भी कैसा होना चाहिए। उन्होंने श्रद्धालुओं को अपने घर में रामचरितमानस रखने और प्रतिदिन उसका पाठ करने की सलाह दी विशेष रूप से बच्चों को इससे जोड़ने की प्रेरणा दी। कथा स्थल पर भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। हजारों की संख्या में आए श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन के साथ कथा का रसास्वादन किया। भक्ति पूर्ण वातावरण में श्रद्धालु श्री राम के चरित्र से प्रेरणा लेकर भक्ति में लीन नजर आए। दूसरे दिन की कथा में भगवान शंकर के विवाह प्रसंग का वाचन करते हुए उन्होंने प्रभावशाली ढंग से श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

## माहे रमजान रोजेदारों को रखता है तन-मन से संयमित व अनुशासित : योगेंद्र महतो

**बोकारो/कसमार।** माह ए रमजान के मौके पर कसमार के गरी स्थित जामा मस्जिद में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। मौके मुख्य रूप से झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो झामुमो जिलाध्यक्ष हीरालाल मांझी सीओ प्रवीण कुमार थाना प्रभारी भजन लाल महतो बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष दिलीप हेंब्रम मुख्य रूप से मौजूद थे। इफ्तार पार्टियों में गरीब और अमीर एक साथ एक भोजन करते हैं।

## सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन

**रानेश्वर।** मयूराक्षी ग्रामीण कॉलेज में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से सात दिवसीय विशेष शिविर शुक्रवार से प्रारंभ हुआ। विशेष शिविर में कॉलेज के एनएसएसएस इकाई 1, 3 एवं 5 के स्वयंसेवक शामिल हुए। शिविर का आयोजन प्रभारी प्राचार्य प्रो नव कुमार पाल की अध्यक्षता में आयोजितहुई। इस बावत कॉलेज के मीडिया प्रभारी डॉ रूपम कुमारी ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डॉ धनंजय कुमार मिश्रा मौजूद थे।

# अधिकारियों ने ली सुरक्षा शपथ



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बीएसएल के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में संयंत्र के अधिकारियों के लिए आयोजित सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 40 अधिकारी विभिन्न विभागों से शामिल हुए तथा फैकल्टी के रूप में वैसे अधिकारी योगदान कर रहे हैं जिन्होंने पूर्व में मेसर्स एएसके ईएचएस का ट्रेन द ट्रेनर प्रशिक्षण प्राप्त किया हुआ है। इस कार्यक्रम में कुल आठ सत्रों में बीआईपी आरसीए सीएसएसए आरएसएम इलेक्ट्रिकल सेफ्टी बो टाई कवच पर प्रशिक्षण शामिल है। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य महाप्रबंधक सुरक्षा वीके सरतापे एवं महाप्रबंधक एचआर -ज्ञानार्जन एवं विकास डीआर टोप्पो उपस्थित थे। सर्वप्रथम कनीय प्रबंधक एसकेडी भौमिक ने सभी प्रतिभागियों तथा मुख्य अतिथियों का स्वागत किया तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी। श्री सरतापे ने प्रतिभागियों को सुरक्षा शपथ दिलाई तथा कार्यस्थल पर सुरक्षा के विषय में अपने विचार रखे। उन्होंने प्रतिभागियों से अपने लर्निंग पॉइंट दूसरे सहकर्मियों से साझा करने की अपील की।

## टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

**बेरमो /गोमिया।** गोमिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चुट्टे पंचायत में बोकारो जिला पुलिस द्वारा सोशल पुलिसिंग प्रोग्राम के तहत एक दिवसीय टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बोकारो पुलिस कप्तान मनोज कुमार ने मैच का शुभारंभ सर्व प्रथम खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं बैटिंग कर किया। उन्होंने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। खेल से मानसिक संतुलन बना रहता है और शरीर स्वस्थ रहता है। शोसल पुलिसिंग प्रोग्राम के तहत उक्त कार्यक्रम में सेकड़ो महिला, पुरूष व बच्चों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया।

# निर्धारित रूट व तय समय पर ही निकालें रामनवमी जुलूस: एसडीओ



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** कसमार थाना परिसर में ईद रामनवमी चैती दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक बेरमो एसडीओ मुकेश मछुआ की अध्यक्षता में हुई। संचालन कामरेड शकुर अंसारी ने किया। एसडीओ मुकेश मछुआ ने कहा कि रामनवमी जुलूस परम्परागत रूट पर ही निकलेगा। अगर कोई जुलूस निर्धारित समय से थोड़ा पहले या विलंब से निकलता है और मस्जिद या इमामबाड़ा से होकर गुजरता है तो नमाज अदा के समय शांतिपूर्वक जुलूस निकालें। नमाज अदा भी बाधित नहीं होनी चाहिए। एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह ने कहा कि कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया पर किसी तरह की अफवाह ना फैलाएं जिससे लोगों में भ्रम की स्थिति फैले। सोशल मीडिया पर भी प्रशासन निगरानी रखती है। सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने वाले फोटो विडियो वायरल न करें। विधि-व्यवस्था को बनाए रखने में सभी का योगदान अपेक्षित है। कसमार प्रखंड में कुल 10 लाइसेंसी अखाड़ा एवं 3 गैर लाइसेंसी अखाड़ा हैं। सोनपुरा दांतू गर्री कसमार मधुकरपुर चंडीपुर बरईकला मंजूरा बगदा खैराचातर सिंहपुर आदि जुलूस समिति के लोगों ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किया। बैठक में हिंदू-मुस्लिम दोनों समुदाय के गणमान्य लोगों ने हर्षोल्लास और शांतिपूर्ण तरीके से रामनवमी ईद दुर्गा पूजा मनाने को लेकर अपने-अपने स्वस्थ विचार व्यक्त किया। बैठक में मुख्य रूप से एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह जरीडीह सर्किल इंस्पेक्टर मुकेश कुमार पांडेय प्रमुख नियोति कुमारी बीडीओ नम्रता जोशी प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष दिलीप हेम्ब्रम मुखिया सुमित्रा कुमारी राजेन्द्र प्रसाद महतो विजय जायसवाल अमरेश कुमार महतो पंसस विनोद कुमार महतो इन्द्रजीत पांडेय विमल जायसवाल रामसेवक जायसवाल सूरज जायसवाल छोगालाल सिंह शेखावत अंसारी सोहेल अंसारी राजू महतो कपिल रजक फारूक अंसारी शिशुपाल महतो द्वारिका प्रसाद महतो सनातन महतो बानेश्वर महतो मेहरूल होदा प्रताप सिंह सुल्तान अंसारी बिरु फांसी सूरज साव आदि कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## नौ दिवसीय महायज्ञ राज्याभिषेक हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**बेरमो।** बोकारो जिले के बेरमो अनुमंडल अंतर्गत जारंगडीह मे हर वर्ष कि भांति इस वर्ष भी आज 28 मार्च शुक्रवार को 62वां राम चरित्र मानस नवाह्न परायण महायज्ञ आज 9 वां दिन नवम दिवसीय रामायण पाठ विश्राम के शुभ अवसर पर भगवान राम का हर्षोल्लास के साथ राज्याभिषेक धूमधाम से गाजे बाजे के साथ किया गया इसमें मुख्य अतिथि थे अध्यक्ष परियोजना पदाधिकारी विनोद कुमार के अलावा सचिव बसंत कुमार ओझा,कोषाध्यक्ष जोगेंद्र सोनार, लखन चौहान,अमर शाह,धीरज बरनवाल,मदन लाल श्रीवास्तव,अंजनी सिंह, रामदास केवट,के नेतृत्व में किया गया इसमें बनासो से आए आचार्य पुरेंद्र जी महाराज के द्वारा श्री रामचरित्र मानस महायज्ञ मे काफी संख्या मे महिला, पुरुष, युवक, यूतियों, बढ़-चढ़कर भाग लिया और जिसमें काफी संख्या में भीड़ देखी गई आचार्य पुरेंद्र जी महाराज ने पूजा अर्चना कर मंत्रो उच्चारण के साथ राज्याभिषेक संपन्न कराये साथ ही साथ कमेटी के द्वारा भोग व मीठा शरबत का भी श्रद्धालुओं के बीच वितरण किया गया तथा अयोध्या धाम से आए मधुरेश जी महाराज के द्वारा रामचरित्र मानस का पाठ भी किया गया।

## घटिया में सड़क दुर्घटना में बच्चा समेत दो घायल

**बेरमो।** बेरमो अनुमंडल स्थित पेटरवार थाना क्षेत्र के दांतु-खेतको मुख्य मार्ग स्थित ठडघटिया में सड़क दुर्घटना में एक बच्चा समेत दो लोग घायल हो गए। पेटरवार थाना क्षेत्र के श्यामलता निवासी लालजी मांझी का पुत्र शीतल मांझी (30) फुसरो थाना क्षेत्र के चपरी से अपनी साढू समलाल टुडू का पुत्र मुकेश टुडू (10) के साथ मोटरसाइकिल से अपने घर आ रहा था। इसी दौरान, बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई, जिससे शीतल मांझी के चेहरे और शरीर में अंदरूनी चोटें आईं, जबकि मुकेश टुडू को गंभीर चोट लगी। सूचना पाकर थाना प्रभारी राजू मुंडा एवं चौकीदार गणेश मांझी मौके पर पहुंचे और 108 एम्बुलेंस से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पेटरवार भेजा। चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर संजय कुमार ने प्राथमिक उपचार किया और गंभीर स्थिति को देखते हुए दोनों को सदर अस्पताल, बोकारो रेफर कर दिया।

# पेज एक का शेष

## म्यांमार व बैंकॉक ...

स्थानीय मीडिया के मुताबिक चटुचक स्थित यह 12 मंजिला इमारत भूकंप के तेज झटके को झेल नहीं पाया और देखते ही देखते ध्वस्त हो गया। दोनों ही देशों में भूकंप आने के बाद राहत एवं बचाव कार्य शुरू हो गया है। बैंकॉक से एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें मेट्रो के हिलते हुए देखा जा रहा है। बाहर लोगों को भागते हुए देखा गया है। भू-वैज्ञानिकों के मुताबिक भूकंप का एपिसेंटर म्यांमार के साउर्दन कोस्ट के सागाइंग के पास था।

**आपात स्थिति घोषित :** थाई प्रधानमंत्री पैतोंगटार्न शिनावात्रा ने तत्काल संकट बैठक बुलायी और राजधानी में आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी। म्यांमार में स्थिति गंभीर बनी हुई है, खासकर मांडले क्षेत्र में इमारतों के ढहने और बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचने की खबरें हैं। मांडले और यांगून के बीच की सड़कों को भी भारी नुकसान पहुंचा है, जिससे राहत प्रयासों में बाधा आ रही है। म्यांमार में आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी गई है, राहत और बचाव प्रयासों में सहायता के लिए अंतर्राष्ट्रीय अपील जारी की गई है। आपातकालीन टीमें जीवित बचे लोगों को ढूंढने तथा अपने घरों में फंसे लोगों की सहायता करने के लिए अथक प्रयास कर रही हैं।

**भारतीय ने जारी किया इमरजेंसी नंबर :** भारतीय दूतावास ने भारतीय नागरिकों की सहायता के लिए +66 618819218 नंबर जारी किया है। भूकंप का केंद्र म्यांमार में था, लेकिन थाईलैंड में भी इसका काफी प्रभाव हुआ। बैंकॉक में भारतीय दूतावास ने थाई अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर स्थिति पर नजर रखी और जानकारी दी कि अब तक किसी भारतीय नागरिक के हताहत होने की खबर नहीं है।

**तबाही के मंजर :** म्यांमार में भूकंप की वजह से एक पुल टूट गया। यह पुल देश के दूसरे सबसे बड़े शहर सागाइंग टाउनशिप में स्थित था। 2. बैंकॉक के आइकोनिक बिल्डिंग महानकोर्न को नाव की तरह डोलते हुए देखा गया। भूकंप की वजह से बैंकॉक के रूफटॉप बिल्डिंग के पूल से नीचे पानी गिरने लगा।

## दो भाइयों की ...

दोनों को डूबते देख दोस्तों ने शोर मचाया और लोगों से मदद की गुहार लगायी। शोर सुनकर स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद राज कुमार को बाहर निकाला गया और उसे बुंडू के ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुभम का शव चट्टानों के बीच फंस गया था, जिसे निकालने में ग्रामीणों को साढ़े तीन घंटे लग गये। दोनों सगे भाई थे और रांची के कोकर स्थित अयोध्यापुरी के रहने वाले संजय कुमार के पुत्र थे। संजय कुमार भी एक दैनिक अखबार में काम करते हैं। मारंगहादा थाना प्रभारी शंकर विश्वकर्मा ने बताया कि सूचना मिलने पर वे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। दोनों शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। संभवतः शनिवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिए दिये जायेंगे।

**पिता ने बाइस के जाने मना किया था :** परिजनों और मृतक दोस्तों से मिली जानकारी के अनुसार सभी लोग बाइक से जाने वाले थे, लेकिन शिवम और राज के पिता ने उन्हें बाइक से जाने से मना किया। जब वे नहीं माने तो उनके पिता ने दोस्तों के साथ जाने के लिए किराये पर एक वाहन दिला दी। सभी दोस्त एक ही गाड़ी से कोकर स्थित अयोध्यापुरी से रीमिक्स फॉल के लिए निकले। अचानक दोपहर में उन्हें मनहूस सूचना मिली कि उनके दोनों बेटों की पानी में डूबने से मौत हो गयी है। सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गये।

## सरकार ने डीए-डीआर ...

कितना होगा लाभ : अगर किसी केंद्रीय कर्मचारी की बेसिक सैलरी 50 हजार रुपये है, तो महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी से पहले 26,500 रुपये का महंगाई भत्ता था। वहीं, अब यह बढ़कर 27,500 रुपये हो जायेगा। यानी 50 हजार की बेसिक सैलरी वाले केंद्रीय कर्मचारी की सैलरी में 1000 रुपये की बढ़ोतरी हो जायेगी। केंद्र सरकार की ओर से महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी का ऐलान मार्च के आखिर में किया गया है। हाल ही में सरकार ने आठवें वेतन आयोग का गठन भी कर दिया है। नये वेतन आयोग की सिफारिशें अगले साल यानी 2026 के पहले महीने जनवरी से लागू होने की उम्मीद की जा रही है। इससे पहले, केंद्र सरकार ने सांसदों के वेतन में 24 प्रतिशत की वृद्धि की है। कैबिनेट की बैठक में केंद्र सरकार ने बिहार को कई बड़ी सौगातें दी हैं। पटना-आरा-सासाराम फोरलेन को भी मंजूरी मिल गयी है।

## कोलकाता में लेडी ...

**संजय राय को उम्रकैद की सजा मिली है :** पिछले वर्ष नौ अगस्त को अस्पताल के सेमिनार कक्ष से पीड़िता का शव बरामद हुआ था। दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या की गई थी। सियालदह कोर्ट ने मामले में एकमात्र दोषी संजय राय को आजीवन कारावास की सजा सुनायी है। इस दिन सीबीआइ ने हाई कोर्ट को बताया है कि वह अब इस बात की जांच कर रही है कि क्या मामले में कोई बड़ी साजिश थी। यह भी जांच की जा रही है कि सबूत नष्ट करने में कौन शामिल थे।

वहीं दूसरी ओर सीबीआइ ने इस दिन सियालदह कोर्ट की एक विशेष अदालत में मामले में अपनी जांच की प्रगति पर तीन पेज की स्टेटस रिपोर्ट पेश की। रिपोर्ट में कहा गया है कि तीन नये लोगों की काल डिटेल देखी जा रही है। 24 नये लोगों के बयान दर्ज किए गए हैं। अस्पताल के अन्य क्षेत्रों से सीसीटीवी फुटेज एकत्र कर उनकी जांच की जा रही है। सीबीआई ने विशेष अदालत को बताया कि वह मामले में आरोपित अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष और टाला पुलिस स्टेशन के पूर्व प्रभारी अभिजीत मंडल के खिलाफ अदालत में नए सुबूत पेश करेगी। हालांकि सुनवाई के दौरान न तो घोष और न ही मंडल अदालत में पेश हुए। न्यायाधीश ने जल्द जांच पूरी करने की मांग कर रहे पीड़िता के पिता को धैर्य रखने की सलाह दी।

स्पीड न्यूज

### गाजा में इजरायल के हमले में 40 से अधिक की मौत

**गाजा पट्टी।** मध्य गाजा के एक व्यस्त बाजार पर इजराइली सुरक्षा बलों के ताजा हमले में सात फिलिस्तीनी मारे गए। पिछले 24 घंटों में युद्धग्रस्त क्षेत्र में हमलों में 40 से अधिक लोग मारे गए। संयुक्त राष्ट्र के विश्व खाद्य कार्यक्रम ने चेतावनी दी है कि गाजा में हजारों फिलिस्तीनियों के सामने खाद्यान का संकट पैदा हो गया है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि गाजा पर इजराइल के युद्ध में अब तक कम से कम 50,208 फिलिस्तीनियों की मौत की पुष्टि हुई है और 113,910 घायल हुए हैं।

### खैबर पख्तूनख्वा में 11 आतंकी मारे गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत प्रांत खैबर पख्तूनख्वा (केपी) में सुरक्षा बलों ने पिछले 48 घंटे में 11 आतंकवादियों को ढेर कर दिया। पाकिस्तान सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के अनुसार, केपी के तीन जिलों मीर अली, मीरान शाह और डीआई खान में सुरक्षा बलों का चार जगहों पर सीधा सामना हुआ। सुरक्षा बलों ने बिना कोई नुकसान के आतंकियों को मार गिराया।

### न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ याचिका खारिज

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के राष्ट्रीय राजधानी में स्थित सरकारी आवास पर 14-15 मार्च की रात आगजनी की घटना के दौरान कथित रूप से बेहिसाब धन मिलने के मामले में उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए पुलिस को निर्देश देने की गुहार वाली याचिका पर विचार करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने यह कहते हुए याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया कि इन-हाउस जांच पूरी हो जाने बाद सभी रास्ते खुले हैं।

### बीजापुर में मिला 45 किलो का आइइडी

**बीजापुर ।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में शुक्रवार को सुरक्षाबलों ने नक्सलियों की एक बड़ी साजिश नाकाम करते हुए 45 किलो आईईडी को पूरे एहतियात के साथ डिफ्यूज कर दिया। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की सुबह सीआरपीएफ बटालियन की टीम पालनार कैंप से गश्ती के लिए निकली थी। इसी दौरान उन्हें चेरपाल-पालनार मार्ग पर कुछ संदिग्ध मिला। ये सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए बारूदी सुरंग बिछाई गई थी। 45 किलो आईईडी बरामद किया गया, जिसे सुरक्षा पूर्वक नष्ट कर दिया गया।

### वाराणसी : नवरात्र में नहीं खुलेंगी मांस की दुकानें

**वाराणसी ।** वाराणसी नगर निगम ने नवरात्रि के पावन पर्व को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। निगम के उपसभापति नरसिंह दास बाबा ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में सभी मांस और मछली की दुकानें नवरात्र के दौरान बंद रहेंगी। नगर निगम ने साफ किया है कि अगर कोई दुकानदार इस आदेश का उल्लंघन करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और मुकदमा भी दर्ज किया जा सकता है।

### मोदी डॉ हेडगेवार को कल देंगे श्रद्धांजलि

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 मार्च (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) को नागपुर के रेशमबाग स्थित स्मृति मंदिर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री कई अन्य कार्यक्रमों में भी हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने शुक्रवार को बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 30 मार्च को महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ का दौरा करेंगे। वे नागपुर जाएंगे और सुबह करीब 9 बजे स्मृति मंदिर में दर्शन करेंगे और उसके बाद दीक्षाभूमि जाएंगे।

# पटना-सासाराम के बीच बनेगा फोरलेन ग्रीनफील्ड कॉरिडोर

## केंद्रीय कैबिनेट का फैसला : 3712 करोड़ से बनेगा 120.10 किमी रोड

खबर मन्त्र संवाददाता

- पटना से सासाराम की दूरी 40 किलोमीटर कम होगी
- रांची, पटना और वाराणसी के बीच कनेक्टिविटी बढ़ेगी




**नयी दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने चार लेन के पटना-आरा-सासाराम ग्रीनफील्ड कॉरिडोर को मंजूरी दी है। हाइब्रिड वार्षिकी मोड से बनने वाले 120.10 किमी लंबे कॉरिडोर पर 3,712.40 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्र की आर्थिक मामलों (सीसीईए) की मंत्रिमंडलीय समिति ने निर्माण को शुक्रवार को मंजूरी दी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बताया कि पटना-आरा-सासाराम कॉरिडोर क्षेत्रीय आर्थिक विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे लखनऊ, पटना, रांची और वाराणसी के बीच कनेक्टिविटी में सुधार होगा। इसके बन जाने से पटना से सासाराम की दूरी 40 किमी कम हो जाएगी। यानी बिहार की राजधानी से सासाराम की दूरी 120 किमी होगी।

**दो घंटे में होगा सफर :** कॉरिडोर के बन जाने से अब पटना से सासाराम जाने में जहां पहले 4 घंटा लगता था वो सफर 2 घंटे में पूर हो जाएगा। वर्तमान में सासाराम, आरा और पटना के बीच कनेक्टिविटी मौजूदा राज्य राजमार्गों (एसएच2, 12, 81 और 102) पर निर्भर है और आरा शहर में भारी भीड़ के चलते 3-4 घंटे लगते हैं। एक ग्रीनफील्ड कॉरिडोर, मौजूदा ब्राउनफील्ड हाइवे के 10.6 किमी के उन्नयन के साथ बढ़ती भीड़ को कम करने के लिए विकसित किया जाएगा। इस हाईवे के बनने से पटना, भोजपुर, अरवल, रोहतास और सासाराम जिले के लोगों को फायेदा होगा। परियोजना को प्रमुख परिवहन गलियारों के साथ जोड़ा जाएगा, जिसमें एनएच-19, 319 922, 131 जी और 1220 शामिल हैं। इससे औरंगाबाद, कैमूर व पटना को जोड़ेंगे। परियोजना 2 हवाई अड्डों (पटना जेपी व बिहटा हवाई अड्डे), 4 प्रमुख रेलवे स्टेशनों (सासाराम, आरा, दानापुर, पटना) और अंतदेर्शीय जल टर्मिनल (पटना) को कनेक्टिविटी प्रदान करेगी और पटना रिंग रोड तक सीधी पहुंच बढ़ाएगी।

## उत्तर बिहार में कोसी से जुड़ेगी मेची नदी



**नयी दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने बिहार की कोसी और मेची नदी को जोड़ने को मंजूरी दी। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को इस अंतरराज्यीय नदी जोड़ो परियोजना को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना में शामिल किए जाने को मंजूरी प्रदान की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने इस निर्णय को मंजूरी दी। सीसीईए ने 6,282.32 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली इस परियोजना को मार्च, 2029 तक पूरा करने के लिए बिहार को 3,652.56 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता को भी मंजूरी दी है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बताया कि कोसी नदी बिहार के पूरे राज्य से बहने वाली पानी का एक प्रमुख स्रोत है और 6,282 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी देकर कोसी नदी के जल प्रवाह को मेची नदी के साथ जोड़ा जाएगा। यह परियोजना से आर्थिक रूप से लाभकारी और आपदा प्रबंधन में मददगार साबित होगी। लिंक परियोजना बिहार के अररिया, पूर्णिया, किशनगंज और कटिहार जिलों में खरीफ सीजन में 2,10,516 हेक्टेयर अतिरिक्त वार्षिक सिंचाई प्रदान करेगी। परियोजना में प्रस्तावित लिंक नहर के माध्यम से कोसी के अधिशेष पानी के लगभग 2,050 मिलियन क्यूबिक मीटर को मोड़ने/उपयोग करने की क्षमता है।

**इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण को मंजूरी :** केन्द्र सरकार ने भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण योजना को 22,919 करोड़ फंड के साथ मंजूरी दी है। सरकार का कहना है कि योजना इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण पारिस्थितिक तंत्र में बड़े निवेश को आकर्षित करके एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने में मदद करेगी।

# दुनिया भी स्वीकार रही भारत का विकास मॉडल

## देश के प्रयासों और विचारों को पहले से अधिक मिल रहा है महत्व :मोदी

एजेंसी

- जो जनता का पैसा लूटा उन्हें लौटाना पड़ा, इडी ने 22,000 करोड़ रुपये से अधिक वसूला : प्रधानमंत्री



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत के प्रयासों, नवाचारों और विचारों को आज जो महत्व मिल रहा है, वह पहले कभी नहीं था। भारत आज क्या सोचता है विषय पर शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि भारत न केवल विश्व व्यवस्था में भाग ले रहा है, बल्कि उसके भविष्य को सुरक्षित बनाने में भी योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि दुनिया भी भारत के विकास के मॉडल को स्वीकार रही है। आज भारत सिर्फ सपनों का राष्ट्र (नेशन ऑफ ड्रीम्स) नहीं है, बल्कि ऐसा राष्ट्र है, जो करके दिखाता है (नेशन दैट डेलिवर्स)। उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जैसी जांच एजेंसियों की आलोचना करने के लिए विपक्षी दलों पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि जिन्होंने जनता का पैसा लूटा है, उन्हें यह पैसा लौटाना पड़ा है। उन्होंने कहा कि ईडी को दिन-रात कोसा जा रहा है। इसने 22,000 करोड़ रुपये से अधिक की वसूली की है। यह पैसा कानूनी रूप से उन लोगों को लौटाया जा रहा है, जिनसे यह लूटा गया था। उन्होंने स्वास्थ्य बीमा, रसोई गैस सिलेंडर, शौचालय निर्माण और पाइप से पेयजल आपूर्ति जैसे अपने व्यापक कल्याणकारी कार्यक्रमों का हवाला देते हुए कहा कि देश ने उनकी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में आकांक्षा से उपलब्धि और हताशा से विकास की ओर यात्रा की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया की नजर भारत पर है। दुनिया जानना चाहती है कि भारत आज क्या सोचता है? (व्हाट इंडिया थिंक्स टुडे)। भारत आज, वर्ल्ड ऑर्डर में सिर्फ भागीदारी ही नहीं कर रहा, बल्कि भविष्य को आकार दे रहा है और सुरक्षित करने में भी योगदान दे रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि अतीत में दुनिया ने देखा है कि दूसरे विश्व युद्ध के बाद जब भी कोई वैश्विक संगठन बना, तो उसमें कुछ ही देशों का एकाधिकार रहा। उन्होंने कहा कि लेकिन भारत ने एकाधिकार नहीं, बल्कि मानवता को सर्वोपरि रखा। प्रधानमंत्री ने वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए दुनिया के देशों से एकजुट होने का आह्वान करते हुए ऊर्जा संसाधनों से जुड़े मुद्दे को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि इससे निपटने के लिए, हमने अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन की स्थापना की, यह सुनिश्चित करते हुए कि छोटे राष्ट्र भी सतत ऊर्जा से लाभान्वित हो सकें। उन्होंने कहा कि इस पहल का जलवायु परिवर्तन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और इससे ग्लोबल साउथ के देशों की जरूरतों की रक्षा करने में मदद मिलेगी।

### 10 साल में जीडीपी डबल

उन्होंने कहा कि आईएमएफ के नए आंकड़े सामने आए हैं, ये आंकड़े कहते हैं कि भारत दुनिया की एक मात्र प्रमुख अर्थव्यवस्था है, जिसने 10 वर्षों में अपने सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) को दोगुना किया है। बीते दशक में भारत ने 2 लाख करोड़ डॉलर अपनी अर्थव्यवस्था में जोड़े हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी भारत में है और ये युवा, तेजी से कौशल हासिल कर रहे हैं और नवोन्मेष को गति दे रहे है।

### अमित शाह आज आयेंगे पटना, कल गोपालगंज में रैली को करेंगे संबोधित



**पटना।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 29 मार्च को दो दिवसीय दौरे पर बिहार आ रहे हैं। अपने दौरे में वे 30 मार्च को गोपालगंज में रैली को संबोधित करेंगे। उनके दौरे को बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान से जोड़ कर देखा जा रहा है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने बताया कि दो दिवसीय बिहार दौरे के तहत गृहमंत्री 29 मार्च की रात 8 बजे पटना आएंगे। 30 मार्च को गृहमंत्री बापू सभागार में 11 बजे से आयोजित सहकारिता विभाग के कार्यक्रम में शामिल होंगे। जिसमें विभाग की ओर से पैक्स से संबंधित चलाई जा रही योजनाओं और कुछ नई योजनाओं का शुभारंभ होगा। दिन के साढ़े 12 बजे वे पटना से गोपालगंज के लिए रवाना होंगे, जहां रैली को संबोधित करेंगे। शाम में फिर वे पटना के राजकीय अतिथिशाला में आयोजित राजग की बैठक में शामिल होंगे। गोपालगंज में आयोजित रैली में अमित शाह के साथ बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अतिरिक्त राजग के अन्य वरिष्ठ नेता भी मंच साझा कर सकते हैं।


काठमांडू में शुक्रवार को एक वाहन में आग लगाते राजशाही समर्थ।

## नेपाल में राजशाही समर्थकों ने किया हिंसक प्रदर्शन

### काठमांडू के कुछ हिस्सों में लगा कर्फ्यू

**काठमांडू।** नेपाल की राजधानी काठमांडू में शुक्रवार को राजशाही समर्थकों द्वारा आगजनी और तोड़फोड़ की घटना के बाद शहर के कुछ हिस्सों में शाम 16.25 बजे से रात 22.00 बजे तक कर्फ्यू लगा दिया गया।

मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक राजशाही समर्थकों ताकतों ने निजी घरों, दुकानों, मीडिया हाउस, राजनीतिक पार्टी कार्यालयों और सरकारी संपत्ति में तोड़फोड़ और आगजनी की। प्रदर्शनकारियों ने कई इमारतों को नुकसान पहुंचाया और उनमें आग लगा दी। प्रदर्शनकारियों द्वारा पुलिस बैरिकेड तोड़ने के बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गई। प्रदर्शन के दौरान तिनकुने में हुई झड़प में कई सुरक्षाकर्मी और प्रदर्शनकारी घायल हो गये। प्रदर्शनकारियों ने सीपीएन (एकीकृत समाजवादी) के केंद्रीय कार्यालय में भी तोड़फोड़ की और उसे आग लगा दी। हिंसा की इन घटनाओं के बाद काठमांडू के जिला प्रशासन कार्यालय ने बानेश्वर-टिंकुने और आसपास के इलाकों में कर्फ्यू का आदेश जारी किया। मुख्य जिला अधिकारी ऋषिराम तिवारी ने आदेश में कहा कि कर्फ्यू आज शाम 16.25 से रात 22.00 बजे तक लागू किया गया है। आदेश में निर्दिष्ट सीमाओं के भीतर आवाजाही, सभा, रैलियां, विरोध प्रदर्शन, सभा और प्रदर्शन पर रोक लगाई गई है।

## अमेरिकी कार कंपनियां दाम बढ़ाए तो सजा मिलेगी : ट्रंप



**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी कार निर्माता कंपनियों को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर उनके आयातित कार टैरिफ के जवाब में अगर अमेरिकी कंपनियां कीमतें बढ़ाती हैं तो उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी। द वाल स्ट्रीट जनरल अखबार की खबर के अनुसार, ट्रंप ने अमेरिकी वाहन निमार्ताओं को टैरिफ के जवाब में कीमतें न बढ़ाने की चेतावनी दी है। ट्रंप ने टैरिफ की घोषणा से पहले देश की कुछ शीर्ष वाहन निर्माता कंपनियों के सीईओ को बुलाकर इस बारे में ताकीद किया कि उन्हें कीमतें नहीं बढ़ानी चाहिए। ट्रंप ने वाहन निर्माता कंपनियों के अधिकारियों से कहा कि व्हाइट हाउस इस पर पूरी नजर रखेगा। अगर किसी कंपनी ने कीमतें बढ़ाईं तो उसे सजा का सामना करना पड़ेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन की इलेक्ट्रिक वाहन नीति को समाप्त करने के लिए आभारी होना चाहिए। मैंने

### 70 वीं बीपीएससी की नहीं होगी दोबारा परीक्षा

पटना। पटना हाईकोर्ट ने 70वीं बीपीएससी सिविल प्रारंभिक परीक्षा दोबारा कराये जाने संबंधी याचिकाओं को खारिज कर दिया है। हाई कोर्ट के ताजा फैसले से राज्य सरकार और बीपीएससी को बड़ी राहत मिली है। पप्पू कुमार व अन्य की याचिकाओं पर एक्टिंग चीफ जस्टिस आशुतोष कुमार की खंडपीठ ने इस संबंध में दायर जनहित याचिका सहित सभी याचिकायों पर सुनवाई पूरी कर निर्णय सुरक्षित रखा था। अदालत ने कहा कि बीपीएससी परीक्षा लेने के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करे। एक हाई लेवल कमेटी का गठन किया जाए। 70वीं बीपीएससी के लिए 13 दिसम्बर को 912 केन्द्रों पर परीक्षा हुई थी, जिसमें चार लाख उम्मीदवार शामिल हुए थे।

## ऑक्सफोर्ड में ममता के खिलाफ लगे गो बैक के नारे

एजेंसी

- एसएफआइ के छात्र नेताओं बंगाल में चुनाव बाद हिंसा और आरजी कर मेडिकल कॉलेज से मुद्दों पर घेरा




**लंदन/कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी गुरुवार को लंदन में ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के केलॉग कॉलेज में अपने भाषण के दौरान भारी विरोध का सामना करना पड़ा। स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) के छात्र नेताओं ने गो बैक के नारे लगाए और बंगाल में चुनाव बाद हिंसा के साथ ही आरजी कर मेडिकल कॉलेज से जुड़े मुद्दों पर सवाल किए। हालांकि, मुख्यमंत्री बनर्जी ने संयम के साथ स्थिति को संभाला और शिष्टाचार बनाए रखते हुए प्रदर्शनकारियों को जवाब दिया। शुरू में, दर्शकों में मौजूद अतिथि अचानक विरोध से चौंक गए, लेकिन उन्होंने मुख्यमंत्री की प्रतिक्रिया की सराहना की। आखिर में, सीएम ममता बनर्जी ने बिना किसी रुकावट के अपना भाषण समाप्त किया। उन्हें प्रदर्शनकारियों से यह कहते हुए सुना गया कि अपनी पार्टी से कहो कि वे हमारे राज्य (पश्चिम बंगाल) में अपनी ताकत बढ़ाएँ ताकि वे हमसे लड़ सकें। जब यह घटना मुख्यमंत्री के भाषण के आसपास हुई, तो दर्शकों में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली भी मौजूद थे। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए, तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने 1990 के दशक की शुरूआत की अपनी एक पुरानी तस्वीर दिखाई, जिसमें उनके सिर पर पट्टी बंधी हुई थी और दावा किया कि यह विपक्ष में रहने के दौरान उनकी हत्या के प्रयास का सबूत है। यह हंगामा तब शुरू हुआ जब एक दर्शक ने उनसे लाखों करोड़ के विशिष्ट निवेश प्रस्तावों' के बारे में पूछा। जैसे ही सीएम ने जवाब देने की कोशिश की, दर्शकों में से एक अन्य सदस्य ने हस्तक्षेप किया। सीएम ने दर्शकों से कहा कि वे रुक जाएं, क्योंकि यह कोई प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं थी।

# ट्रेड वॉर छिड़ने की आशंका से सहमा शेयर बाजार

## सेंसेक्स 191 और निफ्टी 72 अंक लुढ़का

एजेंसी



**मुंबई ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ताबड़तोड़ टैरिफ लगाने की घोषणा से वैश्विक स्तर पर व्यापार युद्ध छिड़ने की आशंका में विश्व बाजार में आई गिरावट से स्थानीय स्तर पर आईटी, ऑटो, रियल्टी, टेक और फोकस्ड आईटी समेत 18 समूहों में हुई बिकवाली से शुक्रवार को शेयर बाजार ढेर हो गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 191.51 अंक टूटकर 77,414.92 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 72.60 अंक उतरकर 23519.35 अंक पर बंद हुआ।

दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी बिकवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.68 प्रतिशत की गिरावट लेकर 41,531.12 अंक और स्मॉलकैप 0.35 प्रतिशत फिसलकर 46,638.13 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में 4119 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2499 में बिकवाली जबकि 1497 में लिवाली हुई वहीं 123 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2976 कंपनियों के शेयरों में से 1807 में गिरावट जबकि 1099 में तेजी रही वहीं 70 में टिकाव रहा।

बीएसई में तेल एवं गैस, बैंकिंग और एफएमसीजी में 0.67 प्रतिशत तक की बढ़त को छोड़कर अन्य 18 में गिरावट का रुख रहा। इससे कमोडिटीज 0.37, सीडी 1.00, ऊर्जा 0.04, वित्तीय सेवाएं 0.02, हेल्थकेयर 0.12, इंडस्ट्रियल्स 0.36, आईटी 1.77, दूरसंचार 0.79, यूटिलिटीज 1.08, ऑटो 1.07, कैपिटल गुड्स 0.15, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.62, धातु 0.43, पावर 0.97, रियल्टी 1.44, टेक 1.39, सर्विसेज 0.79 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.87 प्रतिशत लुढ़क गए। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.21, जर्मनी का डैक्स 0.98, जापान का निक्केई 1.80, हांगकांग का हैंगसेंग 0.65 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.67 प्रतिशत कमजोर रहा।

### निवेशकों को 2.07 लाख करोड़ का हुआ नुकसान

शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 412.65 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 414.72 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को करीब 2.07 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।


VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !